राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-281
लखनऊ, शुक्रवार 31 मई, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



लखनऊ के तीन बड़े अस्पतालों की इमरजेंसी फुल 03
किसान तकनीकी रूप से आगे बढ़ें : उपराष्ट्रपति 12

# वोटबैंक की राजनीति से हुआ देश का नुकसान : मोदी

**एजेंसी, चंडीगढ़।**

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को एक चुनावी जनसभा में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी पर तीखा हमला बोला। मोदी ने कहा कि विपक्षी दलों की वोट बैंक की राजनीति के कारण देश का बहुत नुकसान हुआ है।

सातवें एवं अंतिम चरण के चुनाव प्रचार के समापन से पहले प्रधानमंत्री मोदी गुरुवार को पंजाब के होशियारपुर में चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। मोदी ने होशियारपुर से भाजपा प्रत्याशी अनिता सोम प्रकाश और आनंदपुर साहिब से पार्टी प्रत्याशी सुभाष शर्मा को भारी मतों से जिताने की अपील की।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज हर भारतीय विकसित भारत के सपने के साथ जुड़ गया है। 21वीं सदी भारत की सदी होगी। पिछले दो कार्यकाल के दौरान दमदार सरकार ने जहां सर्जिकल स्ट्राईक की वहीं भारत को आत्मनिर्भर व समृद्ध भी बनाया। उन्होंने कहा कि छह चरणों के मतदान से आ रहे रूझान में यह साफ हो चुका है कि भाजपा बहुमत हासिल कर चुकी है।



**संबोधन**

- 21वीं सदी भारत की सदी होगी
- छह चरणों के मतदान से आ रहे रूझान में यह साफ हो चुका है कि भाजपा बहुमत हासिल कर चुकी है

भाजपा के वरिष्ठ नेता मोदी ने कहा कि तीसरी बार सरकार बनते ही क्या प्रमुखता होगी। अगले 125 दिनों का क्या रोड मैप होगा। पहले 25 दिन युवाओं के लिए केंद्रित होंगे।

अगले पांच साल में सरकार कौन-कौन से बड़े फैसले लेगी। यह सब तय हो चुका है। चुनाव परिणाम से पहले भी भाजपा पांच साल का रोड मैप और 25 साल का विजन तैयार कर चुकी है। उन्होंने तीसरे कार्यकाल के दौरा पंजाब के आदमपुर हवाई अड्डे का नाम गुरु रविदास के नाम पर रखने का ऐलान करते हुए कहा कि भाजपा सरकार विरासत भी और विकास भी के मंत्र पर काम कर रही है। विपक्षी दलों के गठबंधन आईएनडीआईए पर कटाक्ष करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इंडी गठबंधन की वोट बैंक वाली राजनीति के कारण देश का नुकसान हुआ है।

कांग्रेस ने वोटबैंक के कारण राम मंदिर निर्माण का विरोध किया और अब सीएए का विरोध किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस द्वारा दिए गए संविधान बचाओ के नारे को ढोंग बताते हुए कहा कि वर्ष 1984 में हुए दंगों के दौरान सिखों के गले में टायर डालकर जब उन्हें जिंदा जलाया जा रहा था तो उस समय कांग्रेस का संविधान कहां गया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और इसके सहयोगी दल दलितों व पिछड़ों का आरक्षण छीनकर मुस्लिमों को देने का प्रयास कर रहे हैं।

पंजाब और दिल्ली की सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी को निशाने पर लेते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पंजाब में चुनाव से पहले नशा खत्म करने को लेकर कई तरह के वादे किए गए थे। पंजाब को नशे के नाम पर पूरे देश में बदनाम कर दिया गया। सत्ता में आने के बाद आप वालों ने नशे को ही अपनी मुख्य कमाई का साधन बना लिया है।

मोदी ने कहा कि आज पंजाब में ड्रग्स माफिया, खनन माफिया पूरी तरह से सक्रिय हैं। दिल्ली के शराब घोटाले को पूरी दुनिया जान चुकी है। ड्रग्स व खनन के बाद अब आप वाले दिल्ली से लेकर पंजाब तक नारी उत्पीड़न में भी नंबर-1 बनते जा रहे हैं। इनके कारनामों को पूरी दुनिया देख रही है। आम आदमी पार्टी की नीति एवं नारे सब फर्जी हैं और इनकी नियत में खोट है।

## पीएम ने काशीवासियों से मांगा आशीर्वाद, कहा- आपका एक-एक वोट मेरी शक्ति को बढ़ाएगा

**वाराणसी।** वाराणसी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक वीडियो संदेश जारी कर काशीवासियों से आशीर्वाद मांगा है। उन्होंने कहा कि एक जून को मतदान अवश्य करें। आपका एक-एक वोट मेरी शक्ति को बढ़ाएगा, नई ऊर्जा देगा। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संदेश में कहा, मुझे याद है, मेरे नामांकन वाले दिन युवा पीढ़ी बहुत उत्साहित थी। अब यही उत्साह हर बूथ पर दिखे, मेरा यही आग्रह है।

अब काशी के विकास को नई ऊंचाई देने का अवसर है, ये तभी हो पाएगा जब काशी के लोग एक जून को अधिक से अधिक मतदान करेंगे।

## कन्याकुमारी पहुंचे मोदी, अम्मन मंदिर में की पूजा-अर्चना



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के लिये प्रचार खत्म होने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को तमिलनाडु के कन्याकुमारी पहुंचे और समुद्र तट पर देवी कन्याकुमारी को समर्पित 108 शक्तिपीठों में से एक ऐतिहासिक श्री भगवती अम्मन मंदिर गए और पूजा-अर्चना की। श्री मोदी केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम से भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के हेलिकॉप्टर से यहां सरकारी गेस्ट हाउस के अंदर बनाये गये हेलीपैड पर पहुंचे। यहां पर थोड़ी देर आराम करने के बाद वह समुद्र तट पर देवी कन्याकुमारी को समर्पित 108 शक्तिपीठों में से एक ऐतिहासिक श्री भगवती अम्मन मंदिर गये और पूजा-अर्चना की। मंदिर के पुजारियों ने प्रधानमंत्री पूर्ण कुंभ सम्मान के साथ पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। भगवान की विशेष पूजा की गयी। पारंपरिक वेष्टि (धोती) और अंगवस्त्रम पहने प्रधानमंत्री ने पीठासीन देवता की पूजा करने के बाद गर्भगृह की परिक्रमा की। मंदिर प्रशासन की ओर से श्री मोदी को देवी भगवती अम्मन का चित्र भेंट किया गया। बाद में, वे एक विशेष नाव में सवार होकर विवेकानंद रॉक मेमोरियल पहुंचे, जहां वे गुरुवार शाम से एक जून तक स्मारक के अंदर ध्यान मंडपम में दिन-रात ध्यान करेंगे। श्री मोदी की ध्यान सत्र पूरा करने के बाद मेमोरियल के पास तमिल संत तिरुवल्लुवर की प्रसिद्ध प्रतिमा देखने जाने की संभावना है।

# डूंगरपुर मामले में आजम को दस साल की सजा

**शिकंजा**

- कोर्ट ने दूसरे दोषी को सात साल की सजा और छह लाख रुपये जुर्माना लगाया

**समृद्धि न्यूज, रामपुर।**

चर्चित डूंगरपुर मामले में एमपी एमएलए कोर्ट ने आजम खान को गुनहगार माना है। कोर्ट ने आजम खान को 10 साल की सजा और 14 लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। साथ ही दूसरे दोषी को सात साल की सजा और छह लाख रुपये जुर्माना लगाया है। एमपी एमएलए कोर्ट ने पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान को बीते बुधवार दोषी करार दिया था और फैसला सुरक्षित कर लिया था।

पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खां को डूंगरपुर प्रकरण में आज एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट (सेशन ट्रायल) के न्यायाधीश डा विजय कुमार ने दोषी ठहराया है। साथ ही सजा पर गुरुवार को फैसला सुनाया गया। आजम खां सीतापुर जेल में बंद हैं। जेल से ही वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से उनकी पेशी हुई। गौरतलब है कि तत्कालीन



सपा सरकार में साल 2016 में डूंगरपुर बस्ती में रह रहे लोगों के मकान तोड़कर सरकारी आसरा कॉलोनी बनाई गई थी। वर्ष 2019 में 12 लोगों ने थाना गंज कोतवाली में अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप था कि तत्कालीन सपा सरकार में आजम खां के इशारे पर पुलिस और सपाइयों ने उनके घरों को जबरन खाली कराया था। उनका सामान लूट लिया और मकानों को ध्वस्त कर दिया था। इन मुकदमों में आजम खां का नाम विवेचना के दौरान पुलिस द्वारा शामिल किया गया था। आजम खान के साथ बरकत ठेकेदार को भी दोषी माना गया है। डूंगरपुर मामले में 12 मुकदमें दर्ज किए गए थे। इनमें दो केस में आज़म खान बरी हो चुके हैं, जबकि एक अन्य मामले में पहले सजा दी गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### तीन लेफ्टिनेंट कर्नल समेत 16 सैन्यकर्मियों पर मुकदमा दर्ज

**कुपवाड़ा।** सीमावर्ती कुपवाड़ा जिले में सोमवार रात एक पुलिस स्टेशन पर हमला करने के आरोप में पुलिस ने तीन लेफ्टिनेंट कर्नल समेत 16 सैन्यकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। इन पर एक पुलिसकर्मी का अपहरण करने और राइफल की बट, लात और डंडों से अन्य पुलिसकर्मियों की पिटाई करके घायल करने का आरोप है। सैन्यकर्मियों पर हत्या के प्रयास, दंगा, अपहरण और डकैती के अलावा आईपीसी की अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार सेना के जवान रात करीब 11.40 बजे पुलिस स्टेशन में अनधिकृत रूप से घुस आए। इस हमले में पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए। एफआईआर में 160 प्रादेशिक सेना के लेफ्टिनेंट कर्नल अंकित सूद, राजू चौहान और निखिल के नाम शामिल हैं।

### न्यायिक हिरासत में जेल भेजे गए आलमगीर

**रांची।** 14 दिनों का रिमांड अवधि खत्म होने के बाद मंत्री आलमगीर आलम को गुरुवार को ईडी ने एमपीएलए की विशेष कोर्ट में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में सीधे जेल भेज दिया गया है। आलमगीर आलम को गिरफ्तार करने के बाद प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने पहले 6 दिनों का रिमांड लिया, छह दिनों की रिमांड पर पूछताछ करने के बाद फिर 5 दिनों का रिमांड अवधि लिया था। 11 दिनों का रिमांड अवधि पूरी होने के बाद ईडी की टीम ने एक बार फिर 3 दिनों की रिमांड ली थी। आज यानी गुरुवार को 3 दिनों की भी रिमांड अवधि समाप्त हो चुकी थी। ऐसे में अब 14 दिनों की रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद ईडी की टीम ने उन्हें न्यायिक हिरासत समय जेल भेजने की बात कही।

### गृहमंत्री शाह ने बाबा विश्वनाथ के दरबार में लगाई हाजिरी, मांगा जीत का आशीर्वाद

**वाराणसी।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को



काशीपुराधिपति बाबा विश्वनाथ के दरबार में अपनी पत्नी सोनल साह के साथ हाजिरी लगाई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चुनाव प्रचार में आए गृहमंत्री ने प्रचार के अंतिम दिन मंदिर के गर्भगृह में प्रधान अर्चक पं. श्रीकांत मिश्र की देखरेख में वैदिक मंत्रोंच्चार के बीच बाबा का विधिवत अभिषेक किया। दर्शन पूजन के बाद गृहमंत्री ने बाबा से प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा गठबंधन की प्रचंड जीत और केन्द्र में तीसरी बार नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने की कामना की।

# रामभक्त और रामद्रोही के बीच सिमटा पूरा चुनाव : योगी

**एजेंसी, कुल्लू।**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को लोकसभा चुनाव में भाजपा की उम्मीदवार कंगना रनौत के लिए जनता से समर्थन मांगा और कांग्रेस पर तीखे प्रहार किए। उन्होंने कहा कि जो कांग्रेस केंद्र में सरकार बनाने की बात कर रही है, वो देश में चार सौ सीटों पर चुनाव भी नहीं लड़ रही है।

मुख्यमंत्री योगी कुल्लू के रथ मैदान पर एक चुनाव सभा को संबोधित कर रहे थे। योगी ने कहा कि हिमाचल की लड़की कंगना में विरोधियों से जूझने के लिए महारानी लक्ष्मीबाई का वीरांगना भाव भी है। कंगना ने कांग्रेस और उद्धव ठाकरे को सड़कों पर



**प्रहार**

- जनता जनार्दन आज एक ही बात कह रही है, जो राम को लाएं हैं उन्हीं को लाएंगे

लाकर पानी पिलाने के लिए मजबूर कर दिया था। तब पूछते थे ये लड़की कौन है। योगी ने कहा कि आज कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक पूरे देश में एक ही नारा गूंज रहा है और वो है फिर एक बार मोदी सरकार, अब की बार चार सौ पार।

योगी ने कहा कि आज पूरा चुनाव रामभक्त और राम द्रोहियों के बीच में सिमट कर रह गया है। जनता जनार्दन आज एक ही बात कह रही है, जो राम को लाएं हैं उन्हीं को लाएंगे।

## राममंदिर बनने से कांग्रेस में शोक की लहर : सीएम

**हमीरपुर (हिमाचल प्रदेश)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण से कांग्रेस में शोक की लहर व्याप्त हो गयी है। बिझड़ी में हमीरपुर लोकसभा सीट के लिए पार्टी प्रत्याशी अनुराग ठाकुर और बड़सर विधानसभा के लिए हो रहे उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी इंद्रदत्त लखनपाल के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि आज 500 साल का इंतजार समाप्त हुआ है। अयोध्या में रामलला विराजमान हुए हैं। जब पूरी दुनिया प्रफुल्लित थी, हर सनातनधर्मी अभिभूत था तब कांग्रेस में शोक की लहर थी। कांग्रेस ने अयोध्या का आमंत्रण ठुकरा दिया था। आज भी उनके बुद्धिदाता कहते हैं कि अयोध्या में राममंदिर का निर्माण नहीं होना चाहिए था, इनके सहयोगी राममंदिर को बेकार बताते हैं। उन्होंने कहा कि दरअसल, कांग्रेस के अंदर औरंगजेब की आत्मा घुस गई है। कांग्रेस का घोषणापत्र मुस्लिम लीग का दस्तावेज है। ये देश में शरिया कानून थोपना चाहते हैं और तालिबानी व्यवस्था लागू करना चाहते हैं। अगर ऐसा हुआ तो बेटियां स्कूल नहीं जा पाएंगी और महिलाओं को बुर्का पहनकर घरों में कैद रहना पड़ेगा।

# 3डी रॉकेट अग्निबाण का सफल परीक्षण

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

भारत के निजी अंतरिक्ष उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण मील के पत्थर के रूप में अग्निकुल कॉसमॉस ने अपने मिशन को सफलतापूर्वक लॉन्च किया। चार असफ प्रयासों के बाद परीक्षण उड़ान बिना किसी लाइव स्ट्रीमिंग के इसरो के सतीश धवन केंद्र के अंदर स्थित श्रीहरिकोटा लॉन्च पैड पर सफलता पूर्वक लॉन्च किया गया। लगभग दो मिनट तक चलने वाला यह मिशन स्वदेशी अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के विकास में कंपनी और देश के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। इसरो ने लॉन्च को एक बड़ा मील का पत्थर बताते हुए चेन्नई स्थित अंतरिक्ष स्टार्ट-अप को बधाई दी।

इस उपलब्धि के बाद भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसके लिए





**उपलब्धि**

- इसरो ने लॉन्च को एक बड़ा मील का पत्थर बताया

बधाई दी है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि एक उल्लेखनीय उपलब्धि जिस पर पूरे देश को गर्व होगा। दुनिया के पहले सिंगल-पीस 3डी प्रिंटेड सेमी-क्रायोजेनिक इंजन द्वारा संचालित अग्निबाण रॉकेट का सफल प्रक्षेपण भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है और हमारी युवा शक्ति की उल्लेखनीय प्रतिभा का प्रमाण है। अग्निकुल कॉसमॉस टीम को मेरी शुभकामनाएँ। 22 मार्च के बाद से अग्निकुल की तरफ से अग्निबाण सब-ऑर्बिटल टेक्नोलॉजी डिमॉन्स्ट्रेटर लॉन्च करने की ये पांचवीं कोशिश थी। कंपनी के अनुसार, अग्निबाण एक कस्टामाइजेबल, दो स्टेज वाल लॉन्च वेहकिल है जो 300 किलोग्राम तक का पेलोड लगभग 700 किमी के ऑर्बेट में ले जा सकता है। सब-ऑर्बिटल टेक्नोलॉजी डिमॉन्स्ट्रेटर मिशन एक सिंगल स्टेज लॉन्च व्हीकल है जो क्रायोजेनिक इंजन, एग्निलेट द्वारा संचालित होगा।

## ईडी ने केजरीवाल की जमानत का किया विरोध





**एजेंसी, नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की शराब नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जमानत याचिका का विरोध किया और कहा कि उनका स्वास्थ्य आप प्रमुख को लोकसभा चुनावों के लिए कड़ी मेहनत करने से नहीं रोक पाया। केजरीवाल ने शराब नीति मामले में अंतरिम और नियमित जमानत की मांग करते हुए जमानत याचिका दायर की थी, जिसमें उन्हें 21 मार्च को ईडी ने गिरफ्तार किया था। राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई के दौरान, अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि केजरीवाल, जो वर्तमान में पंजाब में प्रचार कर रहे हैं, के आचरण के कारण उन्हें किसी भी तरह की जमानत का हकदार नहीं माना जा सकता।

## खाई में गिरी बस, 21 की मौत, 30 घायल

**दु:खद**

- उत्तर प्रदेश पंजीकरण संख्या वाली बस शिव खोरी तीर्थस्थल की ओर जा रही थी

**एजेंसी, जम्मू।**

जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में शिव खोरी दर्शन के लिए तीर्थयात्रियों को लेकर जा रही एक बस गुरुवार को शहर के बाहरी इलाके अखनूर में कालीधार के पास गहरी खाई में गिर गयी, जिससे 21 लोगों की मौत हो गयी और 30 अन्य घायल हो गये।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि उत्तर प्रदेश पंजीकरण संख्या वाली एक बस आज अपराह्न जम्मू से शिव खोरी तीर्थस्थल की ओर जा रही थी। यह जम्मू-पुंछ राष्ट्रीय राजमार्ग पर चौकी चौरा-



कालीधार के पास अखनूर इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। उन्होंने बताया कि चालक मोड़ पर वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और बस खाई में लुढ़क गयी। सूचना मिलते ही पुलिस, स्थानीय लोग और स्वास्थ्य विभाग की टीम तुरंत हरकत में आयी और मौके पर पहुंचकर बचाव अभियान शुरू कर दिया। सूत्रों ने बताया कि शुरुआती जानकारी के अनुसार, 21 लोगों की मौत हो गयी है और 30 लोग घायल हुए हैं। घायलों को अखनूर, चौकी चौरा और जम्मू जीएमसी अस्पतालों में भेजा जा गया है।

## पीएम ने अग्निवीर योजना के जरिए जवानों को मजदूर बना दिया : राहुल



**एजेंसी, भद्रक।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी ने अग्निवीर योजना के जरिए जवानों को मजदूर बना दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हाल ही में ओडिशा के लोगों का अपमान किया, जब उसके एक नेता ने कहा कि भगवान जगन्नाथ मोदी के भक्त हैं। भद्रक लोकसभा सीट के सिमुलिया में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने संविधान और लोकतंत्र को बचाने का संकल्प लिया। राहुल गांधी ने घोषणा की कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर खाद्यान्न पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को कानूनी जामा पहनाया जाएगा, कृषि ऋण को माफकिया जाएगा और अग्निवीर योजना को खत्म कर दिया जाएगा।

## एक जून को दिल्ली में इंडिया गठबंधन की अहम बैठक में अखिलेश होंगे शामिल

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण यानी 1 जून को दिल्ली में इंडिया गठबंधन की एक अहम बैठक होने जा रही है। इस बैठक में समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव शामिल होंगे। इंडिया गठबंधन के सभी नेता मिलकर आगे की रणनीति तैयार करेंगे। माना जा रहा है कि बैठक में ममता बनर्जी और केसीआर को मनाने की जिम्मेदारी अखिलेश यादव अपने हाथ में लेंगे। बता दें कि लोकसभा चुनाव के नतीजों से पहले इंडिया गठबंधन की अहम बैठक होगी। गठबंधन को पूरा भरोसा है कि इस बार वह केंद्र में सरकार बनाने की स्थिति में होंगे। उन्हें तृणमूल कांग्रेस



और बीआरएस का साथ मिलने की भी पूरी उम्मीद है। इंडिया के रणनीतिकारों का मानना है कि यूपी में गठबंधन को उनकी उम्मीद से अधिक मतदाताओं का समर्थन मिला है। उनका दावा है कि गठबंधन 35 से ज्यादा सीटें जीतेगा। इंडिया गठबंधन ने यह बैठक दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के दो जून को जेल जाने से पहले बुलाई है।

## राहुल ने अपने ही नाना, दादी व पिता की सरकारों को बताया पिछड़ा और गरीब विरोधी : राजनाथ

**समृद्धि न्यूज, कुशीनगर।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर अपनी ही दादी पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और पिता राजीव गांधी की सरकारों को पिछड़ा-विरोधीकरार देने का आरोप लगाते हुए कहा कि कोई भी समझदार व्यक्ति ऐसी कांग्रेस को ठोकर मार देगा। रक्षा मंत्री ने आयोजित एक चुनावी रैली में इंडिया के घटक दलों- कांग्रेस व सपा पर निशाना साधा। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के उस बयान का हवाला दिया जिसमें उन्होंने कहा था कि हमारे परिवार में कई प्रधानमंत्री रहे- पिता के नाना (जवाहर लाल नेहरू), दादी (इंदिरा गांधी) और पिताजी (राजीव गांधी), इसलिए मैंने 'सिस्टमश् को बहुत नजदीक से देखा है। रक्षा मंत्री ने कहा कि ऐसा कहकर उन्होंने बहुत कुछ स्वीकार कर लिया है।

# पाकिस्तान अपनी भूल स्वीकार कर रहा है : विदेश मंत्रालय

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकरण में अब पाकिस्तान भी सच्चाई पर आधारित रवैया अपना रहा है। नवाज ने कहा था कि उनके देश ने लाहौर घोषणा पत्र का उल्लंघन किया था।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि इस संबंध में भारत की स्थिति पहले से ही स्पष्ट है। अब पड़ोसी देश से भी यथार्थ पर आधारित रवैया सामने आ रहा है। उल्लेखनीय है कि नवाज शरीफ ने हाल ही में कहा था कि स्वर्गीय प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्विपक्षीय संबंधों को सामान्य बनाने के लिए लाहौर गए थे तथा उस दौरान दोनों देशों के बीच घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर हुए थे। नवाज ने कहा कि कारगिल में सैन्य अभियान के गलत फैसले के कारण पाकिस्तान ने लाहौर घोषणा पत्र का उल्लंघन किया। पाकिस्तान अधिकृत क्षेत्र में चीन की ओर से किए जा रहे निर्माण कार्यों के संबंध में प्रवक्ता ने भारत के इस पुराने रुख को दोहराया कि यह पूरा क्षेत्र भारत का अभिन्न अंग है तथा इसमें किसी अन्य देश द्वारा चलाई जा रही गतिविधियां हमारी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन है। इसी कारण हम चीन पाकिस्तान आर्थिक गलियारा परियोजना का विरोध करते हैं।

## संतकबीरनगर में खेत में मिला खजाना



**संतकबीरनगर, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के संतकबीरनगर जिले में खेत में जुताई के दौरान किसानों को सिक्कों से भरा घड़ा मिलने से सनसनी फैल गयी। अधिकृत सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि एक किसान को खेत की जुताई करने के दौरान खजाना मिलने की जानकारी पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। खेत में प्राचीन दुर्लभ सिक्कों से भरा घड़ा मिला, जिसे देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ लग गई। सिक्के मिलने के क्षेत्र में चारो तरफ चर्चा हुई, उसके बाद में यह जानकारी तहसील प्रशासन को हुई। प्रशासन ने सिक्कों को अपने कब्जे में ले लिया। तहसील प्रशासन पुरातत्व विभाग को इस सिक्के को सौंपेगा। अनुमान है कि मिले सिक्के मुगलकालीन हैं।

**आदेश**

**लोक सभा चुनाव : एक जून को होगा मतदान**

# थम गया आखिरी चरण के प्रचार का चुनावी शोर

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के मतदान के लिए गुरुवार को चुनाव प्रचार समाप्त हो गया। इसी के साथ पिछले दो महीने से चली आ रही प्रचार से जुड़ी राजनीतिक गतिविधियां भी ठहर गई हैं। सातवें चरण के लिए 1 जून को मतदान होगा और चार जून को नतीजे आयेंगे। सातवें चरण में 8 राज्यों से 904 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। सांतवें चरण में आठ राज्यों की 57 लोकसभा सीटों, ओडिशा की 42 विधानसभा सीटों पर चुनाव होगा। इसके अलावा हिमाचल प्रदेश की छह सीटों पर उपचुनाव होगा। इस चरण में पंजाब और हिमाचल प्रदेश की सभी लोकसभा सीटों पर मतदान होगा। इस चरण में बिहार की 8 सीटों (नालन्दा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, सासाराम, काराकाट, जहानाबाद) पर 134, चंडीगढ़ की 1 सीट पर 19, हिमाचल प्रदेश की 4 सीटों (कांगड़ा, मंडी, हमीरपुर, शिमला) पर 37, झारखंड की 3 सीटों (राजमहल, दुमका, गोड्डा) पर 52, ओडिशा की 6 सीटों (मयूरभंज, बालासोर, भद्रक, जाजपुर, केंद्रपाड़ा, जगतसिंहपुर) पर 66, पंजाब की 13 सीटों (गुरदासपुर, अमृतसर, खडूर साहिब, जालंधर, होशियारपुर, आनंदपुर साहिब, लुधियाना, फतेहगढ़ साहिब, फरीदकोट, फिरोजपुर, बठिंडा, संगरूर, पटियाला) पर 328, उत्तर प्रदेश की 13 सीटों (महाराजगंज, गोरखपुर, कुशी नगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, ग़ाज़ीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्ज़ापुर, रॉबर्ट्सगंज) पर 144 और पश्चिम बंगाल की 9 सीटों (दमदम, बारासात, बशीरहाट, जयनगर, मथुरापुर, डायमंड हार्बर, जादवपुर, कोलकाता दक्षिण, कोलकाता उत्तर) पर 124 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इस चरण में वाराणसी से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चुनाव मैदान में हैं। उनके खिलाफ कांग्रेस ने अजय राय को चुनाव मैदान में उतारा है। प्रधानमंत्री तीसरी बार इस सीट के चुनाव लड़ रहे हैं। इसके अलावा गोरखपुर सीट से अभिनेता रवि किशन के खिलाफ समाजवादी पार्टी ने काजल निषाद को मैदान में उतारा है। हिमाचल की मंडी सीट से फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत चुनाव मैदान में हैं और उनके खिलाफ पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के बेटे विक्रमादित्य कांग्रेस उम्मीदवार हैं। हमीरपुर सीट से केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, पश्चिम बंगाल की डायमंड हार्बर सीट से ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी, पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी जालंधर और हरसिमरत कौर बादल भटिंडा से चुनाव लड़ रही हैं।

**महापर्व**

- ओडिशा की 42 विधानसभा सीटों पर भी होगा मतदान
- हिप्र की छह विधानसभा सीटों पर उपचुनाव भी होगा

# वृक्षों के कटान मानव जीवन पर पड़ेंगे भारी

**बिजुआ लखीमपुर खीरी। समृद्धि न्यूज**

वृक्षों के अंधाधुंध कटान से मानव जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। पारा 44 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। आग उगलती जमीन और सर पर सूर्यदेव की तपिश से बचने के लिए पेड़ों की छाया ढूंढी जा रही है, लेकिन यही आलम रहा तो छाया दूर दूर तक नसीब नहीं होगी। हरे-भरे वृक्ष वन माफियाओं की जकड़न में हैं। पेड़ मरते जा रहे हैं और प्रशासन इस विनाश को होते देख रहा है। वह दिन दूर नहीं जब ब्लाक बिजुआ क्षेत्र समेत पूरे लखीमपुर में दूर तक पेड़ नहीं दिखेंगे। होंगी तो बस कंक्रीट कंस्ट्रक्शन और तपती सड़कें और खुला आसमान। विभाग की मिलीभगत से तमाम बाग उजड़ते जा रहे है। हजारों बीघा बाग पर वन माफियाओं ने कब्जा जमा लिया है।

क्षेत्र में हर साल सैकड़ों बीघा हरे-भरे आम के बाग, सड़क किनारे लगे पेड़-पौधे और वन विभाग के जंगल को उजाड़ा जा रहा है। जबकि, हर साल लगाए जाने वाले पौधे देखरेख के अभाव में सूख जाते हैं। शहर कस्बों के इर्द-गिर्द हरे-भरे पेड़ों को काटकर प्लाटिंग कर दी गई है। जिस कारण पर्यावरण में जहर घुलता जा रहा है। ऐसे में जहां प्राणवायु यानी ऑक्सीजन की कमी होने लगी है, वहीं मौसम का चक्र भी पूरी तरह बिगड़ गया है। वायुमंडल में कार्बनडाइ ऑक्साइड की मात्रा बढ़ रही है। सांस लेना भी दुभर होता जा रहा है। बिगड़ते वायुमंडल के चलते सांस, संक्रमण जैसी गंभीर बीमारियां पैदा हो रही हैं। ऐसे में हम सभी को वृक्षों को सहेजने की तरफ बढ़ना होगा। इससे प्राणवायु का स्तर सुधारेगा और पर्यावरण भी बचाया जा सके। पेड़ों की लगातार कटाई होने की वजह से दिन प्रतिदिन वन क्षेत्र घटता जा रहा है। यह पर्यावरण की दृष्टि से बेहद चिंतनीय है। जीवन के लिए घातक है। विभिगीय अधिकरियों की मिलीभगत से पेड़ों को काटाकर वृक्षों के संरक्षण के लिए बने नियम और कानूनों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। इससे प्राकृतिक संरचना बिगड़ रही है। जो स्वास्थ्य के लिए बेहद नुकसानदायक साबित हो रहा है।



**अवैध खनन भी बना रहा पर्यावरण का दुश्मन!** क्षेत्र में पेड़ों का कटान ही नहीं बल्कि अवैध खनन भी पर्यावरण का दुश्मन बन रहा है। माफिया धरती मां की कोख को खोखला कर रहे हैं। जिसका सीधा असर वातावरण पर पड़ रहा है। शासन-प्रशासन अपने कर्तव्यों को अनदेखी कर इतिश्री करने में लगा है।

**कागजों तक सिमट रही पर्यावरण जागरूकता** प्रशासन और वन विभाग की ओर से पर्यावरण प्रदूषण को रोकने के लिए जागरूकता अभियान व अन्य कार्यक्रम चलाए जाते हैं। लेकिन, अधिकांश कार्यक्रम केवल कागजों तक ही सिमट कर रह जाते हैं। जागरूकता जमीन पर नहीं उतर पाती। यही कारण है कि पेड़ों का कटान रोकना तो दूर पौधरोपण भी खास मौकों पर किया जाता है।

## फेफड़ों को ऑक्सीजन नहीं मिलने से फैल रहीं बीमारी

पीएचसी पडरिया तुला के डॉक्टर कुलदीप सिंह बताते हैं कि जीवन के लिए ऑक्सीजन बहुत जरूरी है। यदि ऑक्सीजन नहीं होगी, तो जीवन ही समाप्त हो जाएगा। इसलिए ऑक्सीजन को बचाने के लिए वृक्षों को बचाना जरूरी है। इंसान जो सांस छोड़ता है, वह कार्बनडाई ऑक्साइड होती है। वृक्ष वायुमंडल में फैली इसी कार्बनडाई ऑक्साइड को ग्रहण करते हैं और इसके बदले ऑक्सीजन छोड़ते हैं लेकिन, वर्तमान में जिस तेजी से वृक्षों का दोहन किया जा रहा है, यह मानव जीवन के लिए संकट के द्वार उत्पन्न कर रहा है। कभी बाढ़, बेमौसम बरसात, मृदा कटान आदि ऐसी तमाम आपदाएं हैं, जो लगातार लोगों की मुश्किलें बढ़ा रही है। पेड़ों के कटान के चलते वायुमंडल में ऑक्सीजन की 40 फीसद तक की गिरावट आ चुकी है।

## हर साल लगते हैं करोड़ों के पौधे, देखरेख पर ध्यान नहीं!

बरसाती मौसम में हर वर्ष करोड़ों रुपये की लागत से पौधरोपण किया जाता है। वन जंगल, सड़क, हाईवे और नदी किनारे कई क्षेत्रों में पौधरोपण किया जाता है। नेतागण, प्रशासनिक अफसर और वन विभाग के अधिकारी वृक्षारोपण के दौरान फोटो खिंचवाने तक सीमित रहते हैं, लेकिन इन पौधों की देखरेख की जिम्मेदारी के नाम पर वन विभाग व ब्लाक के अधिकारी आंखें बंद कर बैठ जाते हैं। सभी पेड़ देखरेख के अभाव में सूख जाते हैं। जबकि पौधों की देखरेख के लिए भी लाखों का वजट वन विभाग व ब्लाक को मिलता है। जिसकी वजह से हर साल लगने वाले पौधे चंद दिनों में घुट घुट कर मर जाते हैं।

# डीसीएम ने ऑटो में मारी टक्कर, कई घायल

**उचौलिया खीरी। समृद्धि न्यूज**

बृहस्पतिवार की दोपहर लगभग 1:30 बजे उचौलिया में रोड के किनारे साइड लगाकर दूध उतार रही डीसीएम के ऑटो ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिससे ऑटो में सवार कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस के द्वारा घायलों को जिला अस्पताल शाहजहांपुर भेजा। हाईवे पर होने वाले हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे है। आए दिन किसी न किसी नेशनल हाईवे पर लापरवाही के चलते हादसे होते हैं और हादसों में कई लोगों की जान भी चली जाती है। बलवंत सिंह पुत्र प्रीतम सिंह निवासी मोहल्ला रेती नई बस्ती जिला शाहजहांपुर दोपहर लगभग 1:00 शाहजहांपुर से ऑटो में सवारी भरकर उचौलिया ओर आ रहा था। उचौलिया पहुंचते ही ऑटो के ड्राइवर ने रोड के किनारे खड़ी डीसीएम नंबर यूपी 77 टी6556 में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ऑटो के परखच्चे उड़ गए और अंदर बैठी सवारियां भी घायल हो गई। घायलों में सुनील पुत्र रामचंद्र निवासी गांव बढ़ैया थाना उचौलिया ऑटो ड्राइवर बलवंत पुत्र प्रीतम सिंह निवासी शाहजहांपुर, सीमा पत्नी फूल सिंह निवासी बरनैया, सीतावती पत्नी देशराज निवासी बरनैया शामिल है? मामूली रूप से घायल हुए लोग प्राथमिक उपचार के बाद अपने घर चले गए।

**ऑटो ड्राइवर की आंख लगने के कारण हुआ हादसा**

## डग्गामार वाहनों से आए दिन होते हादसों पर जिम्मेदार मौन



ग्रामीण क्षेत्रों में एक सैकड़ा से ज्यादा यात्री वाहन (ऑटो थ्री व्हीलर मैजिक) कंडम और ओवरलोड होकर दौड़ रहे हैं। वर्षों से यहां न तो वाहनों की चेकिंग की गई और न ही किसी भी प्रकार की कार्रवाई। डग्गामार वाहन क्षमता से अधिक सवारियां बिठाकर वाहन चला रहे हैं। जिससे उचौलिया से शाहजहांपुर, और शाहजहांपुर से मोहम्मदी रोड पर आए दिन हादसे होते हैं। इस ओर न तो जिला प्रशासन सख्ती दिखा रहा है और न परिवहन विभाग की कार्रवाई देखने को मिलती है।

## कृषि विज्ञान केंद्र पर प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** कृषि विज्ञान केंद्र हैदरगढ़ के प्रभारी डॉक्टर अश्वनी सिंह की उपस्थिति में आज धान की सीधी बुवाई का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें सैकड़ो किसानों ने हिस्सा लिया। श्री सिंह ने कहा कि धान की सीधी बुवाई करने से परंपरागत रोपाई की अपेक्षा श्रम एवं लागत दोनों कम लगती है इस विधि में हमें मजदूरों की आवश्यकता नहीं पड़ती पानी का भराव नहीं करना पड़ता है और इस विधि से धान की बुवाई करने से हमारा पर्यावरण भी सुरक्षित रहता है और पानी की बचत भी होती है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रगतिशील किसान बृजेश त्रिपाठी धीरेंद्र शुक्ला मनमोहन सिंह अवधेश शुक्ला सदाशिव तिवारी नागेश्वर मौर्य सहित सैकड़ो किसान उपस्थित रहे।

## तस्करी में लिप्त व्यक्ति को छह माह का कारावास

**बाराबंकी।** चिन्हित अभियोग की प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरुप न्यायालय द्वारा मादक पदार्थ तस्करी की घटना से सम्बन्धित एक अभियुक्त को 06 माह का कारावास व पांच हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। ऑपरेशन कन्वेक्शन के तहत पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन मे थाना सुबेहा पर मादक पदार्थ तस्करी की घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत मु0अ0सं0 229/2019 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त नथई पुत्र स्व0 रामबरन निवासी ग्राम कैथी थाना सुबेहा जनपद बाराबंकी को उपरोक्त धाराओं में माननीय न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, न्यायालय संख्या-10 द्वारा दोषसिद्ध करते हुए 06 माह का कारावास व 5,000/- रू0 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# प्रसूता के पेट में कपड़ा रखकर भूल गए डॉक्टर

- दर्द बढ़ने पर ऑपरेशन कर डॉक्टर ने निकाला कपड़ा
- गोला के जलालपुर निवासी रियाजुद्दीन ने आशा बहु के कहने पर अपनी बीवी की करवाई थी डिलीवरी

**लखीमपुर खीरी। समृद्धि न्यूज**

गोला गोकर्णनाथ में एक प्राइवेट हॉस्पिटल के डॉक्टर की लापरवाही का एक मामला 6 माह बाद उजागर हुआ है। पीड़ित ने अस्पताल के डॉक्टर और स्टाफ की लापरवाही की शिकायत मुख्य चिकित्सा अधिकारी को लिखित तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पीड़ित रियाजुद्दीन पुत्र सहरूद्दीन अंसारी निवासी ग्राम अल्लागंज पोस्ट जलालपुर थाना गोला गोकर्णनाथ ने बताया कि वह अपनी पत्नी रेशमा बानो को क्षेत्रीय आशा बहू के कहने पर गोला में सिनेमा रोड स्थित न्यू केयर हॉस्पिटल में प्रसव के लिए ले गया था। अस्पताल के डॉक्टर ने बड़ा ऑपरेशन कर डिलीवरी करवा दी थी।

पीड़ित का आरोप है कि डॉक्टर ने ऑपरेशन के दौरान उसकी पत्नी के पेट में बैंडेज पैक छोड़ दिया जिससे कुछ समय बाद पत्नी के पेट में दर्द शुरू हो गया।

उपचार के लिए पीड़ित अपनी पत्नी को जिला अस्पताल लाया। चिकित्सकों की सलाह पर अल्ट्रासाउंड करवाने के बाद पता चला कि रेशमा का जब बड़ा ऑपरेशन न्यू केयर हॉस्पिटल में किया गया था उस वक्त चिकित्सकों व हॉस्पिटल स्टाफ की लापरवाही के कारण ऑपरेशन के बाद बैंडेज पैक रेशमा के पेट में ही रह गया था जिस कारण उसे समस्या उत्पन्न होने लगी। पति का आरोप है की न्यू केयर हॉस्पिटल के डॉक्टर व स्टाफ की लापरवाही के कारण उसे अपनी पत्नी का दोबारा ऑपरेशन करवाना पड़ा जिससे पीड़ित बहुत प्रताड़ित हुआ है। मामले से संबंधित पीड़ित ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को लिखित शिकायती पत्र देकर कार्यवाही करने की मांग की है।

**वर्जन** मामले से संबंधित मुख्य चिकित्सा अधिकारी संतोष गुप्ता ने बताया कि किसी प्राइवेट अस्पताल में प्रसूता के ऑपरेशन के दौरान बैंडेज रख देने के मामले से संबंधित जानकारी मीडिया ग्रुप से प्राप्त हुई है। तहरीर अभी तक नहीं मिली है। प्राप्त होते ही जांच कर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## पत्रकारिता दिवस पर पत्रकारों ने लगाया भव्य भण्डारा

**जैदपुर, बाराबंकी।** तपती धूप व भीषण गर्मी को देखते हुए हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर नगर पंचायत जैदपुर के सामने क्षेत्रीय पत्रकारो द्वारा भव्य भंडारा का आयोजन किया।जिसका शुभारंभ क़स्बा इंचार्ज अनिल कुमार पाण्डेय व पुलिस के जवान अरविंद यादव की मौजूदगी मे आम जनता को फल शर्बत ठंडा पेय जल वितरण कर किया गया।बाराबंकी जिले के जैदपुर नगर पंचायत स्थित सिनेमा हाल के पास हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार वसीम खान के नेतृत्व में भीषण गर्मी को देखते हुए कैम्प लगाकर तरबूज खीरा,फल,नींबू का शरबत के साथ ठंडे पानी की व्यवस्था की गई।जो सुबह से देर शाम तक राहगीर,लेबर,रिक्शा चालक,मजदूरो सहित आम जनता के लिये प्यास बुझाने का एक जरिया बना रहा।इस मौके पर क़स्बा इंचार्ज अनिल कुमार पाण्डेय ने पत्रकारो को बधाई देते हुए कहा कि पत्रकार समाज का आइना होता है।और आज इस अवसर पर जो कैम्प लगाकर लोगो को प्यास से राहत पहुंचाने व मजदूर सहित राहगीरो को फल आदि का वितरण किया गया है।

# जरूरत के समय पानी नहीं अमृत सरोवर में उड़ रही धूल



**मितौली खीरी। समृद्धि न्यूज**

जल संरक्षण के लिए यूं तो योजनाएं हजारों बनाई जाती हैं लेकिन उचित संरक्षण न मिल पाने से योजनाएं अधूरी रह जाती हैं। विकासखंड मितौली में 91 ग्राम पंचायत हैं जिनमें से मनरेगा के तहत 23 अमृत सरोवरों का निर्माण कराया गया है । लेकिन भीषण गर्मी लू के चलते अधिकांश तालाबों में धूल उड़ती दिखाई दे रही है। सरकार ने लाखों रुपए खर्च कर अमृत सरोवर तो बना दिए गए साथ ही इन तालाबों को विशेष दर्जा भी दिया गया। अभी कुछ समय पहले इन तालाबों को एक महोत्सव के रूप में भी मनाया गया जिसका नाम अमृत महोत्सव के नाम से रखा गया था लेकिन ज्यादातर तालाबो में पानी न होने की वजह से पशु पक्षियों को पानी पीने के लिए भटकना पड़ रहा है । शासन स्तर से इन तालाबों में पानी भरने के लिए कोई धनराशि मुहैया नहीं कराई जा रही एक तरफ जल संरक्षण की भी समस्या है क्योंकि अगर भूजल निकाल कर तालाब में भर दिया जाए तो एक तरफ से जल का दोहन होगा दूसरी तरफ तालाबों का पेट भी कैसे भरा जाए यह एक समस्या मुंह बाए खड़ी हुई है।

**वर्जन**-राजकुमार सिंह एपीओ मनरेगा विकासखंड मितौली लखीमपुर खीरी ने बताया कि तालाबो में पानी भरवाने के लिए शासन से कोई धन राशि मुहैया नहीं कराई जाती है सचिव ,प्रधान अगर चाहे तो अपने निजी पैसे से सामाजिक हित में पानी भरवा सकता है।

## दादा मिया के उर्स में मुशायरे के साथ अदा हुई ईशा की नमाज

**जैदपुर, बाराबंकी।** कस्बे के मोहल्ला बडापूरा मे दादा मियां के उर्स के मौके पर आल इंडिया मुशायरे का आयोजन बुधवार को बाद नमाजे इशा किया गया। जिसकी सदारत पूर्व चेयरमैन जियाउर्रहमान अंसारी ने की। वही निजामत नदीम फर्रूख ने किया। मुशायरा देर रात तक चलता रहा। और दादो तारीफ की बौछार होती रही। जानकारी के अनुसार हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हज़रत इब्राहीम शाह दादा मियां के उर्स के मौके पर लगने वाले मेले में बुधवार को नमाजे इशा के बाद एक आल इंडिया मुशायरे का आगाज तिलावते कलामे से किया गया।जिसकी निजामत मशहूर मारूफ नदीम फर्रुख साहब ने किया।सदारत कस्बे के पूर्व चेयरमैन जियाउर्रहमान अंसारी ने किया।जिसमे मशहूर मारूफ शोआरा मैसर अफरीदी मुंबई,मोहन मुंतजिर, वाहिद अंसारी, रुखसार बलरामपुरी सहित तमाम शोआराओ ने अपना अपना कलाम पेश किया और लोग दादो तारीफ की बौछार करते रहे। मुशायरा कामयाब तरीन साबित हुआ। जहां देर रात तक कस्बे सहित आसपास क्षेत्र के भारी संख्या में लोग झूमते नजर आये।

# कहर के साथ ममतामई मां की तरह पेट भी पालती शारदा नदी

**बिजुआ खीरी। समृद्धि न्यूज**

शारदा नदी केवल बाढ़ और कटान का कहर ही नहीं बरपाती बल्कि समय आने पर एक ममतामई मां की तरह लोगों का पेट भी पालती है। क्षेत्र के हजारों परिवारों को मुफलिसी और खाना बदोशी की जिंदगी बसर करने को मजबूर करने वाली शारदा नदी शांत होने पर मां की भूमिका भी निभाती है।

न दिनों शारदा नदी के पेटे में लगाए गए पालेज से न जाने कितने परिवार पल और बढ़ रहे हैं।

पिछले कई वर्षों से शारदा नदी क्षेत्र में तबाही मचाती आ रही है उसकी बाढ़ में न जाने कितने लोगों को तबाह कर दिया। हजारों परिवारों को अपनी जमीन और घर खोकर खानाबदोशी की जिंदगी जीने पर मजबूर होना पड़ा। वही शारदा आज हजारों परिवारों की रोजी-रोटी का सहारा बनी है। इसीलिए शारदा को शारदा माता का दर्जा दिया जाता है। मेहनत और लगन से किसानों ने बालू के रेत को इन दिनों हरे सोने की खदानों में बदल दिया है। इन दिनों यहां से निकल रही सब्जियों से बाजार गुलजार हो रहे हैं। शारदा इन दिनों हजारों लोगों की आजीविका का मुख्य साधन बन उनकी तकदीर बदल रही है। शारदा भले ही उग्र होने पर तबाही मचाती हो पर शांत अवस्था में हजारों लोगों का पेट भी पालती है।



इसी के सहारे आज हजारों परिवार पल रहे हैं। शारदा के पेटे में इन दिनों जगह-जगह लोग खीरा, ककड़ी, तरबूज, खरबूजा, कद्दू, तोरई, लौकी आदि की खेती कर अपने बच्चों का पेट पाल रहे हैं। शारदा नदी के तटवर्ती लोग पानी कम हो जाने पर तलहटी में लतावर्गीय फसलों की बुवाई करते है। फसल तैयार होने पर उसे बेचकर अपने परिवार के लिए रोजी-रोटी की व्यवस्था करते हैं। इन दिनों शारदा नदी में सैकड़ों एकड़ एरिया में लोगों ने पालेज लगाई है। ऐसा एक बार नहीं बल्कि हर साल होता है। विकराल रूप धारण करने वाली शारदा समय आने पर न जाने कितने लोगों को रोटी देती है। इसलिए शारदा को मां का दर्जा दिया जाता है।

- फसल तैयार होने पर उसे बेचकर अपने परिवार के लिए रोजी-रोटी की करते हैं व्यवस्था

# पत्रकार से अभद्रता पर प्रधान पति ने मांगी माफी

- दर्जनों पत्रकारों के साथ चौकी में दोनों पक्षों में हुआ सुलह समझौता

**बिजुआ खीरी। समृद्धि न्यूज**

लखीमपुर खीरी के बिजुआ क्षेत्र अंतर्गत 25 मई को अवैध खनन की वीडियो बनाने पर क्षेत्रीय पत्रकार अंतिम सिंह और उनके साथियों के साथ भैठियां गांव के प्रधान पति विकास सोनी अपने साथियों के साथ पत्रकार पर साइकिल चोरी के फर्जी आरोप में मुकदमा दर्ज करवा देने की धमकी देते हुए अभद्रता कर डाली थी जिसकी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई थी। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही पत्रकारों में आक्रोश व्याप्त हो गया था। अगले ही दिन 26 मई को दर्जनों पत्रकारों ने गोला कोतवाली में तहरीर देकर प्रधान पति और उसके साथियों पर मुकदमा दर्ज करवाने की मांग की थी। करवाई होते देख प्रधान पति अपने साथी के साथ पत्रकार से क्षमा याचना कर दर्जनों पत्रकारों के साथ चौकी मूड़ा सवरान में सुलह समझौता करने का आग्रह किया जिसके बाद दर्जनों पत्रकारों के साथ चौकी में दोनों पक्षों का सुलह समझौता हो गया और प्रधान पति की तरफ से भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति न करने का आश्वासन दिया गया। इस मौके पर मूड़ा सवारान पुलिस समेत दर्जनों पत्रकार और अन्य लोग मौजूद रहे।




# तीन घरों को चोरों ने बनाया निशाना, लाखों का सामान चुराया

**हैदरगढ़,बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत मानपुर गांव में दो सगे भाइयों सहित 3 घरो में हुई चोरी में बदमाश नगदी,जेवर, गैस सिलेंडर सहित लाखों रुपए कीमत की संपत्ति चुरा ले गए।

यही नहीं विरोध करने पर 80 वर्षीय वृद्धा की जमकर पिटाई भी कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव निवासी हरिराम यादव व हरिश्चंद्र यादव घरों में ताला लगाकर अपने परिवार सहित दिल्ली में रहकर रोजी-रोटी कमाते हैं। जबकि उनकी 80 वर्षीय मां अपने घर मे अकेले रहती है। अन्य रातों की तरह बीती रात 80 वर्षीय वृद्धा अनारकली पत्नी बालकराम अपने घर के मेंन दरवाजे में ताला लगाकर घर के बाहर चारपाई पर मच्छरदानी लगाकर सोई हुई थी। रात्रि किसी समय आए बदमाश अगल बगल स्थित सगे भाइयों के बंद पड़े घर के ताले तोड़कर अंदर घुसे और फिर घरों में इत्मिनान से चोरी की घटना को अंजाम दिया। जब बदमाशों ने वृद्धा के घर धावा बोला तो दरवाजे पर सो रही वृद्धा जाग गई। जिस पर बदमाशों ने बुरी तरह पिटाई करके चुप रहने की हिदायत दी। बदमाशों द्वारा की गई पिटाई से डरी सहमी वृद्धा चारपाई पर पड़ी रही सुबह लगभग साढ़े 5 बजे दिल्ली में रहने वाले हरिराम यादव जब अपने मृतक पिता का श्राद्ध करने के उद्देश्य से परिवार सहित दिल्ली से घर पहुंचे तो ग्रामीणों को चोरी की जानकारी हो सकी। जिसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस छानबीन करके लौट आई। पीड़ितों के मुताबिक चोरी की इस घटना में बदमाश घर में रखा गैस सिलेंडर, 18,000 रुपये की नगदी सोनू पुत्र हरिराम के यादव के शादी में मिले जेवर के अलावा शादी में मिला दहेज का सामान चुरा ले गये।



इस संबंध में जब कोतवाली प्रभारी अजय प्रकाश त्रिपाठी से बात की गई तो उन्होंने चोरी की घटना को संदिग्ध बताते हुए कहा कि परिजनों को बुलाया गया है।

## गर्मी से बाइक में लगी आग, जलकर हुई राख

**गौरीफंटा खीरी।** भीषण गर्मी के प्रकोप के चलते गौरीफंटा थाना क्षेत्र के बनगवां मंडी मोड़ के समीप बाइक में अचानक भीषण आग लग गई। बाइक पूरी तरह जलकर राख हो गई। बाइक गौरी फंटा व्यापारी मथुरा प्रसाद पुत्र कुणाल गुप्ता नामक युवक की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार कुणाल गुप्ता की दुकान बनवा मंडी में है जो की सुबह आकर अपनी बाइक खड़ी कर दुकानदारी में लगा हुआ था तभी आने जाने वाले राहगीरों ने देखा कि अचानक बाइक में भीषण आग लग गई। आग लगने से राहगीरों में अफरा तफरी मच गई। मौके पर बनगवां के व्यापारियों ने आग बुझाई। मोटरसाइकिल की आग जब तक बुझती तब तक बाइक पूरी तरह से जलकर राख हो चुकी थी।

## नगदी से भरे बैग को लूटकर भाग गए उचक्के

**मोहम्मदी खीरी।** दिन दहाड़े दो बाइक सवारो ने बैंक से निकालकर ले आ रहे 160000 रुपये का झोला छीनकर फरार हो गए। पुलिस ने इस सम्बंध एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हरिहरपुर पो0 बिजौली सहसपुर निवासी सर्वजीत पुत्र गनपति इंडियन बैंक से 160000 रुपये निकालकर पैदल दिन के 1:40बजे आ रहा था कि गुरुद्वारा के दक्षिण गेट के पास दो व्यक्ति टीवी एस रेडियन बिना नम्बर मोटर साइकिल से आये और नोटो से भरा बैग छीनकर गोला तरफ भाग गए। पुलिस ने इस सम्बंध में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया और पूछ तांछ चल रही है।

# दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है पत्रकारिता का महत्वः वीके सिंह

**सिरौलीगौसपुर,बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

बदलते परिवेश में केवल शहरी पत्रकारिता से काम नहीं चलेगा क्योंकि ग्रामीण पत्रकारिता का महत्व दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है अब पत्रकार एंव पत्रकारिता दोनो हाईटेक हो चुकी है। यह बात तहसील प्रेस क्लब सिरौलीगौसपुर अध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव द्वारा कस्बा बदोसराय में आयोजित पत्रकारिता दिवस समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि के रूप मे सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी वी के सिंह ने कही।

उन्होने कहा कि जंहा एक तरफ पत्रकारिता का स्तर गिरा हुआ देखा जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ यू ट्यूब चैनलों आदि से हमारी पत्रकारिता बडे पैमाने पर हाईटेक हुई है। इसी क्रम में पत्रकार सुशील सीतापुरी ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पत्रकारों को निष्पक्ष रूप से दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ तथ्य परक समाचारों का संकलन करना चाहिए पत्रकार अपनी जान जोखिम में डाल करके समाचार संकलन करता है परंतु उसकी एवज में उन्हें कुछ भी नहीं मिलता है सरकार को चाहिए कि ग्रामीण आंचल के पत्रकारों को भी शहरी दौड़ के पत्रकारों की तरह सभी सुविधाएं मुहैया कराए। बाराबंकी से आए वरिष्ठ पत्रकार गोल्डेन सिंह ने कहा कि पत्रकारों को तथ्य परक समाचारों का संकलन करना चाहिए जिससे पत्रकारिता जगत की छवि धूमिल न हो इसी प्रकार से जिले के पत्रकार संतोष कुमार ने कहा कि पत्रकारों को संविधान का चौथा स्तंभ कलम का सिपाही जैसी तमाम अलंकारिक भाषाओं से नवाजा जाता है परंतु आए दिन उन्हें सरकारी तंत्र की उपेक्षा का शिकार होना पड़ता है इसका मुख्य कारण है पीत पत्रकारिता जिससे दूर रहें और निष्पक्ष रूप से पत्रकारिता को स्थान दें। इस दौरान सेवानिवृत अध्यापकों पत्रकारो समाजसेवियों को अंग वस्त्र के साथ पारिजात प्रतिमा देकर माल्यार्पण करके उनका सम्मान किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि ने दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विवेकानंद एडवोकेट तथा संचालन संतोष कुमार ने किया इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार चंद्र प्रकाश चौरसिया श्याम मनोरथ रावत लक्ष्मण सिंह प्रदीप सोनी नौमीलाल दिनेश कुमार महादेव प्रसाद सैनी तुलसीराम वर्मा के अतिरिक्त जिले से आए अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे ।



# परिवार परामर्श केंद्र से तीन दम्पति हुए एक साथ

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

महिला थाना/परिवार परामर्श केन्द्र के अथक प्रयास से पारिवारिक/वैचारिक मतभेद भुलाकर 03 दम्पति एक साथ हंसी-खुशी रहने हेतु राजी हुए। महिला थाना/महिला परामर्श केन्द्र द्वारा पारिवारिक/वैचारिक मतभेदों से उत्पन्न विवादों सम्बन्धी प्राप्त 05 प्रार्थना पत्रों में दोनों पक्षों को बुलाकर उनकी समस्याओं को सुनकर उनकी काउंसलिंग की जा रही है।

जिसके परिणामस्वरूप गुरूवार को हेल्प डेस्क व शिकायत प्रकोष्ठ से प्राप्त 05 प्रकरण में दोनों दम्पतियों को बुलाकर सुना गया जिसमें 03 प्रकरण में दम्पति द्वारा वैचारिक मतभेदों को भुलाकर आपसी सहमति से एक साथ हंसी-खुशी रहने हेतु राजी हुए। महिला थाना प्रभारी/काउंसलरों द्वारा दम्पति को पुरानी बातों को भुलाकर अग्रिम जीवन की नये तरीके से शुरूआत करने की शुभकामनाएं देते हुए समझाया गया कि दोनों परस्पर सार्थक संवाद को बढ़ावा देते हुए एक दूसरे का भावनात्मक स्वास्थ्य का ध्यान रखेंगे। महिला थाना प्रभारी/काउंसलरों द्वारा समझौते के पुनरावलोक हेतु दम्पति को 15 दिवस बाद पुनः बुलाया गया है, जिससे समझौता दम्पति के लिए उपयुक्त एवं प्रभावी रहे।



# लखनऊ के तीन बड़े अस्पतालों की इमरजेंसी फुल

▸ जिले के अस्पतालों में हीट वेव की चपेट में आने वाले मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

राजधानी लखनऊ में गर्मी के कारण बड़ी संख्या में डायरिया, डिहाइड्रेशन की समस्या लोगों में हो रही है। शरीर में पानी की कमी, तेज बुखार, चक्कर आना जैसी शिकायतें भी मरीजों में आ रही है। जिले के अस्पतालों में हीट वेव की चपेट में आने वाले मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है।

बलरामपुर वीरांगना अवंतीबाई महिला चिकित्सालय की ओपीडी में महिलाओं का हंगामा भी देखने को मिला। महिलाओं का कहना है कि लोग सुबह से लाइन में लगे हैं। अंदर अल्ट्रासाउंड की पर्ची 200-400 लेकर ब्लैक में दी जा रही है। गुरुवार



को लखनऊ के 3 बड़े सरकारी अस्पताल, लोकबंधु अस्पताल, डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल अस्पताल और बलरामपुर अस्पताल की पड़ताल की तो कई चौंकाने वाली तस्वीरें सामने आई। सबसे पहले सुबह 8 बजे हम लोकबंधु अस्पताल पहुंचे। यहां की ओपीडी में सुबह 8 बजे से मरीजों की भीड़ रही। इनमें सबसे ज्यादा गर्मी और लू की चपेट में आने वाले मरीज हैं। इन्हें उल्टी, दस्त के अलावा बुखार, बदन दर्द के भी लक्षण हैं। साथ ही कई मरीज रूटीन इलाज के चलते अस्पतालों का रुख कर रहे हैं। झुलसने वाली धूप से बचने के मकसद से सुबह से ही मरीज अस्पतालों का रुख कर रहे हैं।

अस्पताल की इमरजेंसी लगभग फुल हो गई है। चेकअप के बाद डायरिया जैसे लक्षण के कई मरीजों को इंजेक्शन लगाया जा रहा है। लेकिन बड़ी संख्या में लोग इमरजेंसी के बाहर स्ट्रेचर पर भी हैं। हालांकि अस्पताल के वार्ड में अभी भर्ती मरीजों के लिए रिजर्व बेड फुल नही हैं। ईएमओ के मुताबिक हीट स्ट्रोक जैसे लक्षण, ब्लड प्रेशर, सिरदर्द, चक्कर वाले मरीज अधिक पहुंच रहे हैं। इमरजेंसी में कुछ देर इलाज के बाद मरीजों को वार्ड में शिफ्ट किया जा रहा है।

अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजीव दीक्षित ने बताया कि गर्मी के कारण मरीजों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ हैं। अभी हालत नियंत्रण से बाहर नहीं है। सिर्फ सतर्कता बरतने की जरूरत है। पिछले 24 घंटे में भीषण गर्मी की चपेट में आने के बाद बेहाल होकर गंभीर हालत में 68 मरीज अस्पताल पहुंचे थे। इन्हें तत्काल भर्ती किया गया। हीट वेव और हीट स्ट्रोक के पेशेंट के लिए अलग से वॉर्ड बनाया गया है। कोल्ड रूम भी तैयार है। ऐसे मरीजों के इलाज के लिए कोल्ड स्पनजिंग की भी व्यवस्था है। डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल अस्पताल के सीएमएस के डॉ. राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि गर्मी की चपेट में आने के बाद बड़ी संख्या में मरीज सिविल अस्पताल पहुंच रहे हैं।

## भीषण गर्मी से युवक की मौत, काम से लौटते समय सड़क पर गिरा

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में भीषण गर्मी एक और मौत हो गई। गुरुवार को काम से लौटते समय एक युवक इंदिरा नगर के अबरार नगर में सड़क पर गिर पड़ा। थोड़ी देर के बाद उसकी मौत हो गई। युवक अबरार नगर का रहने वाला है। सूचना के बाद घर वाले मौके पर पहुंचे। शव को घर लाया गया। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है। मौसम वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने बताया कि अगले 4-5 दिनों के दौरान प्रदेश में बंगाल की खाड़ी से आने वाली पुरवा हवाएं चलेंगी। इससे बादलों की आवाजाही के साथ कहीं-कहीं संभावित बारिश के कारण तापमान कम होने का अनुमान है। इसके चलते पिछले कई दिनों से जारी भीषण लू की परिस्थितयों में 30 मई से सुधार होगा और 1 जून से लू से राहत मिलेगी।

## इंजीनियरिंग कालेज एवं तकनीकी कालेज बन्द करने की मांग

प्रमोद तिवारी सांसद उप नेता, राज्य सभा एवं आराधना मिश्रा मोना, नेता, कांग्रेस विधान मण्डल दल, उ.प्र. ने मुख्यमन्त्री, उत्तर प्रदेश को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि तमाम स्कूल, कालेज, विशेष रूप से इंजीनियरिंग कालेज और तकनीकी कालेज इस भीषण गर्मी में भी सत्र पूरा न कर पाने के कारण उन्हें अनवरत रूप से चलाया जा रहा है। ऐसी स्थिति में उनमें अध्ययनरत छात्र एवं छात्राओं को शिक्षण संस्थानों में आना पड़ता है, भयंकर गर्मी के कारण छात्र एवं छात्रायें हॉट स्ट्रोक (लू) का शिकार हो रहे हैं। नेता द्वय ने भीषण पड़ रही गर्मी को देखते हुये मुख्यमन्त्री से अनुरोध किया है कि ए. के. टी. यू. द्वारा संचालित इंजीनियरिंग कालेज एवं तकनीकी कालेजों आदि को आज की तिथि से 01 जुलाई, 2024 तक के लिये बन्द कर दिया जाय, जिससे छात्र एवं छात्राओं को इस भीषण गर्मी से बचाया जा सके।

# मानव संपदा पोर्टल पर 21 हजार अधिकारियों का विवरण नहीं

▸ विभागाध्यक्षों को विवरण अपलोड करने के निर्देश

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

अधिकारियों के सेवा संबंधी विवरणों के ऑनलाइन रखरखाव और मेरिट आधारित ट्रांसफर के लिए मानव संपदा पोर्टल विकसित किया गया है। इसके जरिये गोपनीय प्रविष्टियां भी भेजी जाती हैं जबकि 21 हजार से अधिक अधिकारियों के विवरण इस पोर्टल पर उपलब्ध नहीं है।

वर्ष 2023-24 के लिए समूह (क) व (ख) के अधिकारियों की गोपनीय प्रविष्टियों को ऑनलाइन दाखिल करने में दिक्कत आ रही है। इसे दूर करने के लिए सभी अधिकारियों के कामकाज की रिपोर्ट 31 मई तक दाखिल करने के निर्देश दिए गए हैं। इस श्रेणी में 59,198 अधिकारी हैं जबकि पोर्टल पर 37,405 अधिकारियों का विवरण अपलोड किया गया है। इसमें कई गलतियां हैं। शासन ने गलतियों को दूर करने के साथ शेष 21 हजार से अधिक अधिकारियों के विवरण अपलोड करने के निर्देश दिए हैं।

अपर मुख्य सचिवों, प्रमुख सचिवों, सचिवों और विभागाध्यक्षों से कहा है कि कार्मिक विभाग की समीक्षा में पाया गया कि अधिकारियों की सही संख्या पोर्टल पर पंजीकृत नहीं है। रिटायर्ड व मृत अधिकारियों का विवरण भी पोर्टल में दिख रहा है। कई विभागों ने समूह (ग) के कर्मचारियों का विवरण भी अपलोड कर दिया है। संविदा कर्मचारियों का पंजीकरण भी कर दिया गया है, जो गलत है। कुछ विभागों ने स्वायत्तशासी अधिकारियों को भी शामिल कर उनका विवरण अपलोड कर दिया है।

## खबरें एक नजर में

### तीन दिनों से मिल रहे संदिग्ध शव, पुलिस परेशान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** नाका थाना अंतर्गत आने वाले चारबाग क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से रहस्यमयी व संदिग्ध परिस्थितियों में शवों के मिलने का सिलसिला जारी है। थाना नाका क्षेत्र के मेट्रो स्टेशन बस स्टेशन स्टेशन पर पिछले तीन दिनों से लगातार अज्ञात शव मिल रहे हैं। अज्ञात शवों के मिलना किसी बड़े रहस्य की ओर इशारा कर रहा है जिसका खुलासा करने में अभी तक नाका पुलिस विफल रही है। मामले का खुलासा कयने के बजाय नाका पुलिस शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर रही है। ज्ञात हो कि नाका का चारबाग क्षेत्र राजधानी का व्यस्ततम श्रेत्र है। यहां प्रतिदिन दो से ढाई लाख लोग आते-जाते है। इसमें दुर्गापुरी मेट्रो पुलिस चौकी, नत्था तिराहा व रविन्द्रालय स्थित पुलिस चौकियां है। इन्हीं तीन पुलिस चौकियों में तीन दिनों से लगातार शवों के मिलने का रहस्यमयी सिलसिला जारी है। बताते चले कि बीती अट्ठाइस मई को मेट्रो स्टेशन की ग्रीनरी में एक शव मिला जिसकी आयु लगभग 30 वर्ष के आसपास थी। इस पर चोट व खरोच के निशान थे। वहीं 29 मई को मेट्रो स्टेशन के नीचे तथा 30 मई को चारबाग बस अड्डे पर एक शव मिला जो नाका पुलिस को खुली चुनौती दे रहा है। इन तीनों शवो में केवल एक की ही शिनाख्त हो पायी है बाकी दो शव अभी अज्ञात है। पुलिस मुखबिरों व सीसीटीवी के आधार पर खोजबीन में जुटी है। आशंका है कि शवो को किसी दूसरे स्थान से लाकर इस श्रेत्र में फेंक दिया गया है। आसपास के दुकानदारों में दहशत का माहौल है। वे नाका थाना पुलिस की सक्रियता पर सवाल भी उठा रहे हैं।

### गोवंश की तस्करी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश में गोवध कानून के तहत कई अपराधों में वांछित 25 वर्षीय आरोपी को महाराष्ट्र के ठाणे जिले से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। स्थानीय अपराध शाखा के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक दिलीप पाटिल ने बताया कि उत्तर प्रदेश पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी समीर तुफैल कुरेशी ठाणे के मुंब्रा इलाके में छिपा हुआ है और उन्होंने यहां अपने समकक्षों से मदद मांगी। आरोपी पर 50,000 रुपये का इनाम है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, लखनऊ से विशेष कार्य बल (एसटीएफ) की टीम आरोपी की तलाश में ठाणे आई। उन्होंने कहा, स्थानीय अपराध शाखा के अधिकारियों की मदद से उन्होंने आरोपी को मुंब्रा के शिमला पार्क इलाके की एक दुकान में खोजा और मंगलवार को उसे गिरफ्तार कर लिया। अधिकारी ने बताया कि आरोपी को उत्तर प्रदेश ले जाया गया। अधिकारी ने बताया कि आरोपी पर गोवध कानून और शस्त्र अधिनियम के तहत आठ मामले दर्ज हैं। यूपी एसटीएफको मिली बड़ी सफलता, गोवंश की तस्करी करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार, एसटीएफने 50 हजार रुपए के इनामी को किया गिरफ्तार, आरोपी समीर को महाराष्ट्र के ठाणे से किया गिरफ्तार, एसटीएफकी दबिश के दौरान समीर के साथी हुए फरार, आरोपी समीर के खिलाफकई आपराधिक मामले दर्ज।

### होटल हयात में एफएसडीए का छापा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के हायत होटल में एफएसडीए की टीम ने सैंपल की जांच करने पहुंची। एफएसडीए की टीम ने होटल के रेस्टोरेंट में बन रहे खाने और सील बंद खाने के सभी प्रोडेक्ट की जांच की। इसके बाद खाने के तीन सैंपल लिए। जिसमें दही, चटनी और पनीर शामिल हैं। बीती रात बुधवार को गोमती नगर के रहने वाले व्यापारी जोगिंदर ने शिकायत की परिवार के साथ खाना खाने गए। खाना खाने से उनके परिवार की तबीयत खराब हो गई। इसके बाद एफएसडीए में शिकायत की है। एफएसडीए अधिकारी ने बताया कि हयात होटल में बुधवार को एक व्यापारी परिवार के साथ खाना खाने गए थे। खाना खाने के बाद उनकी तबीयत खराब हो गई थी। जिसकी शिकायत के बाद गुरुवार को एफएसडीए की एक टीम हयात होटल पहुंची। एफएसडीए की टीम ने पनीर, चटनी और दही तीन सैंपल भरे गए हैं। जिसकी रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों ने बरामद की अवैध शराब, नकदी

### 50764.54 लाख की शराब, ड्रग व नकदी जब्त

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सीईओ नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों ने 01 मार्च से 29 मई तक 50764.54 लाख र की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त की। इसमें 9183.06 लाख रुपये नकद, 5692.75 लाख की शराब, 24048.28 लाख की ड्रग, 2909.16 लाख की धातुएं, 6107.36 लाख के मुफ्त उपहार एवं 2823.94 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 29 मई को 257.77 लाख की शराब, ड्रग व नकदी जब्त की गई। इसमें 128.66 लाख नकद, 24.09 लाख की 9219.48 लीटर शराब, 9.17 लाख की 20081.55 ग्राम ड्रग, 78.74 लाख की 1004.66 ग्राम बहुमूल्य धातु, 17.04 लाख के 4067 मुफ्त उपहार एवं 0.08 लाख की 05 अन्य सामग्री जब्त की।29 मई को प्रमुख जब्ती में लखनऊ की लखनऊ सेन्ट्रल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 96.93 लाख रुपये नकदी, लखनऊ की लखनऊ पूर्व विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 24.06 लाख नकदी एवं 78.74 लाख की 1004.66 ग्राम बहुमूल्य धातुएं पकड़ी गयी।

## यूपी मदरसा बोर्ड का रिजल्ट जारी, 88.50 फीसदी छात्रों ने पास की परीक्षा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** यूपी मदरसा बोर्ड का रिजल्ट वेबसाइट पर जारी हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में 114723 मदरसा छात्रों ने परीक्षा में भाग लिया था। इनमें से 101602 छात्र-छात्राओं ने मदरसा बोर्ड की परीक्षा पास की है। जारी नतीजों में छात्राओं ने छात्रों के मुकाबले अच्छा प्रदर्शन किया है। नतीजों में 90. 3 फीसदी छात्राएं पास हुई हैं, जबकि 86.7 फीसदी छात्र परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं। आंकड़ों के अनुसार 88.50 फीसदी छात्र-छात्राएं इस बार के नतीजों में पास हुए हैं। मदरसा बोर्ड के चेयरमैन डॉ इफ्तिखार अहमद जावेद ने छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी हैं।

## सहकारिता मंत्री सहकारिता रत्न से सम्मानित



लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में सहकारिता आन्दोलन को जन-जन तक पहुंचाने, कमजोर जिला सहकारी बैंकों को पुनर्जीवित करने तथा मात्र एक माह में 30 लाख कृषकों को पैक्स का सदस्य बनवाने में सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर के योगदान को देखते हुए एनसीयूआई आडिटोरियम नई दिल्ली में इफको चेयरमैन दिलीप भाई संघाणी और प्रबंध निदेशक डॉ उदय शंकर अवस्थी ने प्रशस्ति पत्र, चांदी का ताम्र स्मृति चिन्ह भेंट किया और ग्यारह लाख रुपए का चेक पुरस्कार राशि के रुप में देकर सम्मानित किया।

# अम्बेडकर के मिशन को पूरा कर रहे पीएम मोदी : कौशल

▸ पीएम राष्ट्र के प्रति जीवन समर्पित करने वाला आज तक न हुआ न आगे होगा

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

डॉ भीमराव अम्बेडकर के मिशन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरा कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर ने कहा कि कांग्रेस और विरोधी पार्टियो ने षड्यंत्र रचकर लोगों को भड़काकर डा. अंबेडकर को हराने का कार्य कर अपमानित किया था। वही आज फिर से मोदी को हराने का प्रयास कर रहे हैं जबकि मोदी डा. आबेडकर के



मिशन को पूरा करने का कार्य कर रहे हैं इसीलिए जनमानस मोदी के साथ है। कौशल किशोर ने कहा कि मोदी ने ध्यान के लिए विवेकानंद रॉक कन्या कुमारी स्थान को इसलिए चुना गया है क्योंकि माना जाता है कि स्वामी विवेकानंद को यहीं दिव्य दर्शन प्राप्त हुए थे। पीएम ने ध्यान के लिए जिस चट्टान को चुना, उसका विवेकानंद के जीवन पर बहुत प्रभाव पड़ा था और यह भिक्षु के जीवन में गौतम बुद्ध के लिए सारनाथ के समान ही महत्व रखता है। यहीं विवेकानंद देश भर में घूमने के बाद पहुंचे थे और तीन दिनों तक ध्यान करने के बाद उन्होंने विकसित भारत का सपना देखा था। मोदी भी विकसित भारत बनाने के लिए ऐसी पवित्र जगह ध्यान करेंगे, ऐसा पीएम राष्ट्र के प्रति जीवन समर्पित करने वाला आज तक न हुआ न आगे होगा। कौशल किशोर ने कहा, रामचरित्र मानस के चौपाई में लिखा हैं। प्रबिसि नगर कीजे सब काजा, हृदय राख कौशलपुर राजा।

# जैन श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर का समापन



लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

गोमती नगर जैन मन्दिर में श्री दिगम्बर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर के तत्वाधान में आयोजित गुरु उपकार श्रावक संस्कार शिविर जो की 10 दिन से चल रहा था,आज गुरुवार को सम्पन्न हो गया।

पंडित अनुज जैन शास्त्री एवं पंडित अरिहंत शास्त्री के द्वारा जैन धर्म के ग्रंथ छः ढाला का ज्ञान कराया गया और उसकी परीक्षा भी ली गई,जिसमे बढ़ों में प्रथम स्थान रज्जो जैन, द्वितीय गजेन्द्र, तृतीय मनीषा ने प्राप्त किया। बच्चों में प्रथम वैभवी, द्वितीय आरोही, तृतीय अंश जैन ने प्राप्त किया। सभी परीक्षा देने वालों को इनाम भी दी गई,यह शिविर आचार्य 108 मुनि श्री सुधासागर जी के आशीर्वाद से एवं श्रीमती अल्पना जी के प्रयास से इस शिविर का आयोजन हुआ एवं प्रत्येक वर्ष इसको करने का समाज ने सहमति प्रदान की। सांगानेर से आए हुए दोनों पंडितों का समाज द्वारा सम्मान किया गया। पंडित अनुज शास्त्री ने बताया कि यह जीव निगोद पर्याय से लेकर नरक, तिर्यंच, मनुष्य, देव गति में भ्रमण करते हुए फिर निगोद में पहुंच जाता है, इससे छुटकारा पाने या मोक्ष जाने के लिए धर्म और त्याग का रास्ता अपनाना पड़ेगा तभी हम इस जीवन चक्र से छुटकारा पा सकते हैं। आज के समय में विश्व में शांति के लिए जैन धर्म के सिद्धांत अहिंसा, सत्य,जियो और जीने दो, दूसरों के प्रति दया भाव रखना बहुत ही प्रासंगिक है, ऐसे संस्कारी शिविर लगाने से मनुष्य के जीवन में बदलाव अवश्य संभव है।

शिविर में महिलाएं, बच्चे,युवा एवं बड़े सभी ने भाग लिया। अल्पना, आशा, अनीता, दीपाली, नीलम, लता, दीपिका, जूली, रज्जो, आरूषी, जया, कुसुम जैन ,विनय कपूर, अरविंद, अमित, महावीर गंगवाल, अक्षय, नीतीश, पंडित पीयूष, प्रकाश चंद्र आदि उपस्थित रहे।

मंदिर के अध्यक्ष पी के जैन, मंत्री आलोक जैन, संजू, निकांत , सुकांत का सहयोग शिविर में प्राप्त हुआ।

# हम दो हमारे 12 विवादित फिल्म पर रोक की मांग

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

**लखनऊ।** सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया उत्तर प्रदेश की लखनऊ जिला कमेटी ने लखनऊ जिले के डी. एम. साहब को हम दो हमारे 12 विवादित फिल्म को लेकर ज्ञापन सौंपा! एक बार फिर से नफरती फिल्म लॉन्च होने वाली है इस फिल्म का नाम है हमारे 12 फिल्म के ट्रेलर में मुस्लिम महिलाओं के प्रति काफी जुल्म दिखाया गया है।

कुरान की आयत को तोड़, मरोड़ कर, घुमा फिराकर, एक समुदाय को निशाना बनाया गया है इससे पहले भी कशमीर फाईल फिल्म, केरला स्टोरी, 72 हुरे, जैसी फिल्मों में दिखाया गया है सारी गलत व्यानी है और कुछ भी



नही ईस्लामिकफोबिया बोलीवुड में दिनं व दिन बड़ता जा रहा है पिछले 10 साल ते एक हेट एजेंडा काम कर रहा है इस देश में पोलिटिक्श हिन्दुस्तान को पहले कैपचर होते चले गए, फिर तभी इन्सटीट्यूट केपचर होते चले गये और आज हम जिसे मनोरंजन का साधन एक बहुत बड़ी इन्डस्ट्री होलीवुड यह भी इससे नहीं बचा है हम इतकी मजम्मत करते है बॉलीवुड जिसको हम एंटरटेनमेंट मानते है वो भी आज बचा, हुआ नहीं है उनको आज लगता है कि नफरत बेचकर भी वह पैसा कमा सकते है वहाँ वर रोक लगाना बहुत जरूरी है हमारे देश का संविधान इसकी इजाजत नहीं देता कसी भी समुदाय की धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाई जाये। जिला अध्यक्ष इरशाद अहमद और मंडल अध्यक्ष मोहम्मद अहमद के नेतृत्व में ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन देते समय मोहम्मद आबिद प्रदेश सचिव, मोहम्मद फुरकान प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, जिला सचिव रियाज अहमद, जिला सदस्य अब्दुल कलाम आदि लोग मौजूद रहे।

## उम्मीद संस्था ने लगाया प्याऊ, अवनीश अवस्थी ने किया उद्घाटन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के गोमतीनगर में उम्मीद संस्था भीषण गर्मी को देखते हुए प्याऊ की व्यवस्था की है। इस मौके पर मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी मौजूद रहें। उन्होंने कहा कि इस गर्मी में ज्येष्ठ माह के बड़े मंगल पर जगह-जगह भंडारे चल रहे हैं, लेकिन भीषण गर्मी में लोगों को पानी की सबसे बड़ी समस्याएं होती हैं। यह पहल अत्यंत सराहनीय है। उम्मीद संस्था की तरफसे यूपी दर्शन पार्क के बगल में प्याऊ की व्यवस्था की गई है। अवनीश अवस्थी ने जनता से अपील करते हुए कहा, भंडारे के अवसर पर कूड़े-कचरे को न फैलाएं और नगर निगम के सहयोग से सफाई बनाए रखें। उन्होंने कहा, जिस तरह उम्मीद संस्था जल सेवा का कार्य कर रही है।

# आज मनाई जायेगी अहिल्याबाई होलकर की जयंती

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

सामाजिक समरसता विभाग की ओर से अवध प्रान्त के सभी जिलों में महारानी अहिल्याबाई होलकर की जयंती मनाई जायेगी। इस अवसर पर राजधानी लखनऊ में 31 मई को विश्व संवाद केन्द्र के अधीश सभागार में शाम 4 बजे एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन होगा।

संगोष्ठी में सामाजिक समरसता के आधार पर अहिल्याबाई होलकर का लोककल्याणकारी शासन विषय पर विद्वानों के व्याख्यान होंगे। इस बात की जानकारी आज विश्व संवाद केंद्र में आयोजित बैठक में दी गई। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में इतिहास संकलन समिति के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री संजय



श्रीहर्ष उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के राज्य सूचना आयुक्त पीएन द्विवेदी रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षत किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के माईक्रोबायलोजी विभाग की प्रोफेसर डा.शीतल वर्मा करेंगी। अहिल्याबाई होलकर के त्रिशताब्दी समारोह पर वर्ष भर होंगे कार्यक्रम पुण्यश्लोक देवी अहिल्याबाई होलकर की जयंती के 300 वें वर्ष पर वर्षभर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। समाज के विभिन्न वर्ग के बंधु-भगिनी और विभिन्न संस्थाएं उनके जन्म जयंती पर अपनेकृअपने स्तर से कार्यक्रम आयोजित करें, इसका भी आग्रह किया जायेगा। सामाजिक समरसता विभाग के प्रान्त प्रमुख राजकिशोर ने विश्व संवाद केन्द्र जियामऊ में प्रान्तीय पदाधिकारियों के साथ कार्यक्रम के संबंध में बैठक की। बैठक में जिलास्तर पर कार्यक्रम करने की भी योजना बनी है। उन्होंने बताया कि अहिल्या बाई होल्कर भगवान शंकर के प्रतिनिधि के रूप में अपने शासन का संचालन करती थीं। सामाजिक समरसता के आधार पर उनके शासन का संचालन होता था। बद्रीनाथ से रामेश्वरम तक और द्वारिका से लेकर पुरी तक आक्रमणकारियों द्वारा क्षतिग्रस्त मंदिरों का उन्होंने पुनर्निर्माण करवाया। इन्हीं कार्यों के कारण उन्हें 'पुण्यश्लोक' की उपाधि मिली। बैठक में प्रान्तीय टोली सदस्य बृजनंदन, वीरेन्द्र ओझा, एडवोकेट प्रदीप मिश्र ,राजीव,विनय कुमार, एडवोकेट ज्ञानेन्द्र और एडवोकेट जय प्रकाश समेत लखनऊ विभाग व भाग के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

समस्या — 14 प्रतिशत शिशु समय से पहले ले रहे जन्म

# तंबाकू का सेवन गर्भस्थ शिशु के लिए हानिकारक

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

जो लोग धूम्रपान करते हैं उनमें बांझपन का खतरा 60ः अधिक होता है। महिलाओं में प्रजनन क्षमता की 30 प्रतिशत कमी होती है। इतना ही नहीं गर्भावस्था के समय धूम्रपान करने से 20 से 30ः कम वजन के बच्चे पैदा होते हैं। इतना ही नहीं 10ः गर्भस्थ शिशु की मौत भी धूम्रपान के शौक के कारण हो जाती है। इसके अलावा 14ः बच्चे समय से पहले जन्म ले लेते हैं। जिन्हे प्री मेच्योर बेबी कहा जाता है। यह सारी समस्याएं केवल और केवल धूम्रपान के सेवन की वजह से होता है। यदि धूम्रपान का सेवन न किया जाए तो स्वस्थ जीवन जिया जा सकता है।

यह जानकारी किंग जार्ज मेडिकल




यूनिवर्सिटी स्थित पलमोनरी एंड क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग के एचओडी प्रोफेसर (डॉ) वेद प्रकाश ने दी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, तम्बाकू के सेवन से दुनिया भर भर में अनुमानतः 80 लाख से अधिक मौते होती हैं और ये मौतें ऐसी ही कि जिन्हें तम्बाडू के निषेध से रोका जा सकता है। उन्होनें बताया कि भारत में 26 करोड़ लोग तम्बाकू का सेवन करते हैं जिसमें लगभग 29 प्रतिशत नवयुवक एवं नवयुवतियाँ साम्मलित हैं।

भारत में तम्बाकू का सेवन विभिन्न रूपों में किया जाता है, जिसमें धूम्रपान (सिगरेट, बीड़ी) और धुआं रहित तम्बाकू (चबाने वाला तम्बाकू, गुटखा, खैनी) शामिल है। धुआं रहित तंबाकू का उपयोग विशेष रूप से अधिक है, भारत में धुआं रहित तंबाकू की खपत की दर दुनिया में सबसे अधिक है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार तंबाकू के सीधे तौर पर उपयोग करने से प्रतिवर्ष 70 लाख से अधिक मौत होती है। और 10-12 लाख मृत्यु तम्बाकू के परोक्ष रूप से सेवन की वजह से होती है। भारत में धूम्रपान न करने वालों का एक बड़ा हिस्सा निष्क्रिय धूम्रपान के संपर्क में आता है। लगभग 38 प्रतिशत वयस्क और 52 प्रतिशत बच्चे सार्वजनिक स्थानों, घरों और कार्यस्थलों पर धूम्रपान के संपर्क में आते हैं।

## निर्वाचन आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन, 26,93,636 लोग पाबन्द

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जाँच के लिए 464 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1730 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 29 मई तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 537 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 4766 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 28,34,845 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस प्रेषित किये गये है, जिनमें से 26,93,636 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है।

# सफीना हुसैन को प्रतिष्ठित लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से मानद डॉक्टरेट की उपाधि

लखनऊ/नई दिल्ली, समृद्धि न्यूज।

भारत में लड़कियों की शिक्षा में अनुकरणीय योगदान देने के लिए एजुकेट गर्ल्स की संस्थापिका सफीना हुसैन को लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स एंड पॉलिटिकल साइंस (एलएसई) ने 29 मई, 2024 को लंदन में मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया। यह सम्मान गैर-लाभकारी संस्था एजुकेट गर्ल्स के माध्यम से सफीना के रचनात्मक कार्य को मान्यता देता है।

वर्ष 2007 में स्थापित एजुकेट गर्ल्स संस्था, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और बिहार के दूरदराज गांवों में लड़कियों की शिक्षा तक पहुंच बढ़ाने के लिए समर्पित है। सफीना के नेतृत्व में, संस्था ने स्कूल नामांकन के



लिए 18 लाख से अधिक लड़कियों को प्रेरित किया है और भारत के सबसे जरूरतमंद समुदायों में लगभग 20,000 समुदाय-आधारित जेंडर चैंपियंस के प्रयासों के माध्यम से 22 लाख से अधिक छात्रों को उपचारात्मक शिक्षा में सहायता प्रदान की है। एलएसई की मानद डॉक्टरेट उपाधि छात्रवृत्ति या सार्वजनिक सेवा में महत्वपूर्ण योगदान देने पर केंद्रित है। सफीना एलएसई मानद डॉक्टरेट प्राप्तकर्ताओं के एक प्रतिष्ठित समूह में शामिल हो गई हैं, जिनमें प्रो. मुहम्मद यूनुस (ग्रामीण बैंक के संस्थापक एवं नोबेल शांति पुरस्कार विजेता), प्रो. टिम बर्नर्स-ली (इंटरनेट के आविष्कारक) और प्रो. क्लॉस श्वाब (विश्व आर्थिक मंच के कार्यकारी अध्यक्ष) शामिल हैं। विशेष रूप से, रघुराम राजन और जगदीश भगवती जैसी प्रतिष्ठित भारतीय हस्तियों को भी मानद डॉक्टरेट उपाधि प्राप्त हुई हैं।

# 66 दुकानों पर छापेमारी, एक का लाइसेंस निरस्त

- खाद बीज भंडार के संचालक को नोटिस, 41 बीज के नमूने जांच को भेजे

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



कृषि विभाग की टीम ने बृहस्पतिवार को जिले भर के 66 खाद और बीज के दुकानों पर छापेमारी की। रिसिया में एक खाद की दुकान का लाइसेंस निरस्त कर दिया गया है। जबकि एक दुकानदार को नोटिस जारी किया गया है।

टीम ने 41 नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा है। शासन के निर्देश पर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कृषि विभाग की टीम को जिले में संचालित खाद और बीज के दुकानों पर जांच के निर्देश दिए। डीएम द्वारा गठित टीम पूरे जनपद में छापेमारी बीज और खाद की दुकानों पर छापेमारी की। सदर तहसील में संचालित दुकानों पर उप कृषि निदेशक टीपी शाही, पयागपुर में उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी सदर उदय शंकर सिंह, कैसरगंज और महसी में अपर जिला कृषि अधिकारी ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव, नानपारा और मिहीपुरवा तहसील में जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार पांडेय की टीम ने 66 खाद और बीज के दुकानों पर छापेमारी कर जांच की। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि कुल छापे 41 नमुना धान, मक्का आदि के जांच के लिए भेजे गए। मुख्तार अंसारी खाद बीज भंडार का लाइसेंस निरस्त लंबित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि अधूरे कागजात मिलने के चलते निलंबन की कार्यवाई की गई है। जबकि मकसूद बीज भंडार रिसिया को नोटिस दी गई है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि कुल 41 नमूना जांच के लिए भेजा गया है। सभी दुकानदारों को निर्देशित किया गया है कि किसानों को गुणवत्ता युक्त बीज उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

अगर कोई भी गड़बड़ी पाई जाती है तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। किसानों से भी अनुरोध है कि वह दुकान पर जाए तो बीज को जांच करके ब्रांडेड खरीदे और समय से नर्सरी डालें।

नर्सरी डालते हो तापमान का जरूर ध्यान रखें। शाम के समय नर्सरी डालें, हल्का पानी लगाएं, अधिक पानी लगाने की जरूरत नहीं है। क्योंकि तापमान अधिक होने से नर्सरी प्रभावित हो सकती है।

# दीवार गिरने से मलबे में दबकर युवक की मौत

- चारा मशीन के निकट बैठने के दौरान हुआ हादसा
- पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



जिले के ग्राम पंचायत बदरौली के मजरे पासिनपुरवा में गुरुवार सुबह युवक के ऊपर दीवार का टीला गिर गई। जिसके मलबे के नीचे दबकर मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पासिनपुरवा निवासी राम लोटन पुत्र किशन उम्र लगभग 55 वर्ष अपने घर में पशुओं का चारा के लिए चारा मशीन के पास बैठा घास इकट्ठा कर रहा था। तभी अचानक मिट्टी का दीवाल का एक टीला उसके ऊपर गिर गया, जिससे युवक दीवार के मलबे के नीचे दब गया। इससे उसकी मौके पर मौत हो गई।

दीवार का टीला गिरने की आहट सुनकर पत्नी फूलमती पुत्र मनोज पुत्र भीमसेन और पुत्री आरती दौड़े, लेकिन दीवाल का टीला भारी भरकम होने के कारण उसे हटा ना सके और उसकी दबकर मौत हो गई। ग्राम प्रधान बाबूलाल ने घटना की सूचना उच्च अधिकारियों को दी। कैसरगंज के कोतवाल राजनाथ सिंह ने उप निरीक्षक चंद्रशेखर प्रजापति को टीम के साथ मौके पर भेजा। उन्होने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# हाईटेंशन से युवक झुलसा, हालत नाजुक



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

- बिना शटडाउन के विद्युत पोल पर युवक के बाद ही चढ़ाने के तुरंत आ गई लाइट

हुजूरपुर थानाक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बसंतपुर का है।जहां पर गरीब व्यक्ति राहुल सिंह पुत्र स्वर्गीय संजय कुमार सिंह को विद्युत विभाग के लाइनमैन और कुछ तथा कथित लोगों ने चंद पैसों का लालच देकर हाई टेंशन 11 हजार लाइन पर जंपर बांधने हेतु चढ़ा दिया।बिना शटडाउन के विद्युत पोल पर युवक को चढ़ाने के तुरंत बाद ही लाइट आ गई और युवक राहुल सिंह विद्युत करंट की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गया। युवक को आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिरैयाटांड़ ले जाया गया।जहां से डॉक्टर ने हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परंतु युवक की हालत बेहद नाजुक बनी हुयी है और जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया है।युवक की स्थिति नाजुक बनी हुई है। परिजनों ने हुजूरपुर थाने पर तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।



## शार्ट सर्किट से जला ट्रांसफार्मर, कई पेड़ झुलसे

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** शहर के रायपुर राजा मोहल्ला में स्थित ट्रांसफार्मर अधिक लोड के चलते रात में धू-धू कर जल गया। आसपास लगे पेड़ भी जल गए। हालांकि दमकल कर्मियों ने मशक्कत कर आग बुझा लिया।जिले में पड़ रही भीषण गर्मी में बिजली की खपत अधिक हो रही है। ऐसे में ट्रांसफार्मर पर भार भी अधिक बढ़ रहा है। जिसके चलते अब ट्रांसफार्मर भी आग का गोला बन रहे हैं। शहर के मोहल्ला रायपुर राजा में मक्कापुरवा मोड़ पर ट्रांसफार्मर स्थापित है। देर रात को ट्रांसफार्मर अधिक भार के चलते जलने लगा। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। ट्रांसफार्मर की जद में आने से आसपास के पेड़ और झाड़ झंखाड़ भी जल गया। ट्रांसफार्मर फूंकने से मोहल्ले में अंधेरा छा गया। सूचना पाकर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग बुझाया।

# एसपी ने मेला कैम्प कार्यालय में की गोष्ठी

- आपकी जहां पर भी ड्यूटी लगी है उस प्वाइंट को देखे और अपनी ड्यूटी को भली भांति समझे: वृंदा शुक्ला

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने दरगाह शरीफ मेला कैम्प कार्यालय में सैय्यद सलार मसूद गाजी के दरगाह पर लगने वाले एक माह के मेले में ड्यूटी से सम्बंधित समस्त राजपत्रित अधिकारी/कर्मचारी के साथ गोष्ठी किया। तथा मेला को सकुशल शांति पूर्ण संपन्न कराने के लिए सभी संबंधित को निर्देशित किया। एसपी ने बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी दरगाह मेले में बड़ी संख्या में बच्चे, महिला व पुरुष जायरीनों के पहुंचने की सम्भावना है।

आपकी जहां पर भी ड्यूटी लगाई गयी है उस प्वाइंट को देख लें और अपनी ड्यूटी को भली भांति समझ लें, साथ ही ड्यूटी प्वाइंट पर यदि सुरक्षा के दृष्टिकोण से कोई प्रबन्ध आवश्यक हो तो उसे समय से करा लें। एसपी ने यातायात व्यवस्था की चर्चा करते हुये निर्देश दिये गए कि ट्रैफिक डायवर्जन की जो योजना बनाई गयी है,उसका कड़ाई से पालन करायें, और डायवर्जन प्लान का मीडिया, सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार-प्रसार भी किया जाये।

पार्किंग व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों को निर्देश दिया कि पार्किंग की व्यवस्थायें चुस्त व दुरूस्त रहनी चाहिये, बेतरतीब खड़े वाहनों के कारण जाम की स्थिति कदापि न बनने पाए। मेला क्षेत्र में पर्याप्त संख्या में क्रेन की व्यवस्था की जाये ताकि खराब एवं गलत पार्क वाहनों को समय से हटाया जा सके, कहीं भी यातायात बाधित नहीं होना चाहिये, इसमें बैरियर, पार्किंग, डायवर्जन ड्यूटी में लगे पुलिस बल का अहम योगदान है सम्बंधित विभाग व मेला प्रबंधन कमेटी से समन्वयव स्थापित कर मेला परिसर मे प्रकाश व्यवस्था, समुचित साफ-सफाई व शौचालयों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित कराए जाने के लिए थाना प्रभारी व मेला प्रभारी को निर्देशित किया गया। मेला के सभी दुकानदारों को विद्युत कनेक्शन के समय विशेष सावधानी बरतने के साथ साथ कही पर तार को खुला न छोड़ने एवं सभी दुकानदार अपने अपने दुकानों पर आग बुझाने के यंत्र, पर्याप्त मात्रा में पानी व बालू को रखना सुनिश्चित करें, ताकि आपात स्थिति से निपटा जा सके। भीड़-भाड़ में महिलाओं की सुरक्षा के लिए वर्दी में पुलिस बल के साथ-साथ सादे वस्त्रों में भी पर्याप्त महिला पुरुष आरक्षी की तैनाती की गई है, जो पूर्ण मनोयोग से सतर्क रहकर अराजक तत्वों पर नजर रखते हुए ड्यूटी संपादित करेंगे।

गर्मी के मौसम को देखते हुए ड्यूटी में लगा पुलिस बल पानी का सेवन करते रहे । उक्त गोष्ठी के समय अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा, समस्त क्षेत्राधिकारी, समस्त थाना प्रभारी, निरीक्षक एलआईयू, टीएसआई, अग्निशमन अधिकारी व अन्य अधिकारी/ कर्मचारी मौजूद रहे।

**पुलिस बल के साथ एसपी ने किया मेला परिसर का निरीक्षण**

**गोष्ठी के उपरांत पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने समस्त पुलिस बल के साथ दरगाह शरीफ मेले का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।**

# औषधि निरीक्षक की संयुक्त टीम ने मेडिकल स्टोर पर मारा छापा

**छापामार कार्यवाही के दौरान लगभग 1,01,485 मूल्य की एलोपैथिक दवाएं सीज की गई तथा 04 संदिग्ध नमूने जांच एवं विश्लेषण हेतु संग्रहित किए**

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**



जिले के धानेपुर थाना क्षेत्र के पूरे तेंदुआ गांव के कुतुबगंज बाजार में मेडिकल स्टोर की आड़ में अवैध रूप से अस्पताल का संचालन किया जा रहा था। बुधवार की देर रात गोण्डा व बलरामपुर के औषधि निरीक्षक की संयुक्त टीम ने मेडिकल स्टोर पर छापा मारा तो दंग रह गए। मेडिकल स्टोर के पीछे सीलन भरे अंधेरे कमरों में महिला मरीजों को ग्लूकोज चढ़ाया जा रहा था और उनका उपचार किया जा रहा था। कमरों में रोशनी की भी पर्याप्त व्यवस्था नहीं थी। जांच टीम ने मेडिकल स्टोर से एक लाख रुपये कीमत की एलोपैथिक दवाइयां बरामद कर उन्हें सीज कर दिया है। साथ ही चार दवाओं के सैंपल जांच के लिए लैब भेजे गए हैं।

देवीपाटन मंडल के सहायक आयुक्त औषधि मनोज कुमार ने बताया कि उन्हें गोपनीय सूचना मिली थी कि जनपद के धानेपुर थाना क्षेत्र के कुतुबगंज बाजार में अवैध रूप से मेडिकल स्टोर का संचालन हो रहा है। इस सूचना पर उन्होंने गोण्डा जिले की औषधि निरीक्षक रजिया बानो व बलरामपुर जिले के औषधि निरीक्षक आलोक कुमार त्रिवेदी की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जांच के लिए भेजा था।? बुधवार की देर रात इस संयुक्त जांच टीम ने धानेपुर पुलिस के साथ कुतुबगंज बाजार में संचालित हो रहे मेडिकल स्टोर पर छापेमारी की। बताया जाता है कि रात में जब अफसरों की टीम मेडिकल स्टोर पर पहुंची तो वहां बाकायदा अस्पताल संचालित हो रहा था।

मेडिकल स्टोर के पीछे के दो कमरों में चार मरीजों को भर्ती किया गया था और उन्हें ग्लूकोज चढ़ाने के साथ ही उनका उपचार भी किया जा रहा था। जांच टीम के अधिकारी मेडिकल स्टोर के साथ संचालित हो रहे अस्पताल को देखकर भौंचक रह गए। इस छापेमारी के बाद पूरे बाजार में हड़कंप मच गया। अन्य मेडिकल स्टोर वाले भी शटर बंद कर भाग निकले। छापामार कार्यवाही के दौरान लगभग 1,01,485 मूल्य की एलोपैथिक दवाएं सीज की गईं तथा 04 संदिग्ध नमूने जांच एवं विश्लेषण हेतु संग्रहित किए गये। परीक्षण रिपोर्ट प्राप्त होने एवं विवेचना पूर्ण होने के पश्चात दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध सक्षम न्यायालय में परिवाद दाखिल करने की बात कही जा रही है ? सहायक आयुक्त मनोज कुमार ने बताया कि मेडिकल स्टोर का संचालन राजेश यादव पुत्र अशर्फी लाल निवासी मौजा देवारी खेरा, थाना रेहरा बाजार, जनपद बलरामपुर द्वारा किया जाना पाया गया है?। मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही इस मामले में विधिक कार्रवाई करते हुए आरोपी मेडिकल स्टोर संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

## मिशन ने किया रेल गाड़ियों में शर्बत व पेयजल का वितरण



गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़। गोंडा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर सावन कृपाल रुहानी मिशन द्वारा विभिन्न रेल गाड़ियों में शर्बत एवं पेयजल वितरित किया गया। गोंडा रेलवे स्टेशन के प्लेट फार्म नंबर दो पर मिशन के दीपक बरियानी,नीरज मन्जर,अन्शू कलानी, प्रेम प्रकाश वाल्मीकि,कमल बलेजा,स्वाती,नान्सी अडवानी,आदि ने कई प्रमुख रेल गाड़ियों के यात्रियों को शर्बत पिलाया जिससे गर्मी एवं प्यास से बेहाल यात्रियों को काफी राहत महसूस हुई। रेलवे स्टेशन पर सावन कृपाल रूहानी मिशन द्वारा रेल यात्रियों हेतु आयोजित कार्यक्रम में पूर्वोत्तर रेलवे क्षेत्रीय परामर्श दात्री समिति के सदस्य पंकज कुमार श्रीवास्तव, महेंद्र कुमार यादव चंद्रभान, दानिश, उमेश श्रीवास्तव समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे स्टेशन के प्लेटफार्म निरीक्षक के.एल यादव के अनुसार मिशन द्वारा प्लेटफार्म नंबर दो पर गाड़ी संख्या 15212 ,12512 ,22532 सहित कई रेल गाड़ियों के रेल यात्रियों को शर्बत एवं पेयजल दिया गया।

# पत्रकारिता दिवस पर पत्रकार हुए सम्मानित



**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**

**वही गोंडा जनपद के पूर्व कप्तान रहे अमिताभ ठाकुर और नूतन ठाकुर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के सम्मेलन में पहुंच करके ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन का मनोबल बढ़ाया और ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष प्रदीप तिवारी ने माला पहना करके राम दरबार की तस्वीर भेंट की।**

जनपद में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के बैनर तले हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर टाउनहॉल गांधी पार्क गोन्डा में सम्मानित किये गये पत्रकार। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश -गोन्डा इकाई के जिलाध्यक्ष प्रदीप तिवारी व जिला महामंत्री विजय कुमार सोनी के अगुवाई में 30 मई 2024 हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर भव्य पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन हुआ।जिसमें जनपद के वरिष्ठ पत्रकार जानकी शरण द्विवेदी,विजय शंकर शुक्ला, ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के मण्डल उपाध्यक्ष अनिल दूबे डॉ राकेश तिवारी जिला गन्ना अधिकारी सुनील सिंह जिला सूचना अधिकारी अनिल सिंह मुख्य अतिथि रहे। जिलाध्यक्ष प्रदीप तिवारी ने पत्रकारिता दिवस पर कहा की सत्य और घटना की पूर्ण जानकारी तथा अधिकारियों का पक्ष लेने के उपरांत खबरों को लिखे। पत्रकार को देश में चौथा स्तंभ बताया गया है। जिला महामंत्री विजय कुमार सोनी ने कहा की पत्रकार को अपनी लेखनी और कलम को तलवार की तरह इस्तेमाल करना चाहिए लेकिन देश और समाज हित के लिए गरीबों को न्याय तथा अन्यान्य को रोकने के लिए पत्रकार को आगे आना चाहिए। इस अवसर पर , वरिष्ठ उपाध्यक्ष दुर्गेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष रणजीत तिवारी जिला उपाध्यक्ष नोद तिवारी, तहसील अध्यक्ष करनैलगंज बैजनाथ अवस्थी,अमित पांडे रेखा सिंह मोहनलाल चौहान रियाजुद्दीन मोहम्मद कैफ सहित सैकड़ों पत्रकार साथी मौजूद रहे।

# पीड़ित परिवार से मिले अमिताभ ठाकुर, एफआईआर पर उठाए सवाल

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**



कैसरगंज लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी करण भूषण सिंह के काफिले की कार से बुधवार को हुए हादसे के बाद बृहस्पतिवार को पूर्व आईपीएस व आजाद अधिकार सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर और साथ में उनकी पत्नी नूतन ठाकुर ने निंदूरा गांव पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की और पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर व नूतन ने पुलिस एफआईआर पर सवाल उठाया और कहा कि पुलिस प्रशासन आरोपियों को बचाने में जुटा दिखाई दे रहा है।और पीड़ित परिवार को दबाया जा रहा है।जिससे न्याय मिलना संभव नहीं है।वही अमिताभ ठाकुर ने कहा कि मामले में दर्ज की गई एफआईआर मृतक की मां से लिखवाई गई।जिसमें मात्र उनका अंगूठा लगवाया गया।एफआईआर पुलिस ने अपने हिसाब से दर्ज किया है।जिससे कई महत्वपूर्ण तथ्य छूट गए जो एफआईआर मे आने चाहिए थे।अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने कहा कि एफआईआर में करण भूषण के काफिले का जिक्र नहीं किया गया है जबकि इसका जिक्र होना चाहिए था? यह सरासर मामले को दबाने का प्रयास किया गया है? क्या वह जिस तरह से काफिला लेकर चल रहे थे इसकी अनुमति ली गयी थी।

आदर्श आचार संहिता के दौरान इस प्रकार का काफिला लेकर चलना भी गैर कानूनी था। वही पूर्व आईपीएस अमिताभ ने कहा कि दुर्घटना करने वाले वाहन पर पुलिस स्कोर्ट लिखा होना भी गैर कानूनी है। या सीधा-सीधा सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन है।यह सीधे तौर पर कूटरचना करने का मामला है। जिस तरह आईपीसी की धारा 304 ए में एफआईआर लिखी गयी वह मामले को अल्पीकरण करने की कोशिश है। यह सीधे तौर पर गैर इरादतन हत्या का मामला है और एफआईआर आईपीसी की धारा 304 में होनी चाहिए थी।

**अमिताभ ठाकुर ने इंश्योरेंस पर भी उठाए सवाल**

पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने कार के इंश्योरेंस पर सवाल उठाते हुए कहा कि इसमें भी साजिश की बू आ रही है ।पहले कार का इंश्योरेंस वर्ष 2022 में खत्म दिखा रहा था जबकि हादसे के कुछ देर बाद वह 2025 तक? वैध हो गया। यह भी साजिश है? पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने कहा कि पकड़े गए आरोपी को लेकर भी आशंका जताई जा रही है। उन्होने कहा कि बिना फारेंसिक जांच किये ही कार को दुर्घटना स्थल से हटा देना गंभीर साजिश की ओर इशारा कर रही है। अमिताभ ने पीड़ित परिवार को दिलासा देते हुए कहा कि कानूनी लड़ाई में परिवार के साथ हैं। इन सभी सवालों को लेकर मृतक शहजाद के पिता आजाद खां की तरफ से एक शिकायती पत्र भी भारत निर्वाचन आयोग को भेजा गया है और मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए कार्रवाई की मांग की गयी है। वही कर्नलगंज कोतवाली क्षेत्र के निंदूरा गाँव से लौटकर अमिताभ व नूतन ने जिलाधिकारी नेहा शर्मा से भी मुलाकात की और उन्हे घटना के तथ्यों से अवगत कराया।

# महाराजा सुहेलदेव के विजय महोत्सव को लेकर हुई बैठक

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

महाराजा सुहेलदेव सेवा समिति एवं क्षत्रिय राजपूताना आर्गेनाईजेशन के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को सेवा समिति केंद्रीय कार्यालय में बैठक का आयोजन कर परंपरागत तरीको से मनाए जाने वाले विजय महोत्सव कार्यक्रम के बारे में चर्चा परिचर्चा कर सम्राट सुहेलदेव पर्यटन केंद्र चितौरा झील तट पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम को अंतिम स्वरूप दिया गया। आयोजको ने महाराजा सुहेलदेव के विजयी यशोगान को सम्पूर्ण भारतवर्ष तक प्रसारित करने के लिए जन जागरण अभियान चलाए जाने के रूप रेखा भी तय की ।महाराजा सुहेलदेव सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए क्षत्रिय राजपूताना आर्गेनाईजेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राणा विजय भारशिव ने कहा कि चक्रवर्ती सम्राट वीरवर सुहेलदेव मध्य काल के अद्वितीय श्रावस्ती सम्राट थे जिन्होंने विदेशी आक्रांता सय्यद सालार मसूद गाज़ी व इसके एक लाख से भी अधिक आततायी सेना को मार डाला था जिनके यत्र तत्र अस्थिपंजर अब भी बहराइच की धरती पर जमीन में दबे पड़े हैं। महाराज श्री के यश एवं प्रचंड पराक्रम का ही प्रभाव था।

# न तीर निकालो न तलवार निकालो, जब तोप मुकाबिल हो तो अखबार निकालो !!

**नरेंद्र लाल गुप्ता**

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।** आज सुबह दस बजे, खोरहंसा से कुछ दूर स्थित हनुमंत नगर में, जनमोर्चा पत्रकार मनु यादव के आवास पर, पत्रकारिता दिवस पर , एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया,जिसमें पत्रकारों की भूमिका व चुनौतियां पर परिचर्चा की गई। जनमोर्चा संपादक स्व. शीतला सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित कर गोष्ठी का शुभारंभ किया गया।



वरिष्ठ पत्रकार ए आर उस्मानी ने कहा कि सही मायने में, सच्ची पत्रकारिता तभी मानी जाएगी , जब निष्पक्ष , स्वतंत्र व निर्भीकता से हम अपने दायित्वों का निर्वहन करें। पत्रकारिता दिवस को , बिना बाबू शीतला सिंह की चर्चा के अधूरा मानते हुए कहा कि वे हिंदी पत्रकारिता के जनक थे , जिन्होंने हिंदी पत्रकारिता को सही मायने में स्थापित किया। वे आज की पत्रकारिता के लिए प्रेरणा श्रोत रहे हैं। उनसे सबक लेने की जरूरत है कि हर कठिन चुनौती पूर्ण परिस्थितियों में सत्य का साथ नहीं छोड़ा , बल्कि जीवन भर संघर्ष कर सच्ची पत्रकारिता की। आज उनके विचारों व वसूलों को आत्मसात करने की जरूरत है। उनके पद चिन्हों पर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी और यही सच्ची पत्रकारिता होगी। पत्रकार मनु यादव ने कहा कि आज जब मीडिया पर लोग उंगली उठाने लगे हैं, तो पत्रकारिता के सामने बड़ी चुनौती खड़ी है, किंतु यह चुनौती उसी के लिए है , जो उसका सामना करता है। पत्रकारों की भूमिका पर कहा कि आज की पत्रकारिता संक्रमणकाल के दौर से गुजर रही है। आत्म अवलोकन करना चाहिए। पत्रकार मसीउज्मा खान ने कहा कि आज के दौर में पत्रकारिता बहुत मुश्किल काम हो गया है। पीत पत्रकारिता से बचने की जरूरत है। गोष्ठी में, पत्रकार व प्राचार्य सुख राम यादव , शफकत , सपा नेता अर्जुन यादव , बृजेश यादव, शिव कुमार यादव , शिव मूरत यादव , आदित्य यादव , आकाश यादव आदि शामिल थे।

# मिस इंडिया सौंदर्य प्रतियोगिता का पुणे में हुआ आयोजन

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



मिस इंडिया सौंदर्य प्रतियोगिता का आयोजन पुणे में हुआ। क्वीनीफाइड आईएनसी की फाउंडर और सीईओ प्रीति यादव की तरफ से कराई गई इस प्रतियोगिता में पूरे भारत के अलग अलग राज्यों से महिलाओं को चुना गया था। जिसमे यूपी ईस्ट से बहराइच की सविता वर्मा को इस प्रतियोगिता में जगह मिली थी। पुणे के हयात रेजेंसी में इस प्रतियोगिता का फिनाले आयोजित हुआ। जिसके मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सदस्य जगदीश चंद्रा रहे। मिसेज इंडिया सौंदर्य प्रतियोगिता में सविता वर्मा को गोल्डन हार्ट के खिताब से नवाजा गया और उन्हें ताज पहना कर सम्मानित किया गया।बहराइच पहुंचने पर सविता वर्मा का लोगों ने स्वागत किया। गोल्डन हार्ट का खिताब जीतने के बाद सविता वर्मा ने कहा की नारी सशक्तिकरण की दृष्टि से ये प्रतियोगिता बहुत ही महत्वपूर्ण थी, महिलाएं अब हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है।

# रायबरेली से कौन मारेगा बाजी!

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

लोकसभा में पांचवें चरण में मतदान संपन्न हो चुका है। जनपद में 8 लाख 52 हजार 552 महिला मतदाता और 9 लाख 30 हजार 983 पुरुष मतदाता हैं। जिसमें से 10 लाख 36 हजार 997 मतदाताओं ने वोट किया है। यही मतदाता प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। रायबरेली में कुल 1236 मतदान सेंटर और 1867 बूथ बनाये गए थे। अब सभी की नजरें चार चार जून पर टिकी हुई हैं, जिस दिन चुनाव परिणाम आएंगे। ऐसे में लोगों ने जोड़ घटाना भी शुरु कर दिया है कि आखिर में कौन जीत दर्ज करेगा।



## 8 प्रत्याशियों ने लड़ा था चुनाव

कांग्रेस से राहुल गांधी बीजेपी से दिनेश प्रताप सिंह व बसपा से ठाकुर प्रसाद यादव चुनावी मैदान में हैं। यदि वोटों की बात की जाए तो कुल 17 लाख 83 हजार 571 वोट हैं। चुनाव मैदान में कुल 8 प्रत्याशियों ने भाग लिया जिनमें इस प्रकार है। जिसमे कांग्रेस से उम्मीदवार राहुल गांधी, (2) भाजपा प्रत्याशी स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, (3) बीएसपी से प्रत्याशी ठाकुर प्रसाद यादव, (4) दिलीप सिंह अखिल भारतीय अपना दल से, (5) मोबिन अपना दल कमेरा वादी पार्टी, (6) हिन्द रोहिताश मानवतावादी समाज पार्टी, (7) सुदर्शन राम भारती पंचशील पार्टी, (8) होरीलाल निर्दल प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। वहीं, कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी अपनी जीत को लेकर आश्वस्त है। रायबरेली में अगर चुनाव की बात की जाए तो इंडिया गठबंधन का बड़ा असर पड़ा है। सोनिया गांधी के भावुक बयान से रायबरेली के वासियों ने कांग्रेस के पक्ष में जमकर वोट डाले हैं

## क्या कहते हैं राजनीतिज्ञ

वहीं, जानकारों का कहना है कि भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह अपने ही पार्टी के भीतर घातियों के शिकार हो गए।

जहाँ रायबरेली सदर सीट से बीजेपी विधायक अदिति सिंह और सपा के बागी विधायक मनोज कुमार पांडे के आने से कोई फर्क नहीं पड़ा और अबकी बार जनता ने जमकर कांग्रेस को वोट किया है।

# गंगा एक्सप्रेस वे निर्माण में बिना सेफ्टी के काम कर रहे नाबालिक

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

चिल चिलाती धूप के बीच भीषण गर्मी में बिना सेफ्टी उपकरणों और बिना यूनिफार्म के नाबालिक बच्चों से भरपूर काम लिया जा रहा है ये कहीं और नहीं हो रहा है बल्कि योगी और मोदी जी के ड्रीम प्रोजेक्ट गंगा एक्सप्रेस वे निर्माण में कार्यदाई संस्था आईटीडी सिमेंटेशन इंडिया लिमिटेड द्वारा करवाया जा रहा है और जिम्मेदार मूक दर्शक बनकर बैठे हैं। मामला ऊंचाहार तहसील क्षेत्र के इटौरा बुजुर्ग स्थित आईटीडी सिमेंटेशन इंडिया लिमिटेड के प्लांट का है।

आलम ये है कि न बाल श्रमिकों के हाथों में दस्ताने हैं न टोपी और न ही पांव में जूते हैं और तो और उन्हे कंपनी द्वारा सेफ्टी यूनिफार्म तक नहीं



दिया गया बावजूद इसके बालश्रमिक हार्ड वर्क में लगाए गए हैं। सूचना पर गुरुवार को मीडिया कर्मियों ने इटौरा बुजुर्ग स्थित आइटीडी के प्लांट पहुंचकर मौके का जायजा लिया तो स्थितियां ठीक वैसी ही थी जैसी सूचना मिली थी ।मौके पर बिना सेफ्टी उपकरणों के बाल श्रमिकों से हार्ड वर्क करवाया जा रहा था मौके पर हरियाणा के रहने वाले एक मुंशी ने बताया कि आईटीडी सिमेंटेशन इंडिया लिमिटेड के अधीन कई सहयोगी संस्थाएं भी गंगा एक्सप्रेस वे निर्माण में लगी हैं जिनके द्वारा स्थानीय बाल श्रमिकों से काम लिया जा रहा है। बाल श्रमिकों से काम लिए जाने के प्रकरण में अपर जिलाधिकारी सख्त अपर जिलाधिकारी प्रशासन प्रफुल्ल त्रिपाठी ने कहा कि मामला बेहद संगीन है,जांच करवाकर कार्यदाई संस्था के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी।

## विशेष जेल लोक अदालत का किया गया आयोजन

**इटावा।** अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्वेता श्रीवास्तव ने बताया कि उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष चवन प्रकाश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, इटावा के आदेशानुसार विशेष जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। उक्त विशेष जेल लोक अदालत में 26 वादों का निस्तारण अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चतुर्थ सर्वेश कुमार इटावा द्वारा व कार्यालय निशुल्क कानूनी सहायता रक्षा परामर्श प्रणाली के डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउसिंल चन्द्रेश यादव व असिसटेन्ट लीगल एड डिफेंस काउसिंल रजनी शुक्ला के सहयोग से किया गया।

# दो कारों की आमने-सामने भिड़ंत में चार घायल

**बछरावां, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

थाना क्षेत्र के अंतर्गत बांदा बहराइच मार्ग पर नंदाखेड़ा गांव के निकट गुरुवार की दोपहर 3:00 बजे के आसपास दो कारों में आमने-सामने भिड़ंत हो गई।

इस हादसे में एक मासूम सहित चार लोग घायल हो गए ।एक की हालत नाजुक होने के कारण उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। विदित हो कि लखनऊ के एलडीए कॉलोनी थाना आशियाना के रहने वाले जीत बहादुर उम्र 50 वर्ष अपने दोस्त से मिलने लालगंज जा रहे थे, वह जैसे ही नंदाखेड़ा गांव के पास पहुंचे तभी लालगंज से बछरावां की ओर आ रही कार से उनकी कार मे आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इस हादसे में जीत बहादुर तथा दूसरी कार में सवार सूर्यांश



यादव उम्र 18 वर्ष पुत्र लाल साहब , विरोधी यादव उम्र 65 वर्ष पुत्र रामधारी, मासूम विनायक उम्र 10 माह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। सभी का प्राथमिक उपचार के बाद विरोधी यादव को लखनऊ के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है।

इस बारे में थानाध्यक्ष विजेंद्र शर्मा ने बताया कि मामले की सूचना मिली है। आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# पत्नी से नाराज युवक फांसी के फंदे पर झूला, मौत

> शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी, जांच की जा रही है

**बछरावां, रायबरेली समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुंदनगंज गांव में किसी बात से पत्नी से नाराज होकर एक युवक ने फांसी के फंदे पर झूल कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली ।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा हैद्य थाना क्षेत्र के कुंदनगंज गांव का रहने वाला अनूप उम्र 30 वर्ष पुत्र बृजलाल अपनी पत्नी को कल उसके मायके छोड़कर वापस घर आया। बताते हैं कि पति-पत्नी में किसी बात को लेकर लड़ाई झगड़ा भी हुआ । बीती रात खाना खाकर अपने कमरे में चला गया और फिर जब दिन में काफी देर तक वह नहीं उठा तो उसके घर वाले कमरे के अंदर गए तो कमरा अंदर से बंद था।

अंदर जाने पर अनूप का शव कमरे के अंदर पंखे के हुक से लटकता हुआ पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। इस बारे में थानाध्यक्ष विजेंद्र शर्मा ने बताया कि मामले की सूचना मिली है, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी, जांच की जा रही है।

# बाइक खड़े ट्रक से टकराई, दो घायल

> एंबुलेंस से घायल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल किया रेफर

**बछरावां, रायबरेली समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर खैरहनी गांव के पास रायबरेली से आ रहे हैं बाइक सवार अनियंत्रित होकर खड़े ट्रक में जा टकराए, और गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की घायल आकाश उम्र 25 वर्ष पुत्र नरेंद्र शर्मा अपनी मां कमलेश उम्र 50 वर्ष पत्नी नरेंद्र शर्मा निवासी घुसवन थाना गोल्फ सिटी जनपद लखनऊ को



साथ लेकर अपने बड़े भाई कमल उम्र 32 वर्ष पुत्र नरेंद्र शर्मा से रायबरेली जेल मे मुलाकात करने गए थेद्य गुरुवार दोपहर करीब 1:00 के आसपास जब वह रायबरेली से वापस अपने घर जा रहे थे तभी थाना क्षेत्र के अंतर्गत खैरहनी गांव के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर एक खड़े ट्रक से टकरा गई, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस के द्वारा उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने उनका प्राथमिक उपचार करने के पश्चात आकाश की हालत को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। इस बाबत थाना प्रभारी बृजेंद्र शर्मा ने बताया घटना की सूचना प्राप्त हुई है, आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## खबरें एक नजर में

### बहला फुसलाकर भगाने के संबंध मे अभियोग पंजीकृत

**महराजगंज,रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के एक पिता ने कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर देते हुए बताया कि कुलदीप पासी पुत्र कधई पासी निवासी ग्राम बेनीपुर थाना मोहनगंज जनपद अमेठी के द्वारा मेरी वयस्क पुत्री को बहला फुसलाकर भाग ले गए ।वहीं कोतवाली पुलिस ने पिता की तहरीर पर अभियोग पंजीकृत किया।

### मारपीट करने पर सुसंगत धाराओं मे दर्ज हुआ मुकदमा

**महराजगंज,रायबरेली।** मारपीट करना पड़ा महंगा दर्ज हुआ मुकदमा वादिनी लक्ष्मी पत्नी अनिल निवासी ग्राम कलंदरगंज मजरे बावन बुजुर्ग बल्ला जनपद रायबरेली के द्वारा कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर मे बातया की विपक्षी द्वारा घर मे घुसकर मारपीट की गई तथा गाली गलौज की गई और जान से मारने की धमकी दी गई वादिनी की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने नन्हई पुत्र दुलारे उर्फ नंबरी निवासी ग्राम कलंदरगंज मजरे बावन बुजुर्ग बल्ला । वहीं महिला की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है।

### बढ़ती गर्मी को लेकर नगर पालिका ने कराई कृत्रिम बारिश



**रायबरेली।** लगातार तापमान में वृद्धि के कारण और बढते गर्मी को देखते हुए नगर पालिका रायबरेली द्वारा एक पहल की है। इसमें नगर के अलग-अलग भीड़ वाले स्थान में स्पिंगलर (कृत्रिम बारिश) की व्यवस्था कराई गई है तापमान लगातार बढ़ रहा है। नौतपा में दोपहर को तपन लगभग 48 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा हो जाता है। दोपहर की तपन लोगों को बीमार तक कर रही है। इस तपती दोपहर में लोग घर से बाहर निकलते हैं। उनके लिए नगर पालिका ने थोड़ा राहत मिल सके। इसके लिए शहर में जहां लोगों की भीड़ होती है वहां सड़क पर स्पिंगलर (कृत्रिम बारिश) कराया जा रहा है नगर के कलेक्ट्री कचेहरी, डिग्री कॉलेज, सुपरमार्केट, कैनाल रोड आदि स्थानों पर कृत्रिम बारिश के फुहारे बरसाए जाए रहे है।

### आज मनाया जाएगा विश्व तंबाकू निषेध दिवस

**इटावा।** तंबाकू सेवन के घातक प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए प्रत्येक वर्ष 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है इस वर्ष इस दिवस की थीम है बच्चों को तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बचाना। उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई के संकायाध्यक्ष व रेस्पिरेट्री मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ आदेश कुमार ने बताया कि तंबाकू, बीड़ी,सिगरेट स्वास्थ्य के लिए बहुत ही हानिकारक है और तंबाकू के धुएं से बहुत ही हानिकारक पदार्थ निकलते हैं जो कैंसर के कारक बनते हैं इसलिए किसी भी तरह की तंबाकू का सेवन जानलेवा हो सकता है। उन्होंने बताया कि धूम्रपान या सिगरेट का सेवन करने से फेफड़ों के कैंसर का खतरा बना रहता है,सिगरेट बीड़ी पीने पर फेफड़ों के ऊतकों पर बहुत ही बुरा प्रभाव पड़ता है जिससे उसकी कोशिकाएं क्षतिग्रस्त हो जाती हैं जिससे फेफड़े के कैंसर होने का खतरा बढ़ जाता है उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय ऑकोलॉजी विभाग अध्यक्ष डॉ कैलाश मित्तल ने बताया कि तंबाकू के धुएं में बहुत ही हानिकारक पदार्थ होते हैं।

# समर कैंप का समापन, तीन खिलाड़ियों को मिला ब्लैक बेल्ट

**लालगंज, रायबरेली समृद्धि न्यूज।**

पर्यावरण को बचाने के लिए दो पेड़ लगाने की शपथ के साथ ताइक्कांडो समर कैम्प का बुधवार को देर शाम समापन किया गया। इस कैम्प में तीन खिलाड़ियों को ब्लैक बेल्ट तथा डान प्रमोशन का प्रमाण पत्र देते हुए बेल्ट बांध कर सम्मानित किया गया।

इस भीषण गर्मी में 150 खिलाड़ियों ने ताइक्कांडो टेक्निकल समर कैम्प में प्रतिभाग किया। रायबरेली जिला ताइक्कांडो एसोसिएशन द्वारा कस्बे के डाश रिज़वी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय ताइक्कांडो टेक्निकल समर कैम्प आयोजित किया गया था जिसमे हिमाचल प्रदेश के ताइक्कांडो ट्रेनर सुभाष ठाकुर सिक्स डान ब्लैक

> पर्यावरण को बचाने के लिए दो - दो पेड़ लगाने की ली गई शपथ

बेल्ट धारक एनआईएस कोच इंटरनेशनल रेफरी ने खिलाड़ियों को फाइट टेक्निक्स,पूमसे के प्रशिक्षण के साथ साथ स्वथ्य रहने के लिए नए तरीके के साथ व्यायाम के टिप्स दिए और पर्यावरण को बचाने के लिए सभी खिलाड़ियों को दो पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करते हुए सपथ दिलाई और कैम्प का समापन किया। कार्यक्रम के आयोजक अताउर रहमान ने कहा एसोसिएशन के द्वारा हर वर्ष ऐसे कैम्प का आयोजन किया जाता है और खिलाड़ी इससे लाभ भी प्राप्त करते है।इस कैम्प में दो टाइम सुबह और शाम प्रशिक्षण दिया जा रहा



था इस भीषण गर्मी में भी खिलाड़ियों ने खूब मन लगाकर प्रशिक्षण प्राप्त किया। उन्होंने बताया कुकीवान कोरिया द्वारा आयोजित ब्लैक बेल्ट परीक्षा में हमारे यहां से तीन खिलाड़ियों के ब्लैक बेल्ट की परीक्षा उत्तरीण की थी जिनमें दिव्या सिंह ने फस्ट डान, अमान मंसूरी ने सेकेंड डान और डिम्पी तिवारी ने फोर्थ डान की डिग्री प्राप्त किया। तीनो खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र तथा बेल्ट बांध कर सम्मानित किया गया। कैम्प के समापन के अवसर पर संतलाल, प्रशांत शुक्ला,मुजफ्फर आलम, पूनम यादव, महताब आलम,सलमान खान, अखण्ड दीप सोनकर,जितेंद्र प्रजापति,अनुराग यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य एवं जांच कैंप में मरीजों का हुआ परीक्षण

**इटावा।** समाजसेवी रामशरण गुप्ता द्वारा लोटस टीएमटी मेडिकल बस कैंप विजय नगर चौराहा पर लगाकर रोगियों का चिकित्सकों द्वारा निशुल्क इलाज किया गया। निशुल्क चिकित्सा स्वास्थ्य कैंप समाजसेवी रामशरण गुप्ता के प्रयास से लगाया जा रहा है उन्होंने बताया दी जल्द ही अन्य गंभीर रोगों के लिए जयपुर के डॉक्टरों की टीम के द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा। बृहस्पतिवार को विजय नगर चौराहा पर उचित संसाधनों के साथ निशुल्क कैंप लगाया गया, काफी संख्या में रोगियों की निशुल्क जांच के साथ दवा वितरित की गई।


## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपने छोटे पुत्र रामसमुझ को गलत चाल-चलन व कहना न मानने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उसके द्वारा किये गये किसी भी कार्य व लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

**सूचनाकर्ता**
**फूलमती पत्नी मुन्ना**
**ग्राम रामपुर खरगी, तहसील व थाना रामनगर, जिला बाराबंकी**


# बारिश से पहले जलभराव की समस्या से लोगों में आक्रोश

## पालिका अध्यक्ष ने किया वादा बोले, एक माह में करा दिया जाएगा गायत्रीपुरम में जलभराव की समस्या का समाधान

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

अभी बारिश के मौसम को आने में समय है लेकिन उससे पहले गायत्री पुरम के लोगों को जल भराव जैसी समस्या का सामना करना पड़ रहा है जिसको लेकर अभी दो माह पूर्व गायत्री पुरम के लोगों ने प्रदर्शन किया था जिसके बाद मौके पर पहुंचे नगर पालिका अध्यक्ष सत्रोहन सोनकर ने समस्या का समाधान कर दिया था जल निकासी की व्यवस्था हो गई थी लेकिन एक बार फिर बीते एक सप्ताह से लगातार जल भराव की समस्या बनी हुई है जिसको लेकर लोगों में काफी आक्रोश है।

आपको बता दे पूरा मामला नगर पालिका क्षेत्र के गायत्री पुरम का है



जहां पर सैकड़ो की संख्या में मकान बने हैं लेकिन जल निकासी की व्यवस्था नहीं है जिसके कारण आए दिन जल भराव की समस्या हो जाती है जिसके कारण लोगों का पैदल चलना मुश्किल हो जाता है क्योंकि यह पानी बजबजाती हुई नालियों से निकलता है और रोड पर भर जाता है जिसके कारण मोहल्ले वासियों में काफी आक्रोश देखा जाता है जब इस मामले पर नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर से बात की गई तो उन्होंने कहा कि आचार संहिता लगी होने के कारण काम नहीं हो पाया लेकिन आपके चैनल के माध्यम से वादा करता हूं कि गायत्री पुरम में जो जल भराव की समस्या है उस समस्या का समाधान एक माह में करा दिया जाएगा अब देखने वाली बात यह होगी कि आखिर जल भराव की समस्या से क्या लोगों को एक माह में निजात मिल पाएगी या नहीं यह आने वाला समय बताएगा।

## नौ ग्राम में प्रथम व द्वितीय चक्र की चकबन्दी क्रियाएं प्रारम्भ

**रायबरेली।** बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी रायबरेली सुनील नौटियाल ने बताया है कि चकबन्दी आयुक्त, उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा जनपद रायबरेली की तहसील सलोन के ग्राम-इच्छन गोड़ा एवं ग्राम-रेवरी सैदपुर तथा तहसील महराजगंज की ग्राम-बन्नावां एवं तहसील सदर की ग्राम-चकरार को उत्तर प्रदेश जोत चकबन्दी अधिनियम 1953 की धारा-4क की उपधारा-(2) के अधीन प्रथम चक्र की चकबन्दी क्रियाएं प्रारम्भ की गई है। बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी रायबरेली ने यह भी बताया है कि इसी प्रकार चकबन्दी आयुक्त, उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा जनपद रायबरेली की तहसील सदर के ग्राम-सतावं एवं ग्राम-झकरासी तथा तहसील महराजगंज के ग्राम-बेडारू एवं ग्राम-महरौरा व तहसील डलमऊ की ग्राम-तरूखा को उत्तर प्रदेश जोत चकबन्दी अधिनियम 1953 की धारा-4क की उपधारा-(2) के अधीन द्वितीय चक्र की चकबन्दी क्रियाएं प्रारम्भ की गई है।


## पूर्वोत्तर रेलवे

### खुली ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण निम्नवत हैः **ई-निविदा संख्याः** NER-LJN-2024-78, **कार्य का नाम :** वरिष्ठ मण्डल इन्जीनियर/द्वितीय/लखनऊ के क्षेत्र में विभिन्न यार्डो और अनुभागों में (सीतापुर, लखीमपुर और बिस्वाँ यार्ड एवं एप्रोचेज में) गंदगी/मलबा और कचरा (33000cum) हटाने तथा पैंतीपुर, सुंधियामऊ एवं बाँकेगंज में 3 'गैंग रेस्ट रूम के निर्माण का कार्य, **अनुमानित लागत (₹):** ₹ 2,62,19,311.19, **अग्रिम धन (₹):** ₹ 2,81,100.00, **समापन अवधिः** 12 माह। **नोटः (1)** उपरोक्त ई-निविदा संख्या NER-LJN-2024-78 के लिये ई-निविदा दिनांक 21.06.2024 को 15:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15:00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी। **(2)** उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग**
**मुजाधि/डब्ल्यू-88** **लखनऊ**

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"


# हिन्दी पत्रकारिता ने देखा आपातकाल से लेकर स्वर्णिम कालः अजीत सिंह

> हिन्दी पत्रकारिता ने दो शताब्दी पूरे करने की ओर, कई चुनौतियां अब भी बरकरारः संजय मौर्य

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**



हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर रायबरेली मीडिया क्लब की तरफ से संगोष्ठी का आयोजन किया गया। शहर के सारस होटल चौराहा स्थित गणेश नगर में संत कबीर कांप्लेक्स आयोजित गोष्ठी में पत्रकारिता क्षेत्र में मिल रही चुनौतियों के विषय पर चर्चा की गई। सभी कलम-दवाद से शुरू हुई पत्रकारिता ने डिजिटल युग में प्रवेश कर लिया है, लेकिन चुनौतियां कम नहीं हुई है। ज्ञान की देवी सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद शुरू हुई संगोष्ठी में मीडिया क्लब के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने कहा कि भारतीय प्रेस ने और हिन्दी पत्रकारिता ने आपातकाल और अघोषित आपातकाल भी देखे है। तमाम बाधाओं, प्रतिबंध और प्रतिकूल परिस्थितियों के बाद भी भारतीय पत्रकारिता ने अपनी विकास यात्रा तय किया है। भारतीय लोकतंत्र के संरक्षण और संवर्धन में पत्रकारिता, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। महामंत्री संजय मौर्य ने कहा कि आजादी के बाद के पत्रकारिता के विकास में बड़े-बड़े शहरों के अलावा छोटे-छोटे नगरों में भी समाचार पत्र-पत्रिकाओं के प्रकाशन का सिलसिला जारी है। वर्तमान में हिन्दी में अनेक पत्र-पत्रिकाओं का प्रकाशन हो रहा है, कभी सीमित संसाधनों में चलने वाली पत्र-पत्रिकाए आज अच्छी आर्थिक स्थिति में हैं, परंतु लघु एवं माध्यम समाचार पत्र पत्रिकाओं की स्थिति अभी भी चिंताजनक है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरिशानंद मिश्र ने कहा कि 30 मई 2024 को भारतीय हिन्दी पत्रकारिता 198 वर्षों की हो गयी। भारतीय पत्रकारिता के इतिहास में अपना अलग महत्व रखने वाला समाचार पत्र ''उदन्त मार्तण्ड'' हिन्दी का प्रथम समाचार पत्र, 30 मई 1826 को कलकत्ता से साप्ताहिक समाचार पत्र के रूप में प्रकाशित हुआ, इसका प्रकाशन जुगल किशोर शुक्ल ने किया। इस समाचार पत्र के अंक हिन्दी की खड़ी बोली और ब्रज भाषा के मिश्रण में प्रकाशित होते थे। इसके प्रथम अंक की 500 प्रतियां प्रकाशित की गईं, यह समाचार पत्र प्रत्येक मंगलवार को प्रकाशित होता था। मीडिया क्लब के संयोजक विजय यादव ने कहा कि डिजिटल युग में न केवल हमारे संवाद के तरीकों को बदला है, बल्कि हिंदी पत्रकारिता के परिदृश्य को भी एक नया आयाम दिया है। यह परिवर्तन न केवल तकनीकी दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि इससे समाज, संस्कृति और भाषा पर भी गहरा प्रभाव पड़ा है। वरिष्ठ पत्रकार विवेक श्रीवास्तव और आरबी सिंह ने कहा कि 1820 के युग में बंग्ला, उर्दू तथा कई भारतीय भाषाओं में पत्र प्रकाशित हो चुके थे। 1819 प्रकाशित बंगाली दर्पण के कुछ हिस्से हिन्दी में भी प्रकाशित हुआ करते थे, लेकिन हिन्दी के प्रथम समाचार पत्र होने का गौरव ''उदन्त मार्तण्ड'' को प्राप्त है। 30 मई 1826 को प्रकाशित यह समाचार पत्र 4 दिसंबर 1827 को बंद हो गया।

वरिष्ठ पत्रकार रोहित मिश्र और बीपी सिंह ने कहा कि डिजिटल युग में सूचनाओं को और अधिक जांचने और परखने की जरूरत है। समाज में कोई ऐसी सूचना नहीं जानी चाहिए जिससे समाज में भ्रम की स्थिति पैदा हो। पर्यावरण, सांस्कृतिक, सामाजिक, धार्मिक शैक्षिक मुद्दों पर सकारात्मक रिपोर्टिंग और समाज को सही जानकारी देना यही पत्रकारिता का धर्म है। इस मौके पर रामजी श्रीवास्तव, केशव शुक्ला, अजय टैगोर, शषि कपूर आदि पत्रकार मौजूद रहे।


## रोगन अल्सरीन

शरीर में कहीं भी जलन हो, रक्त स्राव हो रहा हो स्तन के फोड़े में घाव हो गया हो, पुराना सिर दर्द हो, बवासीर हो।
मुंह के छाले से लेकर आँत और आमाशय के व्रण तक इसे जल में मिलाकर पीते रहना चाहिए।

सौजन्य से-वैद्य सम्राट स्वर्ण पदक प्राप्त
बाबू गोपाल शरण गर्ग जी
विजयगढ़, अलीगढ़ (उ. प्र.)
सही दवा मिलने का पता- 9120747293
अन्सारी औषधि भण्डार जरवल रोड, बहराइच (उ.प्र.)



## जानलेवा गर्मी

नित नये रिकॉर्ड तोड़ती गर्मी स्पष्ट संकेत दे रही है कि समय रहते बचाव के लिये नीतिगत फैसले नहीं लिए गए तो एक बड़ी आबादी के जीवन पर संकट मंडराएगा। यह संकट तीखी गर्मी से होने वाली बीमारियों व लू से होने वाली मौतें ही नहीं होंगी, बल्कि हमारी खाद्य सुरक्षा शृंखला भी टूटेगी। हालिया अध्ययन बता रहे हैं कि मौसमी तीव्रता से फसलों की उत्पादकता में भी कमी आई है। दरअसल, मौसम की यह तल्खी केवल भारत ही नहीं ,वैश्विक स्तर पर नजर आ रही है। एशिया के अलावा यूरोप व अमेरिकी देशों में भी तापमान में अप्रत्याशित बदलाव नजर आ रहा है। निश्चित रूप से यह तापमान उन लोगों के बेहद कष्टकारी है, जो पहले ही जीवनशैली से जुड़े रोगों से जूझ रहे हैं। जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता असाध्य रोगों की वजह से चूक रही है। ऐसा ही संकट वृद्धों के लिये भी है, जो बेहतर चिकित्सा सुविधाओं व सामाजिक सुरक्षा के अभाव में जीवन यापन कर रहे हैं। वैसे एक तथ्य यह भी है कि मौसम के चरम आने पर, यानी अब चाहे बाढ़ हो, शीत लहर हो या फिर लू हो, मरने वालों में अधिकांश गरीब व कामगार तबके के लोग ही होते हैं। जिनका जीवन गर्मी में बाहर निकले बिना या काम किये बिना चल नहीं सकता। निष्कर्षतरू कह सकते हैं कि उन्हें मौसम नहीं बल्कि गरीबी मारती है। पेट में पर्याप्त भोजन का अभाव कुपोषण को जन्म देता है। जिसके चलते व्यक्ति की रोग प्रतिरोधक क्षमता पर भी प्रभाव पड़ता है। लेकिन विडंबना यह है कि ग्लोबल वार्मिंग के हमारे दरवाजे पर दस्तक देने के बावजूद विकसित व संपन्न देश पर्यावरण संतुलन के प्रयास करने तथा आर्थिक सहयोग देने से बच रहे हैं। ऐसा नहीं है कि मौसम की मार से कोई विकसित व संपन्न देश बचा हो, लेकिन प्राकृतिक संसाधनों के क्रूर दोहन से औद्योगिक लक्ष्य पूरे करने वाले ये देश अब विकासशील देशों को नसीहत दे रहे हैं। दरअसल, गर्मी के प्रभाव से हाइपरटेंशन, निर्जलीकरण, लू लगने के अलावा मानव स्वास्थ्य से जुड़े कई तरह के संकट सामने आ रहे हैं। कई तरह के मानसिक रोगों की भी आशंका जतायी जा रही है। जिसकी वजह से विश्व स्वास्थ्य संगठन सार्वजनिक स्वास्थ्य की आपात स्थितियों के पैदा होने की आशंका जता रहे हैं। बहरहाल, रिकॉर्ड तोड़ते तापमान के दुष्प्रभावों को कम करने के लिये सरकारों को नीतिगत उपायों को लागू करने को प्राथमिकता देनी होगी। सरकारों को मानना होगा कि वैसे तो प्रकृति किसी तरह का भेदभाव नहीं करती मगर सामाजिक असमानता के चलते वंचित समाज इसकी बड़ी कीमत चुकाता है। सरकार रेड अलर्ट व ऑरेंज अलर्ट की सूचना देकर अपने दायित्वों से पल्ला नहीं झाड़ सकती। खासकर ऐसे समय में जब हरियाणा व राजस्थान में पारा पचास पार करके गंभीर चुनौती का संकेत दे रहा है।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस जागरूकता फैलाने के साथ कानूनी सख्त भी ज़रूरी

एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया




**जब मैं उनके दांतों के सड़न के बारे में बात की तो उन्होंने कहा तंबाकू से ही सब गए हैं। मैंनें कैंसर की बात की तो उन्होंने कहा आगे चलकर हमें कैंसर हो सकता है, फिर भी बेफिक्र होकर तंबाकू खाते दिखे तो मुझे लगा अब जनजागरण फैलाने के साथ-साथ अत्यंत सख्त कार्रवाई करना लाजमी है और संबंधित विभाग को ऊपर से टारगेटेड कार्रवाई केस देने का दबाव बनाना जरूरी हो गया है परंतु या फिर निक्कमे अधिकारियों का निलंबन करना समय की मांग है, क्योंकि ऐसा हो ही नहीं सकता कि तंबाकू सेवन या विक्रेता के केस ना हो, अधिकारी एक ढूंढेंगे तो हजारे केस मिल जाएंगे, इसका स्वतः संज्ञान मंत्रालय स्तर से लेना जरूरी है। साथियों बात अगर हम 31 मई 2024 को तंबाकू निषेध दिवस मनाने की करें तो, दुनियां भर में हर साल 31 मई को वर्ल्ड नो टोबैको डे या एंटी-टोबैको डे मनाया जाता है।**

वैश्विक स्तरपर अनेक ऐसी बुराइयों या बुरी आदतों शौक या कार्यकलाप हैं,जिन्हें रोकने के लिए 195 से अधिक देशों की सदस्यता से बना संयुक्त राष्ट्र द्वारा उस आदत, वस्तु को रोकने निषेध दिवस मनाया जाता है, जिसके लिए जन जागरण या निषेध दिवस मनाया जाता है जो काबिले तारीफ है। उसी कड़ी में 31 मई 2024 को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के रूप में मनाया जा रहाहै,जो हर सालमनाया जाता है।

परंतु मेरा मानना है कि अब समय आ गया है कि दुनियां के हर देश व हर राज्य द्वारा इससे संबंधित कानूनो में अब संशोधन करने का समय आ गया है।अब तंबाकू और उससे बनी वस्तुओं पर पूरी तरह से बैन और उल्लंघन करने वालों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत कार्रवाई की जाए। हालांकि भारत के अनेक राज्यों में तंबाकू व उससे बने पदार्थों पर बैन लगा हुआ है, परंतु उस पर सख्ती की अत्यंत भारी कमी देखने को मिल रही है।इस संबंधमें इस आर्टिकल को लिखने के पीछे मैं खुद एक हफ्ते से रिसर्च व ग्राउंड रिपोर्टिंग कर रहा था, जिसकी चर्चा हम नीचे के पैराग्राफ में करेंगे, तो मैंने पाया कि तंबाकू विक्रेताओं पर अति सुस्ती से कार्रवाई होती है, मार्केट में खुलेआम तंबाकू बिकते दिखा अनेक गोदाम पैक रखे हुए, विक्रेता मलाई से लबालब शालीनता वाली जिंदगी मे मस्त दिखे। असल में होता यह है कि हफ्ताखोरी के कारण जो रेड होता है, उसकी जानकारी संबंधित ऑनर को उस डिपार्टमेंट के भेदियों से मिल जाती है और माल ठिकाने लग जाता है या सेटिंग से कम दिखाया जाता है, केस ढीला कर दिया जाता है, आरोपी को शीघ्र जमानत मिल जाती है, फिर कारोबार का चक्र उसी तरह चलते रहता है रिकॉर्ड में रेड दिखाई जाती है पर होता जाता कुछ नहीं, यह कहानी मेरा मानना है कि शायद हर जिला प्रशासन में हो सकती है। इस प्रकार के मदिरा व्यापारमें मैंनें अभी तक कोर्ट से सजा नहीं देखी या सुननी है। आरोपी छूट जाता है मामला रफादफा हो जाता है और हम केवल और केवलजागरूकता दिवस, निषेध दिवस मनाते रह जाते हैं जिसपर शायद शासन प्रशासन को गंभीरता से विचार करना जरूरी है। चूंकि 31 मई 2024 को हम तंबाकू निषेध दिवस मना रहे हैं, जबकि जागरूकता दिवस के साथ अति कानूनी सख्ती भी अत्यंत तात्कालिक जरूरी है, इसलिए आज हम मीडियम उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, तंबाकू निषेध जनजागरण के दिन लद गए, अब तंबाकू विक्रेता और सेवनकर्ता दोनों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत कार्रवाई पर विचार करना समय की मांग है। साथियों बात अगर मेरे द्वारा दिनांक 23 से 29 मई 2024 तक तंबाकू सेवनकर्ताओं से ग्राउंड रिपोर्टिंग बातचीत की करें तो, मैं सब्जी मंडी, मॉल, सिनेमाघर, पेट्रोल पंप किराना बाजार सहित अन्य कई स्थानों पर दैनिक रूटिंन में जाकर देखा तो अनेकों के हाथ में झिल्ली में लपेटा हुआ या पाउच में डाला हुआ गुटका तंबाकू दिखा। मैंनें जब उनसे बात की तो उन्होंने कहा हमें मालूम है कि पाउच के ऊपर लिखा रहता है तंबाकू सेवन से कैंसर जैसी घातक बीमारी हो सकती है,परंतु फिर भी हम खा रहे हैं। हालांकि तंबाकू पर यहां बैन लगा हुआ है फिर भी खुले आम विक्रेताओं बीच सेवनकर्ता सेवन कर रहे हैं। जब मैं उनके दांतों के सड़न के बारे में बात की तो उन्होंने कहा तंबाकू से ही सब गए हैं। मैंनें कैंसर की बात की तो उन्होंने कहा आगे चलकर हमें कैंसर हो सकता है, फिर भी बेफिक्र होकर तंबाकू खाते दिखे तो मुझे लगा अब जनजागरण फैलाने के साथ-साथ अत्यंत सख्त कार्रवाई करना लाजमी है और संबंधित विभाग को ऊपर से टारगेटेड कार्रवाई केस देने का दबाव बनाना जरूरी हो गया है परंतु या फिर निक्कमे अधिकारियों का निलंबन करना समय की मांग है, क्योंकि ऐसा हो ही नहीं सकता कि तंबाकू सेवन या विक्रेता के केस ना हो, अधिकारी एक ढूंढेंगे तो हजारे केस मिल जाएंगे, इसका स्वतः संज्ञान मंत्रालय स्तर से लेना जरूरी है।

साथियों बात अगर हम 31 मई 2024 को तंबाकू निषेध दिवस मनाने की करें तो, दुनियां भर में हर साल 31 मई को वर्ल्ड नो टोबैको डे या एंटी-टोबैको डे मनाया जाता है। हिंदी में इसे विश्व तंबाकू निषेध दिवस या तंबाकू विरोधी दिवस कहते हैं। हर कोई जानता है कि तंबाकू खाना उनकी सेहत को कितना नुकसान पहुंचा सकता है, लेकिन इसके बावजूद लोग इसके सेवन से कभी परहेज नहीं करते। इसलिए, तंबाकू विरोधी दिवस पर लोगों को जागरूक करने, तंबाकू को छोड़ने और कभी हाथ नहीं लगाने के लिए जागरूक किया जाता है। विश्व तंबाकू निषेध दिवस 2024 का विषय या उसकी थीम तंबाकू उद्योग की दखल से बच्चों की रक्षा करना है, ताकि भविष्य की पीढ़ियों की रक्षा की जा सके और यह सुनिश्चित किया जा सके कि तंबाकू के इस्तेमाल में गिरावट जारी रहे। इस साल, तंबाकू उद्योग के युवाओं को टारगेट कर बनाए गए मार्केटिंग के तरीकों की चिंता बढ़ाने वाली प्रवृत्ति की ओर ध्यान दिया गया है।विश्व तंबाकू निषेध दिवस का महत्व दिनों-दिन बढ़ता जा रहा है।क्योंकि सोशल मीडिया और लाइव स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म वगैरह के जरिए दुनियां भर में युवा तेजी से तंबाकू प्रोडक्ट्स के आकर्षण और संपर्क में आ रहे हैं। यह उनके स्वास्थ्य और समाज के कल्याण के लिए एक बड़ा खतरा है। दुनियां भर के सर्वेक्षण लगातार दिखा रहे हैं कि ज्यादातर देशों में 13-15 वर्ष की आयु के बच्चे तंबाकू और निकोटीन प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल कर रहे हैं। 13 से 15 वर्ष की उम्र के बच्चों पर बढ़ रहा खतरा युवाओं में धूम्रपान का प्रचलन बना हुआ है और कई देशों में यह बढ़ रहा है। 13 से 15 वर्ष की आयु के 38 मिलियन से अधिक बच्चे किसी न किसी रूप में तंबाकू का इस्तेमाल कर रहे हैं। साल 2022 में, 15 से 24 साल के बच्चों के बीच पॉपुलर टीवी और वेब शो में तंबाकू वाले विजुअल्स में 110 फीसदी की वृद्धि हुई, जो अक्सर धूम्रपान को ग्लैमरस और कूल के रूप में दिखाते हैं।ट्रुथ इनिशिएटिव के अनुसार, स्क्रीन पर धूम्रपान की तस्वीरें देखने पर युवाओं में स्मोकिंग शुरू करने की संभावना तीनगुना तक बढ़ जातीहै जो रेखांकित करने वाली बात है जिसे ध्यान में रखना होगा। साथियों बात अगर हम तंबाकू सेवन में विभिन्न प्रकार का कैंसर होने का प्रमुख कारण बनने की करेंतो,तम्बाकू विभिन्न प्रकार के कैंसरों के लिए प्रमुख कारण है, तथा अकेले धूम्रपान ही फेफड़े के कैंसर से होने वाली 90 प्रतिशत मौतों के लिए जिम्मेदार है।

## विचार

# इंडिया ब्लॉक के 1 जून को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की उम्मीद

डॉ. ज्ञान पाठक

**पीएम मोदी ने 63.62 फीसदी वोट हासिल किये थे, जिसमें 7.25 फीसदी स्विंगवोट थे, क्योंकि वे पुलवामा की लहर पर सवार थे। जनवरी 2024 में राम मंदिर उद्घाटन ने उनके पक्ष में जनभावना को बढ़ाया था, लेकिन उसके बाद से यह कम होता जा रहा है। उत्तर प्रदेश में वाराणसी समेत कुल 13 लोकसभा सीटों पर मतदान होना है और तीसरी बार सत्ता में आने की कोशिश कर रहे पीएम मोदी एक भी सीट नहीं गंवाना चाहते। राज्य में पिछले छह चरणों के चुनाव में भाजपा ने आधा दर्जन से अधिक सीटों पर अच्छा प्रदर्शन नहीं किया।**

लोकसभा चुनाव 2024 के अंतिम 7वें चरण ने दोहरा गौरव प्राप्त किया है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को वाराणसी में सबसे अच्छा समय प्रदान करता है, लेकिन आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 1 जून को मतदान के लिए निर्धारित अधिकांश लोकसभा क्षेत्रों में सबसे खराब समय भी प्रस्तुत करता है। अंतिम 57सीटों के लिए चुनाव प्रचार 30 मई को समाप्त हो जायेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं, जहां उन्हें आरामदायक जीत की उम्मीद है, लेकिन चिंता की बात यह है कि जीत के अंतर में भी कोई भी हार उनके अपने निर्वाचन क्षेत्र में लोगों के बीच उनकी लोकप्रियता खोने का संकेत देगी। इसलिए उन्होंने और उनके आरएसएस-भाजपा कुनबे ने 2019 में हुए पिछले लोकसभा चुनाव में अपनी जीत के अंतर को 4,79,505 से बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। भाजपा नेता इस जीत के अंतर को दोगुना करने का दावा कर रहे हैं, जो इस समय संभव नहीं लगता। पिछले चुनाव में सपा प्रत्याशी शालिनी यादव दूसरे स्थान पर रही थीं, हालांकि इस बार सीट बंटवारे के तहत कांग्रेस प्रत्याशी अजय राय इंडिया ब्लॉक के उम्मीदवार हैं। जाहिर है, इंडिया ब्लॉक2019 की तुलना में कड़ी टक्कर दे रहा है। गौरतलब है कि 2019 में जब सपा और कांग्रेस ने अलग-अलग चुनाव लड़ा था, तब उन्हें 18.40 और 14.38 फीसदी वोट मिले थे। पीएम मोदी ने 63.62 फीसदी वोट हासिल किये थे, जिसमें 7.25 फीसदी स्विंगवोट थे, क्योंकि वे पुलवामा की लहर पर सवार थे। जनवरी 2024 में राम मंदिर उद्घाटन ने उनके पक्ष में जनभावना को बढ़ाया था, लेकिन उसके बाद से यह कम होता जा रहा है। उत्तर प्रदेश में वाराणसी समेत कुल 13 लोकसभा सीटों पर मतदान होना है और तीसरी बार सत्ता में आने की कोशिश कर रहे पीएम मोदी एक भी सीट नहीं गंवाना चाहते। राज्य में पिछले छह चरणों के चुनाव में भाजपा ने आधा दर्जन से अधिक सीटों पर अच्छा प्रदर्शन नहीं किया, जिसका मतलब है कि पार्टी 2019 में जीती गई 62सीटों में से कुछ खोने का जोखिम उठा रही है। पार्टी के लिए अब यह बड़ी चिंता की बात है कि कम से कम तीन सीटों- बलिया, गाजीपुर, घोसी- पर सपा के उम्मीदवारों ने भाजपा के उम्मीदवारों की नींद उड़ा दी है। जहां तक भाजपा की सहयोगी पार्टी अपना दल (एस) की बात है तो उसके उम्मीदवारों को मिर्जापुर और रॉबर्ट्सगंज सीटों पर मामूली बढ़त हासिल है। इससे पहले एनडीए की एक और सहयोगी पार्टी रालोद ने भी दो सीटों को छोड़कर अच्छा प्रदर्शन नहीं किया था। 2019 में राज्य से एनडीए की सीटों की संख्या 64 थी, जिसमें अपना दल (एस) की दो सीटें थीं। भाजपा ने इस बार राज्य की कुल 80सीटों में से 74 सीटें खुद के लिए और 4 सीटें सहयोगियों के लिए जीतने का लक्ष्य रखा था। हालांकि, राज्य में पार्टी अपने लक्ष्य से काफी पीछे है। उसे अपनी 62 सीटें बचाने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। चुनाव के आखिरी चरण में महाराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, सलेमपुर, चंदौली और निश्चित रूप से वाराणसी में भाजपा का पलड़ा भारी दिख रहा है। अगर हम आखिरी चरण में भाजपा के प्रदर्शन की तुलना करें तो उत्तर प्रदेश में एनडीए के लिए स्थिति बेहतर है, हालांकि इंडिया ब्लॉक तीन सीटों पर उसे मात दे सकता है। अन्य राज्यों में पार्टी का प्रदर्शन पहले के चरणों की तुलना में काफी खराब दिख रहा है। केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ की एकमात्र सीट और पंजाब की 13सीटों पर भाजपा को इंडिया ब्लॉक के उम्मीदवारों से बड़ी चुनौती मिलती दिख रही है। चंडीगढ़ में कांग्रेस और आप के बीच गठबंधन है और कांग्रेस भाजपा के नये उम्मीदवार को कांग्रेस उम्मीदवार कड़ी टक्कर दे रहे हैं। सत्ता विरोधी लहर को भांपते हुए भाजपा ने अपने मौजूदा सांसद को टिकट न देकर नये उम्मीदवार को चुनावी रणभूमि में उतारा है। कांग्रेस के पास चंडीगढ़ सीट पर कब्जा करने का बहुत अच्छा मौका है, जिसे 2019 के चुनाव में फिल्म अभिनेत्री किरण खेर ने जीता था। भाजपा ने 2019 के चुनाव में पंजाब में दो सीटें - गुरुदासपुर और होशियारपुर - जीती थीं। उस समय भाजपा और शिरोमणि अकाली दल ने मिलकर चुनाव लड़ा था। अब वे सभी 13सीटों पर अलग-अलग चुनाव लड़ रहे हैं, भाजपा पहली बार सभी सीट लड़ रही है। हालांकि पंजाब में आप और कांग्रेस के बीच सीटों के बंटवारे की कोई व्यवस्था नहीं है, लेकिन वे मुख्य प्रतियोगी के रूप में उभरे हैं। भाजपा राज्य में हार की लड़ाई में अपनी सीटों को बचाने के लिए संघर्ष कर रही है। भाजपा को बिहार में भी अपनी उम्मीदें धराशायी होती दिख रही हैं, जहां इस चरण में 8 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होना है। इन आठ सीटों में से, भाजपा को केवल एक पटना साहिब सीट पर बढ़त मिलती दिख रही है, जबकि उसकी सहयोगी जेडी(यू) नालंदा में अच्छा प्रदर्शन करती दिख रही है। सासाराम में कांग्रेस उम्मीदवार का पलड़ा भारी है, जबकि राजद पाटलिपुत्र, बक्सर और जहानाबाद में एनडीए उम्मीदवारों को कड़ी टक्कर दे रहा है। वामपंथी राजनीति के लिए अच्छी खबर हो सकती है, क्योंकि राजद और कांग्रेस के साथ इंडिया गठबंधन में सहयोगी सीपीआई (एमएल) एल को दो निर्वाचन क्षेत्रों में अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद है। भाजपा ने हिमाचल प्रदेश में सभी चार सीटों पर जीत का भरोसा जताया है। हालांकि, स्थिति उतनी अनुकूल नहीं है। मंडी और हमीरपुर सीटों पर अभी भी भाजपा को बढ़त हासिल है, लेकिन कांगड़ा और शिमला सीटों पर उसके उम्मीदवारों को स्थानीय मुद्दों के कारण कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है।

## गांधी को फिल्म से जानने वाले

वाराणसी कहें या बनारस या फिर काशी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लोकसभा क्षेत्र जहां से वे तीसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं। यहां 1 जून को मतदान होगा। यहीं पर है बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय। इसे बनाया था महामना पं. मदन मोहन मालवीय ने। उनकी प्रेरणा थे महात्मा गांधी। गांधी जी को पंडित जी से भी लगाव था, काशी से भी और स्वाभाविकतरू बीएचयू से भी। इसलिये 5 फरवरी, 2015 को उसके स्थापना दिवस समारोह में वे विशेष रूप से उपस्थित हुए थे। दक्षिण अफ्रीका से लौटे थे और अपने राजनीतिक गुरु गोपाल कृष्ण गोखले की सलाह पर भारत का कोना-कोना देख आये थे। दरभंगा के महाराज के शरीर पर आभूषण देखकर कहा था कि अब मुझे पता चला कि देश सोने की चिड़िया से गरीब कैसे बना। अपने भाषण में उन्होंने छात्रों से पूछा था कि वे कैसा स्वराज चाहते हैं। उसी लोकसभा क्षेत्र से देश का प्रतिनिधित्व करने वाले मोदी जी कहते हैं कि गांधी का पता दुनिया को रिचर्ड एटनबरो की फिल्म देखने के बाद पता चला। है न गजब, कि जो गांधी गुजरात के थे, उसके मोदी मुख्यमंत्री रहे। गांधी का नाम वे साल में पांच-सात बार ले ही लेते हैं। देश हो या विदेश, हर जगह गांधी का उल्लेख करते हैं। उन्हें अगर मलाल है कि गांधी को वैसा नहीं जाना जाता जिस प्रकार नेल्सन मंडेला और मार्टिन लूथर किंग को जाना जाता है। मोदी शायद यह नहीं जानते कि जिन लोगों का वे नाम लेते हैं, वे खुद को ही गांधी के अनुयायी मानते हैं। एक चौनल को साक्षात्कार देते वक्त जब वे कहते हैं कि हमने, यानी देश ने ऐसे कोई प्रयास नहीं किये कि दुनिया में लोग उन्हें जानें। दरअसल मोदी कांग्रेस की आलोचना करने के लिये यह कह रहे थे परन्तु ऐसा कहकर वे अपनी कुटिलता व अल्प ज्ञान का ही परिचय दे गये थे। वे नहीं जानते कि बहुत युवावस्था में जब वे दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद व श्रमिकों के साथ होने वाले अन्याय के खिलाफलड़ रहे थे, तभी से दुनिया उन्हें जान गयी थी। गोखले उन्हें भारत आमंत्रित करने वहां जाते हैं। सत्य व अहिंसा दो ऐसे सिद्धांत उन्होंने दुनिया को दिये, जिससे सारा विश्व ही उनका मुरीद हो उठा था। महान मानवतावादी रूसी लेखक लियो टॉलस्टॉय से उनका पत्र व्यवहार होता था। गोलमेज सम्मेलन में भाग लेने जाते हैं तो उनसे मिलने महानतम अभिनेता चार्ली चौपलिन आते हैं, दुनिया के सबसे बड़े वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन उनसे मिलने के बाद कह उठते हैं कि आने वाले वर्षों की पीढ़ियां इस बात पर शायद ही यकीन करेंगी कि गांधी नाम का हाड़-मांस का पुतला कभी इस धरती पर चला था।

गांधी के लिए दीवानगी कुछ यूं थी कि अंग्रेजी साहित्यकार मुल्कराज आनंद उनसे साक्षात्कार करने भारत आते हैं और बीबीसी का पत्रकार उनके साथ चलता हुआ नमक तोड़ो सत्याग्रह को कवर करता है, जिसे वह ग्रेट दांडी मार्च कहता है। 1931 में दूसरे गोलमेज सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए जब गांधीजी गए तो ब्रिटिश प्रधानमंत्री से भी मिले, जिस पर फ्रेंक मॉरिस ने कहा था, श्एक अधनंगे फकीर को ब्रिटिश प्रधानमंत्री से बातचीत के लिए सेंट जेम्स पैलेस की सीढ़ियां चढ़ने का नजारा अपने आप में अनोखा और दिव्य प्रभाव पैदा करने वाला था।श

गांधी वही अधनंगे फकीर थे जो दुनिया के सबसे ताकतवर ब्रितानी शासक की आंख में आंख डालकर कहने की हिम्मत रखते थे कि उनके शरीर पर इतने कम कपड़े इसलिये हैं क्योंकि उनके जैसे देश के लोगों के हिस्से तो आपने पहन रखे हैं। उसी इंग्लैंड में वह उन्हीं कपड़ा मिल मजदूरों की बस्ती में रूकते हैं जो भारत में छेड़े गए विदेशी वस्त्रों के खिलाफ चल रहे आंदोलन के कारण बेकार हो गये थे। भारत की आजादी के पहले और बाद में भी गांधी के मुरीद देश ही नहीं विदेशों में भी थे। आंग सान सू,कैलेनबाख, मीरा बेन, नेल्सन मंडेला से लेकर बराक ओबामा तक, कितने नाम लें और कितने छोड़ें। आज भी दुनिया भर में सबसे ज्यादा मूर्तियां व डाक टिकट गांधीजी पर हैं। यहां तक कि लंदन में वेस्टमिंस्टर परिसर में भी उनकी मूर्ति है, जबकि गांधीजी ने इन्हीं अंग्रेजों के खिलाफ लड़े थे।



## राशिफल

**मेषः-** विचारों की अस्थिरता आपको उलझनपूर्ण परिस्थिति में डालेगी। नौकरी-व्यवसाय के क्षेत्र में स्पर्धायुक्त वातावरण रहेगा। नए कार्य करने के लिए प्रेरित होंगे। प्रवास की संभावना है।

**वृषभः-** मन की दुविधा ठोस निर्णय पर आने से रोकेगी जिससे हाथ आए अवसर आप खो देंगे। झक्की व्यवहार के कारण संघर्ष में उतरने की संभावना है। नए कार्य के लिए दिन अच्छा नहीं है।

**मिथुनः-** आज का दिन लाभदायक साबित होने की आशा रख सकते हैं। सुबह से ताजगी और प्रसन्नता का अनुभव होगा। आर्थिक लाभ मिलने के साथ-साथ कहीं से गिफ्ट प्राप्त हो सकता है।

**कर्कः-** शरीर और मन में बेचौनी और अस्वस्थता का अनुभव होगा। मन की संदिग्धता और दुविधा आपकी निर्णयशक्ति को कसौटी के शिखर पर चढ़ाएंगे। वाद-विवाद से दूर रहें।

**सिंहः-** आज के दिन आपको विविध लाभ मिलने की संभावना है। ऐसे समय में मन का ढीलापन आपको लाभ से वंचित न कर दे, इसका ख्याल रखें। पदोन्नति और आय वृद्धि का योग है।

**कन्याः-** नए कार्य शुरू करने के लिए निर्मित योजनाओं को अमल में लाने का आज उत्तम समय है। व्यापार में लाभ होगा। बकाया वसूली के पैसे वापस मिलेंगे। पिता की तरफ से लाभ होगा।

**तुलाः-** लंबी दूरी की यात्रा या धार्मिक स्थान की मुलाकात होगी। विदेश यात्रा के लिए अनुकूलता रहेगी। फिर भी आपको संतान और स्वास्थ्य के सम्बंध में चिंता रहेगी। धन का खर्च होगा।

**वृश्चिकः-** आज का दिन सावधानीपूर्वक बिताएं। नए कार्य शुरू न करें। क्रोध, आवेश और अनैतिक आचरण आपको कठिनाई में डाल सकते हैं। दुर्घटना से बचें।

**धनुः-** बौद्धिक, तार्किक, विचार-विनिमय और लेखन कार्य के लिए शुभ दिन है। भागीदारी में लाभ होगा। जीवनसाथी के साथ के सम्बंधों में अधिक घनिष्ठता रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा।

**मकरः-** आज से आपके व्यापार-धंधे का विकास होगा। आर्थिक रूप से लाभदायक दिन होने से पैसे की लेन-देन में सरलता रहेगी। परिवार में सुख- शांति का माहौल रहेगा।

**कुंभः-** आज आप संतान और अपने स्वास्थ्य के सम्बंध में चिंतित रहेंगे। अपच, पेट-दर्द से परेशान होंगे। विचारों में तेजी से परिवर्तन मानसिक स्थिरता में खलल पहुंचाएगा।

**मीनः-** शारीरिक- मानसिक भय रहेगा। कुटुंबीजनों के साथ वाद-विवाद होगा। माताजी का स्वास्थ्य खराब होगा। अनचाही घटनाओं से आपके उत्साह में कमी आएगी। अनिद्रा से परेशान रहेंगे।

# ध्यान की राजनीति या राजनीति का ध्यान

सर्वमित्रा सुरजन




**मसलन, इस बार ध्यान करने के लिए उन्होंने विवेकानंद स्मारक की क्यों चुना। क्या राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत यहीं से की थी, और वे भी विवेकानंद मेमोरियल गए थे, इस वजह से श्री मोदी वहां पहुंच रहे हैं। भाजपा के एक नेता का दावा है कि यहां आकर श्री मोदी राष्ट्रीय एकता का संदेश देना चाहते हैं, क्योंकि यहां पूर्वी और पश्चिमी तट रेखाएं मिलती हैं। लेकिन भौगोलिक एकता तो भारत में बनी ही हुई है, असल मसला तो भावनात्मक एकता का है। क्या श्री मोदी अपने ध्यान से इस एकता को मजबूत करने में कोई मदद कर सकते हैं। सवाल तो यह भी है कि नरेन्द्र मोदी पिछले तीन महीनों से लगातार चुनाव प्रचार में व्यस्त हैं, उससे पहले पांच साल अलग-अलग विधानसभा चुनावों, नगरीय निकायों और पंचायत चुनावों में व्यस्त रहे, और इस दौरान वक्त मिलने पर कभी विदेश यात्रा पर जाना पड़ा, कभी ट्रेनों को हरी झंडी दिखानी पड़ी और कभी नौकरी के नियुक्ति पत्र बांटने पड़े, तो अब उन्हें थोड़ी फुर्सत मिली, तो क्या बेहतर नहीं होता कि वे प्रधानमंत्री कार्यालय में थोड़ा वक्त गुजार लेते।**

दुखबर आई है कि आम चुनावों के आखिरी चरण के लिए प्रचार खत्म होने के बाद प्रधानमंत्री मोदी कन्याकुमारी में विवेकानंद स्मारक जाकर ध्यान में लीन होने वाले हैं। 30 मई को पंजाब में प्रचार करने के बाद वे सीधा तमिलनाडु जाएंगे। 31 मई से 1 जून तक श्री मोदी विवेकानंद रॉक मेमोरियल में बने ध्यान मंडपम में करीब 24 घंटों का ध्यान लगाएंगे। 132 साल पहले 1892 में स्वामी विवेकानंद ने समुद्र में जब यह शिला देखी थी, तो उससे प्रभावित हुए थे, वे तैर कर इस शिला पर पहुंचे और फिर 25, 26, 27 दिसंबर तीन दिनों तक यहां ध्यान लगाया था। कहा जाता है कि यहीं उन्हें भारत माता की दिव्य अवधारणा की अनुभूति हुई थी। पाठकों को पता ही होगा, स्वामी विवेकानंद का मूल नाम नरेन्द्र था, विवेकानंद नाम उन्हें आध्यात्म के रास्ते पर चलने के बाद मिला। अब यह तो परमात्मा ही जानें, या फिर खुद को परमात्मा का अंश बताने वाले नरेन्द्र मोदी जानें कि आगे जाकर वे अपने लिए कौन सा नाम चाहते हैं या फिर नरेन्द्र होकर ही उन्होंने वह सिद्धि हासिल कर ली है, जिसके लिए अनेक लोगों ने बरसों की तपस्या की है। गौरतलब है कि नरेन्द्र मोदी इससे पहले 2019 में केदारनाथ की रुद्र गुफा में इसी तरह आखिरी चरण के मतदान के वक्त ध्यान करने पहुंचे थे। गेरुआ वस्त्र और आंखों पर लगा चश्मा, लेकिन बंद आंखों से कैमरे की उपस्थिति में किस तरह ध्यान लगाया, इसका रहस्य जानने को अब भी देश उत्सुक है। 2014 में भी श्री मोदी चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद शिवाजी के प्रतापगढ़ किले पहुंचे थे, जहां अफजल खान को शिवाजी ने बघनखा से मारा था। हालांकि इस जगह उन्होंने ध्यान तो शायद नहीं लगाया होगा, या फिर वे खुद को इतना सिद्ध मानते हैं कि वे उस जगह पर भी ध्यान लगा सकते हैं, जहां किसी की हत्या की गई हो। बहरहाल, 2015 में प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेन्द्र मोदी कोलकाता के बेलूर मठ गए थे और उसी कमरे में कुछ देर ध्यान उन्होंने लगाया था, जहां स्वामी विवेकानंद ध्यान लगाया करते थे। ध्यान की राजनीति या राजनीति का ध्यान, कुछ भी कहें, प्रधानमंत्री इस खेल के पुराने खिलाड़ी लगते हैं। इसलिए उनसे कुछ सवाल हैं। मसलन, इस बार ध्यान करने के लिए उन्होंने विवेकानंद स्मारक की क्यों चुना। क्या राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत यहीं से की थी, और वे भी विवेकानंद मेमोरियल गए थे, इस वजह से श्री मोदी वहां पहुंच रहे हैं। भाजपा के एक नेता का दावा है कि यहां आकर श्री मोदी राष्ट्रीय एकता का संदेश देना चाहते हैं, क्योंकि यहां पूर्वी और पश्चिमी तट रेखाएं मिलती हैं।

लेकिन भौगोलिक एकता तो भारत में बनी ही हुई है, असल मसला तो भावनात्मक एकता का है। क्या श्री मोदी अपने ध्यान से इस एकता को मजबूत करने में कोई मदद कर सकते हैं। सवाल तो यह भी है कि नरेन्द्र मोदी पिछले तीन महीनों से लगातार चुनाव प्रचार में व्यस्त हैं, उससे पहले पांच साल अलग-अलग विधानसभा चुनावों, नगरीय निकायों और पंचायत चुनावों में व्यस्त रहे, और इस दौरान वक्त मिलने पर कभी विदेश यात्रा पर जाना पड़ा, कभी ट्रेनों को हरी झंडी दिखानी पड़ी और कभी नौकरी के नियुक्ति पत्र बांटने पड़े, तो अब उन्हें थोड़ी फुर्सत मिली, तो क्या बेहतर नहीं होता कि वे प्रधानमंत्री कार्यालय में थोड़ा वक्त गुजार लेते। 24 घंटे अपने कार्यालय में ही ध्यान कर लेते तो कुछ नहीं बिगड़ता। बल्कि तमिलनाडु तक जाने का खर्च बचता, और आम लोगों को भी तकलीफ नहीं होती, जिनके लिए श्री मोदी की यात्रा के दौरान विवेकानंद स्मारक बंद किया जा रहा है। प्रधानमंत्री कार्यालय में श्री मोदी ध्यान करने बैठते तो शायद उन्हें देश की दशा और दिशा का ध्यान भी हो जाता। नरेन्द्र मोदी चाहते तो दिल्ली के आस-पास मथुरा-वृंदावन में ही ध्यान कर लेते। सारनाथ या बोधगया भी जा सकते थे या गुजरात में भी ध्यान के स्थलों की कमी नहीं है। लेकिन उनके मन में शायद यह बात आई हो कि अब मैंने खुद को परमात्मा का अंश बता दिया है तो विपक्ष के नेताओं या अपनी पार्टी या संघ में भी ऐसा कोई नहीं है, जिससे मैं होड़ कर सकूं, विश्वगुरु हूं तो दुनिया का भी कोई नेता मेरे मुकाबिल नहीं ठहरता, गांधी-नेहरू-पटेल-भगत सिंह से भी कोई वास्ता नहीं, तो फिर क्यों न सीधे स्वामी विवेकानंद से ही होड़ करूं। कोई आध्यात्मिक सिद्धि हासिल हो न हो, नाम तो हो ही जाएगा कि इस शिला पर दो नरेन्द्रों ने ध्यान लगाया था। इससे पहले कि नरेन्द्र मोदी ध्यानमग्न हो जाएं, उनका ध्यान कुछ और जरूरी बातों की तरफ दिलाना जरूरी है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

## मतगणना स्थल पर मतगणना की समस्त तैयारियों को समय से पूर्ण करने के निर्देश

**महोबा। समृद्धि न्यूज**



लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की मतगणना प्रक्रिया सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराये जाने के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी मृदुल चौधरी ने मतगणना स्थल राजकीय पॉलिटेक्निक में बनाए गए स्ट्रांग रूम के साथ-साथ 4 जून 2024 को होने वाली मतगणना की तैयारी का जायजा लिया तथा मतगणना को निर्वाचन आयोग के निर्देशो के अनुपालन सुनिश्चित करते हुए सकुशल संपन्न करानें हेतु की जा रही विभिन्न तैयारी से संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना कार्मिको, विभिन्न प्रत्याशियों एवं उनके एजेंटों तथा मीडिया बन्धुओं के बैठने की व्यवस्था व उपयुक्त स्थल पर वाहन पार्किंग का स्थान निर्धारित करने व उनकी मतगणना स्थल तक आने हेतु प्रवेश द्वार निर्धारित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने नियमानुसार उपयुक्त स्थल पर मतगणना कार्मिको एवं एजेंटों के मोबाइल को रखने हेतु भी व्यवस्था करने के निर्देश दिए तथा गर्मी के दृष्टिगत छाया, पेयजल की व्यवस्था के साथ ही उपयुक्त स्थल पर टॉयलेट की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने टॉयलेट व परिसर में नियमित सफाई व्यवस्था भी सुनिश्चित करने हेतु पर्याप्त सफाई कार्मिक लगाने हेतु अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया।

उन्होंने मतगणना स्थल पर मतगणना की समस्त तैयारियों को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने मतगणना स्थल पर कम्युनिकेशन कक्ष, मीडिया सेंटर/ दीर्घा की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा जांच हेतु प्रत्येक एंट्री पॉइंट पर पुलिसकर्मी तैनात करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम प्रकाश, उपजिलाधिकारी सदर जितेन्द्र सिंह सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## आसमान से बरसती आग और लू का कहर जारी

**पनवाड़ी,महोबा।** कस्बा ही नहीं समूचे जिले में हीट स्ट्रोक का कहर जारी है। इससे बूढ़े, बच्चे, नौजवान,महिला पुरुष कराह उठे है और जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित है। सुबह से ही सड़कों पर सन्नाटा पसर जाता है,जो इक्का दुक्का लोग बाहर निकलते है,वह भी लू से बचने का पूरा इंतजाम किए रहते है,इसके बाद भी लोग हीट स्ट्रोक का शिकार होकर जान गंवा रहे है। बच्चे छाता लेकर निकल रहे है। बता दें कि जनपद में तापमान 46 डिग्री रिकार्ड किया जा रहा है। प्रातः से ही आसमान से आग बरसना शुरू हो जाती है। इससे लोग अपने अपने घरों में कैद हो जाते है। हालांकि मौसम विभाग द्वारा जारी एडवाइजरी को लेकर जिला प्रशासन पहले से ही लोगों को आगाह कर चुका है।

# प्रधान ने मैन तिगैला पर खुलवाए नि:शुल्क प्याऊ

**पनवाड़ी, महोबा। समृद्धि न्यूज**



जहां जनपद में पारा 46 डिग्री पार कर रहा है। गर्मी भी अपने पूरे सबाब पर है। जिसको देखते हुऐ ग्राम प्रधान संजय द्विवेदी ने मैन तिगैला पर दो निशुल्क ठंडे पानी के प्याऊ खुलवाकर सराहनीय कार्य किया है। इस मौके पर ग्राम प्रधान ने बताया कि कस्बा के हर मुहाल में टैंकरों द्वारा पीने के पानी की सप्लाई की जा रही है वहीं ग्राम प्रधान ने लोगों से अपील की है कि कस्बा में कहीं भी पीने की पानी की समस्या हो वो उन्हे अवगत करा सकते है। जिससे फौरी उनकी समस्या का समाधान किया जा सके। इस मौके पर एडीओ पंचायत कमलेश अनुरागी,सचिव निर्देश इकबाल घायल,रमेश मेंबर,नरेन्द्र गुप्ता, कल्लू जायसवाल आदि नागरिक मौजूद रहे।

# बाइक में लिफ्ट देकर, किसान से की गई टप्पेबाजी

> पीड़ित की जेब से 5800 रुपये छीनकर भाग गए युवक

**चरखारी,महोबा। समृद्धि न्यूज**



कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अस्थौन निवासी मर्दन सिंह चरखारी के सिविल जज जूनियर डिविजन में अपने मुकदमे के सम्बन्ध में वाद की तारीख करके कस्बा के पचराहा में वापस अस्थौन गांव जाने के लिए खड़ा था तभी पल्सर बाइक सवार दो टप्पेबाज युवक आए बोले कहा जा रहें चाचा चलों हम गांव छोड़े दे बोले अस्थौन गांव के दोनों टप्पेबाज युवकों ने पीड़ित मर्दन सिंह को बीच में बिठा लिया तथा कुर्ता की जेब से 5800 रुपये छीनकर गांव अस्थौन से 100 मीटर थोड़ी दूर बाइक उतार कर भाग गए। जब पीड़ित ने अपनी जेब देखी तो रुपए गायब मिले पीड़ित मर्दन सिंह ने कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर दी।

सदर चौकी प्रभारी सुभाष तिवारी ने पचराहा स्थिति दुकानों के सीटीवी कैमरे के फूटेज संदिग्ध बाइक सवार टप्पेबाजों की शिनाख्त की।

# मतगणना कार्मिकों का प्रशिक्षण कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित

**महोबा। समृद्धि न्यूज**



जनपद महोबा में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत मतगणना कार्मिकों का प्रशिक्षण कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया, जिसमें 38 मतगणना पार्टी का प्रशिक्षण आयोजित किया गया, जिसमें 152 कार्मिकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। एक मतगणना पार्टी में मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक, अतिरिक्त मतगणना सहायक एवं माइक्रोआब्जर्वर तैनात रहते हैं। प्रशिक्षण के दौरान कार्मिकों को संपूर्ण मतगणना प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी गई, जिसमें सभी को अवगत कराया गया कि स्ट्रांग रूम से मशीन, काउंटिंग टेबल पर आने पर सर्वप्रथम मतगणना अभिकर्ताओं को दिखाएं, कि यह मशीन उसी बूथ की है जिस पर मतदान हुआ है। कंट्रोल यूनिट की सभी सील को तोड़ने से पहले मतगणना अभिकर्ताओं को अवश्य दिखाएं, इसके उपरांत टोटल का बटन दबाकर मशीन के टोटल को मतपत्र लेखा 17 सी से मिलान करें तथा स्वयं संतुष्ट होने के बाद अभिकर्ताओं को भी दिखाएं।

इसके उपरांत रिजल्ट सेक्शन में जाकर रिजल्ट का बटन दबाए तथा उम्मीदवार वार परिणाम 17सी भाग 2 पर नोट करें एवं सभी उम्मीदवारों के मतों का टोटल करने के उपरांत इस टोटल को मतपत्र लेखा से मिलान करें। यदि कोई मशीन ऑन नहीं होती है अथवा मशीन से संबंधी कोई और समस्या होती है तो एआरओ को सूचित करते हुए आगामी कार्यवाही करें। यह भी बताया गया कि काउंटिंग के दौरान लैपटॉप, मोबाइल फोन, चार्जर, स्मार्ट वॉच, केलकुलेटर एवं अन्य कोई भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण साथ में लेकर नहीं आएंगे। मतगणना तिथि दिनांक 4 जून 2024 को प्रातः 6:00 बजे सभी मतगणना कार्मिक प्रत्येक दशा में मतगणना स्थल राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज महोबा पर उपस्थित होकर कार्मिक पंडाल में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। प्रशिक्षण के समय उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम प्रकाश ने मतगणना कार्मिकों से कहा कि मतगणना का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसमें सावधानी पूर्वक कार्य करें, किसी प्रकार की त्रुटि न होने पाए। सभी मतगणना कार्मिक प्रशिक्षण में मतगणना कार्य को भली भांति पूर्वक समझ ले। प्रशिक्षण में मुख्य विकास अधिकारी/ प्रभारी अधिकारी कार्मिक चित्रसेन सिंह, डिप्टी कलेक्टर मृत्युंजय मिश्रा सहित मतगणना कार्मिक उपस्थित रहे।

# मंदिर के पास लू से चमगादड़ों के मरने पर फैली सनसनी

> सड़ांध के चलते लोगो का सांस लेना हो रहा मुश्किल

**हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**

गर्मी व लू के प्रकोप के चलते गुरुवार को स्थानीय चौरा देवी मंदिर के पास सैकड़ो की तादादा में चमगादड़ों की मौत हो गयी,सड़ांध के चलते आसपास रहने वाले लोगो का सांस लेना मुश्किल हो रहा है।

जानकारी के मुताबिक हीट बेव के चलते जिले में लू से पांच मौते के बाद पशु पक्षी व चमगादड़ो का मरना शुरु हो गया है। आज धार्मिक स्थल चौरादेवी परिसर के पास पेड़ो में लटके सैकड़ो की तादात में चमगादड़ मर गये जिससे आसपास रहने वाले लोगों में सनसनी फैल गयी। पुजारी का कहना है कि यह पहला मौका है जब मंदिर के पास लू से चमगादड़ मर गये है। सड़ांध के चलते लोगो का रहना व श्रद्धालुओं का सांस लेना दुश्वार हो रहा है। इस मामले में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी(सीवीओ) डा. अरविंद कुमार का कहना है कि जब डीएफओ कहेगे तो वह चमगादड़ो का पोस्टमार्टम करा देगे। इससे यह जानकारी हो जायेगी कि चमगादड़ो की मौत किसी बीमारी से हुई है या लू से हुई है। यदि किसी बीमारी से हुई है तो चिंताजनक होगा। हालाकि उनका मानना है कि लू से इससमय पशु पक्षियों के मरने की सूचना मिल रही है। डीएफओ अनिल कुमार श्रीवास्तव का कहना है कि वह मौके पर रेंजर को भेजकर जांच पड़ताल करा रहे है।

## खबरें एक नजर में

### पुलिस ने पकड़ा वांछित गैंगस्टर आरोपी

**इटावा।** थाना कोतवाली इटावा से वांछित गैंगस्टर आरोपी विजय चौहान उर्फ शकील बाबा उर्फ बाबा ठाकुर पुत्र तेजवीर चौहान उर्फ पोले चौहान निवासी विक्रमपुर राजा का बाग थाना सिविल लाइन इटावा को शहर कोतवाल विक्रम सिंह चौहान, उप निरीक्षक शकील अहमद, का. शेखर चौहान, का. योगेश कुमार ने वाइस ख्वाजा रोड से गिरफ्तार किया।

### प्री-ट्रायल बैठक का आयोजन कल

**इटावा।** अपर जिला जज/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्वेता श्रीवास्तव ने बताया कि उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष के आदेशानुसार 13 जून को जनपद न्यायालय प्रांगण इटावा में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण के उद्देश्य से प्रशासनिक एवं राजस्व अधिकारीगण के साथ प्री-ट्रायल बैठक का आयोजन एक जून को अपरान्ह एक बजे से जनपद न्यायालय, इटावा के सभागार में किया जाएगा। प्रशासनिक अधिकारीगण से अनुरोध है कि उक्त प्री-ट्रायल बैठक में नियत किए गए वादों की सूची सहित तथा राष्ट्रीय लोक अदालत में व्यक्तिगत रुप से समय से भाग लें।

### अहिल्याबाई होल्कर की जयंती आज मनेगी

**इटावा।** सपा जिला महासचिव वीरू भदौरिया ने बताया कि आज 31मई को सिविल लाइन स्थित सपा कार्यालय पर प्रातः 9 बजे भारतीय इतिहास की प्रसिद्ध शासिका राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की 299वीं जयंती मनाई जाएगी, उन्होंने लगातार 30 साल तक शासन किया था, इस अवसर पर एक विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया है। सपा जिला महासचिव वीरू भदौरिया ने बताया कि कार्यक्रम प्रातः 9 बजे प्रारंभ होगा, एवं गोष्ठी का समापन 11 बजे किया जाएगा। सपा जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू एवं जिला महासचिव वीरू भदौरिया व जिला प्रवक्ता/मीडिया प्रभारी सपा विकास गुप्ता विक्की ने पार्टी के समस्त पदाधिकारियो एवं कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम में समय से भाग लेने की अपील की है।

### बेटों और बहू को किया बेघर, न्याय के लिए भटक रहे पीड़ित

**इटावा।** इकदिल थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम लोहिया दौलतपुर में ससुर कप्तान सिंह पत्नी सीमा देवी अपने दो बेटों और उनकी पत्नी बच्चों को बेघर कर दिया। पीड़ित परिवार ने बताया हमारे ससुर कप्तान सिंह ने एक बेटे के नाम जमीन एवं घर का बैनामा कर दिया है हम दो भाइयों के परिवार घर से बेघर हो गए है बच्चों को सड़क पर रहकर गुजारा कर रहे है पीड़ित महिला ज्योति ने बताया है हमारे ससुर कप्तान सिंह का रहन सहन सही नहीं है जिसका हम लोग विरोध करते है और हमारी घर मे शादी सुधा ननद चन्द्रकांति रहती है जो आये दिन घर में क्लेश एवं लड़ाई झगड़ा एवं मारपीट करती है जो हम दो परिवार काफी दिन से बहुत ही परेशान है हम लोग लगातार सम्बन्धित अधिकारियों के चक्कर लगा रहे है लेकिन अभी तक कोई भी न्याय नहीं मिल रहा है हमारे घर मे तीनों भाइयों को बराबर पुश्तेनी सम्पति का अधिकार है लेकिन हमारे ससुर ने एक बेटे के नाम सम्पति कर दी है।

# हीट स्ट्रोक की चपेट में आया लोको पायलट

**महोबा। समृद्धि न्यूज**



महोबा में ट्रेन के लोको पायलट की हीट वेव की चपेट में आने से हालत बिगड़ गई । इंजन के अंदर 56 डिग्री सेल्सियस तापमान पर 9 घंटे से ज्यादा की ड्यूटी करने के बाद अचानक लोको पायलट उल्टी और चक्कर के बाद अचेत होकर गिर गया। सहायक पायलट ने एंबुलेंस की मदद से साथी को उपचार कीजिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। लगभग 2 घंटे से ज्यादा समय तक मालगाड़ी महोबा रेलवे स्टेशन पर खड़ी रही है दूसरे लोको पायलट के पहुंचने के बाद ट्रेन को महोबा से बांदा को रवाना किया गया है।

इस समय नौतपा का दौर चल रहा है। भीषण गर्मी के चलते जनजीवन अस्त व्यस्त है। मौसम विभाग के द्वारा बुंदेलखंड में पहले ही हीटवेव को लेकर अलर्ट जारी कर दिया गया है। गर्मी का असर यहां के आम जनमानस में देखने को मिल रहा है । जनपद का तापमान 48 डिग्री सेल्सियस पर पहुँचने वाला है। ऐसे में शरीर को झुलसा देने वाली गर्म हवा और लू ने लोगों को बेहाल कर रखा है। उमस भरी गर्मी के चलते आम जनमानस के साथ-साथ पशु पक्षी भी बेहाल हो रहे हैं। हीट स्ट्रोक के कारण मालगाड़ी ट्रेन को झांसी से लेकर बांदा जा रहे लोको पायलट विनोद कुमार की कुलपहाड़ स्टेशन पर उल्टी और चक्कर आने के कारण हालत बिगड़ गई। जिसकी सूचना उसने अपने उच्चाधिकारियों के दी। उच्चाधिकारियों के द्वारा लोको पायलट को ट्रेन महोबा स्टेशन तक पहुंचाने की बात कही गई ।जिस पर लोको पायलट ट्रेन को लेकर महोबा स्टेशन तक पहुंचा जहां लोको पायलट हीटवेव के चलते अचेत होकर गिर गया। जिसे सहायक पायलट गगन सैनी के द्वारा एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। जिला चिकित्सालय इमरजेंसी विभाग में तैनात चिकित्सक डॉक्टर विष्णु ने बताया कि लोको पायलट हीटवेव की चपेट में आकर अचेत हो गया है । जिसे उसके साथी के द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भर्ती कराया गया है। गर्मी के चलते पायलट हीट वेव का शिकार हो गया है।

# जेबकतरों ने भाजपा नेता के पिता की काटी जेब, पुलिस भौचक्का

> वाहन का इंतजार करने के लिए स्टेट बैंक चौराहे पर खड़े थे तभी हुई वारदात

**राठ,हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**

राठ कस्बे में टप्पेवाजों ने पुलिस को चुनौती दे दी है। आय दिन घटनाओं से लोग आजिज आ गये है। पुलिस उस समय भौचक्के रह गयी जब भाजपा नेता के पिता की जेब से जेबकतरों ने 29 हजार रुपये उड़ा दिये। औंड़ेरा गांव निवासी भाजपा जिला सहसंयोजक अवधेश कुमार शर्मा ने बताया कि उनके पिता उत्तम शर्मा 25 मई को सामान खरीदने के लिए राठ गए थे। सामान खरीद कर घर लौट रहे थे। तब वाहन का इंतजार करने के लिए स्टेट बैंक चौराहे पर खड़े हो गए। दो बाइक सवार युवकों ने जबरन बाइक पर बैठाकर रामलीला की ओर ले गए। जहां ले जाकर बाइक से उतार दिया। बताया कि इस दौरान युवकों ने उनकी जेब काटकर 29 हजार रुपए पार कर दिए थे। जब जेब कटी हुई देखी तब होश उड़ गए। जेब में रुपए न होने पर शोर मचाया। तब तक बाइक सवार भाग गए। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी।

कोतवाल उमेश सिंह ने बताया कि जांच कराई जा रही है। टप्पेबाजों ने लोगो का जीना हराम कर दिया है पुलिस हाथ में हाथ धरे बैठी है। भाजपा नेता के पिता की जेब कटने का मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

## चोरों ने अस्सी हजार व मोबाइल फोन किया पार पुलिस से की शिकायत

**राठ,हमीरपुर।** कस्बे के चरखारी रोड महावीर मंदिर के पास बुधवार की रात चोरों ने घर में घुसकर जेब से 80 हजार रुपए और मोबाइल फोन पार कर दिया है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कस्बे के बाबूलाल कुशवाहा ने पुलिस को बताया कि बुधवार की रात चोर छत पर चढ़कर मकान के अंदर घुस आए। चोर अलमारी के अंदर रखे पैंट की जेब से 80 हजार रुपए और मोबाइल फोन चोरी करके ले गए। सुबह जब वह जागे तो अलमारी से रुपए गायब थे। बताया कि मोहल्ले में एक दुकान पर शराब बिक रही है। 12 बजे रात तक लोगों की भीड़ लगी रहती है। कोतवाल उमेश सिंह ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

## पत्नी वियोग में युवक ने जहर खाकर दी जान

**कुरारा,हमीरपुर।** थाना क्षेत्र के बेरी ग्राम पंचायत के मजरा इंद्रपुरी गांव निवासी युवक ने बीती रात पत्नी के मायके से न आने पर घर में जहरीला पदार्थ खाने से मृत्यु हो गयी। क्षेत्र के इंद्रपुरी गांव निवासी लोकेश कुमार(30) ने घर में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। सुबह हालत खराब होने पर परिजनो ने बेरी चौकी इंचार्ज संगम लाल प्रजापति को फोन कर घटना की जानकारी दी।जब तक पुलिस मौके पर पहुंची तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।मृतक के भाई लाल सिंह ने बताया कि मृतक की पत्नी एक वर्ष से इसके पास नही आ रही है। उसी के गम में रहता था।इसके एक सात माह की पुत्री भी है। पत्नी वियोग में उसने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया।

# चुनाव ड्यूटी न करने पर तीन शिक्षक निलंबित,तीन शिक्षा मित्रों की सेवाएं समाप्त

> सफाई कर्मचारी निलंबित, नगर पंचायत के लिपिक की निलंबन की संस्तुति

**हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**

मतदान दिवस के एक दिन पहले पोलिंग पार्टी के साथ न पहुंचने पर जिलाधिकारी के आदेश पर तीन शिक्षकों व एक सफाई कर्मी को निलंबित कर तीन शिक्षा मित्रों की सेवाएं समाप्त कर दी है। वही नगर पंचायत लिपिक को निंलंबित करने की संस्तुति की गयी है। सीडीओ चंद्रशेखर शुक्ला ने गुरुवार को बताया कि लोकसभा चुनाव में सुमेरपुर मंडी समिति से 19 मई को पोलिंग पार्टियां रवाना होनी थी मगर कन्या जूनियर हाईस्कूल पौथिया की हेडमास्टर व मतदान अधिकारी पुष्पा सचान अनुपस्थित होने के कारण उनको निलंबित कर सुमेरपुर ब्लाक संसाधन केंद्र से संबद्ध कर दिया गया है इसी प्रकार अनुपस्थित महिपाल सिंह सहा अध्यापक प्राथमिक विद्यालय देवराई का डेरा सरीला को निलंबित कर ब्लाक संसाधन केंद्र सरीला से संबद्ध कर दिया गया है।

अनुपस्थित श्रीमती प्रीति सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय सायर ब्लाक मौदहा को निलंबित कर उनको मौदहा ब्लाक संसाधन केंद्र से सम्बद्ध कर दिया गया है।

# एडी ने अस्पताल का निरीक्षण कर दिये निर्देश

> अपर स्वास्थ्य निदेशक ने हर अस्पताल में कोल्ड रूम बनाने का सुनाया फरमान

**हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**



आज स्थानीय जिला महिला व पुरुष अस्पताल का अपर स्वास्थ्य निदेशक(एडी) डॉ.रेखारानी ने औचक निरीक्षण कर दोनो अस्पतालों में डॉक्टरों को तालमेल बना कर रहने को कहा है।

एडी ने कहा कि अलग कर्मियों के केवल तीन हाजिरी रजिस्टर ही बनाये जाये जानकारी के मुताबिक एडी ने सबसे पहले पुरुष अस्पताल में सभी डॉक्टरो के काउन्टर में जाकर डॉक्टरो व मरीजों से हाल चाल पूछा। एडी ने बताया कि अस्पताल में जो कमिया थी वह पूरी कर ली गयी है हीट वेव को लेकर निरीक्षण किया है हर अस्पताल में कोल्ड रुम बनाये जाने के आदेश दिये है।

उनका मानना है कि हर सीएचसी पीएचसी में डार्क रुम की स्थापना कर दी गयी है। जो भी व्यक्ति लू से पीड़ित आयेगा उसको यही पर रखकर इलाज किया जायेगा एडी ने बताया कि सीएचसी पीएचसी मे जो डाक्टर नियुक्त है उनको वहा से हटा कर जिला अस्पताल में नियुक्त करने का काम शासन स्तर पर किया जाता है उनके अधिकार क्षेत्र में नही है। ज्यादातर सीएचओ के अस्पताल में न जानने के मामले को एडी टाल गयी। उनका कहना है कि शिकायत करने पर कार्यवाही की जायेगी।

## गर्मी और लू चरम पर, लोगों का घरों से निकलना दूभर

**इटावा।** राहतपुरा गांव में बनी काशीराम कॉलोनी में लगातार बढ़ती गर्मी के चलते लोगों का बुरा हाल है। इस कॉलोनी में 200 से ज्यादा परिवार रहते हैं और समस्या लोगों की बरकरार है प्रशासन इस और कोई ध्यान नहीं देता है।

कॉलोनी में घुसते ही बिजली विभाग के ट्रांसफार्मर के तार खुले हुए देखे जा सकते हैं जो आए दिन कोई बड़े हादसे को दावत देते दिखाई पड़ रहे हैं वहीं पानी भी पर्याप्त मात्रा में लोगों को नहीं मिल पा रहा है इसके साथ-साथ गंदगी का भी बुरा हाल है कॉलोनी के अंदर और रिहाईसी मकान के पीछे बनी नालियां बिजबिजा रही हैं।

# पुलिस कर्मियों ने की दंगा, बलवा नियंत्रण मॉकड्रिल



**इटावा। समृद्धि न्यूज**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के नेतृत्व में रिजर्व पुलिस लाइन इटावा के परेड ग्राउंड पर पुलिस कर्मियों द्वारा दंगा, बलवा नियंत्रण मॉक ड्रिल की गयी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभय नाथ त्रिपाठी के नेतृत्व में रिजर्व पुलिस लाइन इटावा में पुलिस कर्मियों द्वारा दंगा, बलवा नियंत्रण मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभय नाथ त्रिपाठी द्वारा द्वारा दंगा/बलवा नियंत्रण मॉक ड्रिल प्रतिभाग कर रहे पुलिस कर्मियों को भविष्य में कभी भी किसी भी परिस्थिति में दंगों एवं बलवाओं में आक्रोशित भीड़ से स्वयं को बचाव करते हुए भीड़ को नियंत्रित करने के बारे में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान पुलिस कर्मी द्वारा बलवा एवं दंगा नियंत्रण मॉक ड्रिल के दौरान प्रयुक्त होने वाले उपकरणों बॉडी प्रोटेक्टर, हेलमेट, डंडा, टियर गैस गन, कंसील्ड, रबर बुलेट, फायर ब्रिगेड इत्यादि के साथ संपूर्ण दंगा बलवा मॉक ड्रिल का अभ्यास किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अपराध सुबोध गौतम, क्षेत्राधिकारी नगर अमित सिंह, क्षेत्राधिकारी जसवंतनगर विवेक जावला, क्षेत्राधिकारी भरथना अतुल प्रधान, क्षेत्राधिकारी सैफई शैलेन्द्र प्रताप गौतम, क्षेत्राधिकारी चकरनगर नागेन्द्र चौबे, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन व अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## भीषण गर्मी को देखते हुए कोचिंग संस्थानों को कराया जाये बंद

**इटावा।** समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष एंव व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित ने भीषण गर्मी को देखते हुये जिले मे चल रहे कोचिंग संस्थानों को कुछ दिन के लिए बंद करानें की मांग की है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी से जनजीवन अस्त व्यस्त है,ऐसे में जिले भर के कोचिंग संस्थान बच्चों को निरंतर बुला रहे हैं।

दो तीन ट्यूशन के बाद इस भीषण गर्मी में बहुत से बच्चे जब घर पहुंचते हैं तो बीमार हो रहे हैं, अविभावक गण लगातार इसकी शिकायत कर रहे हैं, परंतु कोचिंग संचालक पैसों के लालच में कोचिंग बंद नहीं कर रहे हैं।



## पांच शिक्षकों को मिला उप्र पारस रत्न सम्मान

**इटावा।** पारस एजुकेशनल सोसाइटी उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में बरेली नाथ नगरी में भिन्न भिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 111 शिक्षकों, साहित्यकार, खिलाड़ी, योग शिक्षकों और समाजसेवियों को बरेली में उत्तर प्रदेश पारस रत्न सम्मान से सम्मानित किया। पारस एजुकेशनल सोसाइटी उत्तर प्रदेश ने राष्ट्रीय कार्यशाला में बिहार, हरियाणा, उत्तराखंड,उत्तर प्रदेश सहित इटावा के पांच शिक्षकों को सम्मानित किया , जिसमें संजीव कुमार यादव प्राथमिक विद्यालय भगवानपुरा जसवंतनगर, राम जी शर्मा प्राथमिक विद्यालय नगला मके ताखा, दाऊदयाल वर्मा कंपोजिट विद्यालय नगला नया जसवन्तनगर, सुनीता यादव गौरैया संरक्षिका पूर्व माध्यमिक विद्यालय खरदूली सैफई, अनुराधा दोहरे प्राथमिक विद्यालय नगरिया बुजुर्ग,महेवा को पारस रत्न सम्मान-2024 से अर्बन कोपरेटिव बैंक मुख्यालय बरेली के सभागार में सम्मानित किया गया।

## एंटी रोमियो स्कवायड ने शहर में किया पैदल गश्त

**इटावा।** मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण के दृष्टिगत जनपदीय महिला सुरक्षा विशेष दल एंटी रोमियो स्कवायड द्वारा शहर क्षेत्रान्तर्गत पैदल गश्त कर मनचलों/ अराजक तत्वों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया गया। जनपदीय महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा शहर क्षेत्र अंतर्गत पैदलगस्त कर गर्ल्स स्कूल/कॉलेज, कोचिंग संस्थान, मंदिर, पूजा घर, महिलाओं एवं बालिकाओं के आवागमन से संबंधित महत्वपूर्ण हॉटस्पॉट, सार्वजनिक स्थलों, चौरोहो, बाजार, मॉल, पार्क, स्कूल बस/टैक्सी स्टैण्ड आदि स्थानों पर सुरक्षा हेतु अभियान चलाकर चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान अनावश्यक रूप से घूमने वाले छात्र-छात्राओं, युवक-युवतियों, मनचलों, अराजक तत्वों से रोककर पूछताछ की गई।

# मतदान समाप्त, परिणाम पर टिकी प्रत्याशी समर्थक और आम मतदाताओं की निगाहें

**उतरौला(बलरामपुर)। समृद्धि न्यूज**

**गोंडा लोकसभा** के उतरौला विधानसभा में सोमवार शाम को मतदान समाप्त होने के बाद प्रत्याशी, समर्थक और आम मतदाताओं की निगाह अब मतगणना परिणाम पर टिकी हुई है। पर इससे पहले सभी हार-जीत का गुणा- भाग लगा रहे हैं। हर कोई अपने-अपने गांव वार्ड में पड़े मतदान प्रतिशत के आधार पर जीत-हार की बाजी लगा रहा था। कइयों की नजर पार्टी प्रत्याशियों के अलावा बसपा के वोटों पर भी है। उन्हें आभास है कि बसपा के वोटों का ग्राफ बढ़ा तो उनकी राह में रोड़ा अटक सकता है। इसे लेकर लोगों बीच जमकर बहसबाजी भी हो रही थी। इसके अलावा बूथ की दिनभर गतिविधियों के बारे में प्रत्याशियों के कार्यालय पर देर शाम व मंगलवार की सुबह तक चर्चा हो रही है।

शाम छ बजे के बाद जब मतदान का शोरगुल थमा तो जीत- हार से बात शुरु होने लगी। देर शाम तक उतरौला के विभिन्न जगहों पर प्रत्याशियों के पक्ष में जीत-हार की जबरदस्त दलीलें दी जा रही थीं। मतदान में कहीं पर मतदाताओं की चुप्पी तो किसी जगह पर मुखर होकर बोलने पर हर कयास को विराम लगा रहा था। मतदान के बाद शहर के गली, मोहल्लें की कई दुकानें खुल गई थीं। बाजार की रौनक भी शाम को लौट आई। मतदान के बाद शहर का दृश्य रहा कि लोग एक दूसरे से अपने-अपने गांव व वार्ड के बारे में जानकारी आदान प्रदान कर रहे थे। किस वार्ड में किस प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी बयार बही, टोह ले रहे थे। नेता, प्रधान, पार्टी पदाधिकारी सभासद व आमजन देर शाम तक मंथन करते रहे कि मतदान का असली तस्वीर क्या रहा है। किस के पक्ष कितना प्रतिशत वोट पड़ा। पार्टी के सिंबल पर चुनावी वैतरणी पार करने वाले परंपरागत वोटों पर भरोसा जता रहे थे। कौन वफादारी से रहा और किसी ने भीतरघात किया, इसे लेकर भी प्रत्याशी अपने-अपने कार्यालय पर देर शाम तक चर्चा करते रहे। इन सभी के बाद सभी की जुबां से अंतिम बार यहीं निकला कि अब मतगणना के दिन ही सब पता चल जाएगा। मंगलवार की सुबह समाजवादी पार्टी का कार्यालय बंद रहा। तो वहीं भाजपा कार्यालय पर काफी चहल पहल देखने को मिला। भाजपा कार्यालय पर पूर्व सभासद फणींद्र गुप्ता, तोताराम वर्मा, आनंद त्रिपाठी दद्दन, महेंद्र प्रताप सिंह, राजन श्रीवास्तव, देवेंद्र निषाद, जगतमन वर्मा, महेश गुप्ता समेत दर्जनों कार्यकर्ता चर्चा में मौजूद रहे। विधायक राम प्रताप वर्मा अपने क्षेत्र के प्रधान ऑन कार्यकर्ताओं पदाधिकारी से फोन पर संपर्क कर उनके भूत व क्षेत्र की जानकारी करने में लग रहे।

विधायक राम प्रताप वर्मा ने कहा कि गोंडा लोकसभा का चुनाव भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी कीर्ति वर्धन सिंह उर्फ राजा भैया एक लाख से अधिक वोटो से जीत की हैट्रिक लगाते हुए तीसरी बार लोकसभा पहुंचेंगे। तो वहीं पर मौजूद भाजपा नेता महेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि सभी वर्ग के लोगों ने भाजपा प्रत्याशी कीर्ति वर्धन सिंह उर्फ राजा भैया के पक्ष में मतदान किया है कि उनकी जीत निश्चित है। मतदान के अगले दिन समाजवादी पार्टी का कार्यालय तो बंद था लेकिन सपा के नेता व कार्यकर्ता एक होटल में बैठकर चाय की चुस्कियों के साथ हार जीत का गुणा भाग कर रहे थे।

पूर्व नगर पालिका प्रत्याशी मलिक एजाज अहमद ने कहा कि समाजवादी पार्टी हर हाल में गोंडा लोकसभा का सीट जीतेगी क्योंकि सभी धर्म व समुदाय के लोगों ने भाजपा की गलत नीतियों, महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, किसानो की दुर्दशा के मुद्दे पर इस बार इंडिया गठबंधन को वोट किया है। इस बार भारत की जनता मन बन चुकी है कि इस सरकार को उखाड़ फेंकना है। इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। पूर्व गन्ना चेयरमैन अतीक अहमद खान ने कहा कि गन्ना किसानों को इस सरकार ने छला है। आज भी गन्ना किसानों का बकाया भुगतान नहीं कर पाई है। खेतों की सिंचाई के लिए किसी भी नहर में पानी नहीं है। किसानों को पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है। पढ़ा लिखा युवा सड़कों पर बेरोजगार घूम रहा है। पढ़े लिखे युवाओं को चला जा रहा है। एक भी प्रतियोगी परीक्षा सही से नहीं कर पाए हैं। हर बार पेपर लीक हो रहा है। इन्हीं सब समस्याओं को देखते हुए जनता ने इस बार जाति धर्म से ऊपर उठकर देश की भलाई विकास के लिए इंडिया गठबंधन को वोट दिया है। प्रधान अवकाश अनस, अंसार अहमद खान, इजहार खान पप्पू, बहलोल नियाजी, के के यादव, महेश यादव, मनोज यादव समेत अन्य सपाई हार जीत का गुणा भाग करते रहे।

# डीएम व एसएसपी ने किया जिला कारागार का औचक निरीक्षण




**अयोध्या। समृद्धि न्यूज**

**जिला मजिस्ट्रेट** नितीश कुमार ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राज करन नैय्यर के साथ गुरुवार को जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान इन दोनों अधिकारियो ने सबसे पहले पाकशाला का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिया।इसके उपरांत जिला मजिस्ट्रेट ने किशोर बैरक का निरीक्षण किया तथा जेल प्रशासन द्वारा किशोर अपचारियों के कौशल विकास एवं उनके शैक्षणिक उन्नयन हेतु किए जा रहे प्रयासों तथा इस संबंध में भविष्य की योजनाओं की जानकारी ली, जिसके संतोषजनक न पाए जाने के प्रसन्नता व्यक्त की।जिला मजिस्ट्रेट ने जेल के सभी किशोर अपचारियों का उनके उम्र के अनुरूप उनकी शैक्षिक एवं कौशल ज्ञान का आधारभूत सर्वेक्षण कराकर प्रत्येक अपचारी का प्रोफाइल तैयार करने के निर्देश दिए तथा उसके अनुरूप उनके शैक्षिक एवं कौशल उन्नयन हेतु विस्तृत कार्ययोजना बनाने व उसका बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित कराते हुए प्रत्येक अपचारी के शैक्षिक एवं कौशल ज्ञान में सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।इसी के साथ ही जिला मजिस्ट्रेट ने वरिष्ठ अधीक्षक जिला कारागार को जेल नियमावली के अनुरूप जेल में समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए।इस अवसर पर वरिष्ठ अधीक्षक जिला कारागार यू.पी. मिश्रा,जेलर गिरीश कुमार व जे.के. यादव,डिप्टी जेलर/नोडल कौशल विकास कु. समीरा अंसारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# राजकीय संप्रेषण गृह (किशोर) के निरीक्षण में गंदी मिली दीवारें, साफ सफाई भी स्थिति खराब

> जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने अपर जिला जज व प्रधान न्यायाधीश किशोर न्यायालय बोर्ड के साथ किया निरीक्षण,दिए निर्देश



**अयोध्या। समृद्धि न्यूज**

**उत्तर प्रदेश** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देशन तथा जनपद न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष गौरव कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में गुरुवार को राजकीय संप्रेषण गृह (किशोर) का निरीक्षण कर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। यह निरीक्षण तथा शिविर आयोजन कार्यक्रम अपर जिला जज व प्राधिकरण सचिव अनिल कुमार वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।इस दौरान सचिव श्री वर्मा के साथ अपर जिला जज श्रीमती नूरी अनुसार व प्रधान न्यायाधीश किशोर न्याय बोर्ड अमित यादव भी उपस्थित रहे।निरीक्षण के दौरान राजकीय संप्रेषण गृह (किशोर) में संस्था के शौचालय की दीवारें काफी गंदी पाई गई तथा साफ सफाई की व्यवस्था काफी खराब मिली।इसके लिए प्राधिकरण सचिव श्री वर्मा द्वारा अधीक्षक को कूड़े आदि की समस्या का निवारण एवं साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिए जाने के लिए निर्देशित किया गया।इस दौरान सभी किशोरों के कमरे के पंखे आदि ठीक अवस्था में पाए गए।इस दौरान संस्था के खान पान का भी निरीक्षण किया गया जिसमें किशोरों द्वारा बताया गया कि प्रातः नाश्ता में पराठा,चाय तथा दोपहर में भोजन मीन्यू के अनुसार दाल, चावल,रोटी,सब्जी व सलाद आदि दिया जा रहा है।साथ ही यह भी बताया गया कि शिविर का उद्देश्य विधि के विरोध में अपचारी किशोरों को मैत्रीपूर्ण सेवाएं तथा उनके संरक्षण के लिए विधिक सेवाओं से संबंधित जानकारी प्रदान करना है जिससे उन्हें अपने अधिकारों के विषय में जानकारी प्राप्त हो,वे इसका सही ढंग से इस्तेमाल कर अपना भविष्य उज्ज्वल बना सके और मुख्य धारा से जुड़ने के पश्चात देश के सम्मानित नागरिक बनकर देश की प्रगति एवं विकास में सहायक सिद्ध हो।उनके द्वारा किशोर अपचारियों को उनके अधिकारों से संबंधित विधिक जानकारी प्रदान की गई।उन्होंने यह भी बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सभी वर्ग के लोगों को निःशुल्क अधिवक्ता की सुविधा प्रदान की जाती है जिससे वे न्याय पाने से वंचित न रह जाएं।निरीक्षण के दौरान प्रभारी सहायक अधीक्षक विजय प्रताप सिंह,कर्मचारी,अपचारी तथा किशोर आदि उपस्थित रहे।

# दो दशक से क्षेत्रवासी पुल एवं सड़क निर्माण की कर रहे मांग

**उतरौला (बलरामपुर)। समृद्धि न्यूज**

**लगभग दो** दसको से क्षेत्रवासी एक पुल और प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत सड़क की मांग करते आ रहे हैं लेकिन आज तक किसी नेता ने इनकी बात नहीं सुनी।

विकास खण्ड उतरौला अन्तर्गत पिपरा राम से महुआ धनी जाने वाला मार्ग तिलखी बढ़या तक पूरी तरह क्षति ग्रस्त हो चुका है, इस मार्ग से दर्जनों गांवों, कस्बों के लोगों का आना जाना लगा रहता है। पिपरा राम से सटा हुआ( बक्सरिया) गन्ना क्रय केंद्र होने से किसानों का गन्ना भी इसी मार्ग से होता हुआ आता है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र होने से और सड़क खेतों के बराबर लेबिल होने से राहगीरों को बहुत दिक्कत होती रहती है, भागवत प्रसाद मिश्र, दिलीप



कुमार, देवेन्द्र कुमार मिश्र, दुर्गा यादव, राधे श्याम यादव, सुरेश निषाद प्रधान प्रतिनिधि हरकिशन ने बताया कि बीते कई वर्षों से हम लोग एक पुल निर्माण और इसी मार्ग को प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत सड़क निर्माण की मांग करते आ रहे हैं किंतू अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। हरकिशन, मंसूर जोत, तिलखी बढ़या, नगरिया, बभनी बुजुर्ग, देवारिया अर्जून, महुआ धनी, समेत दर्जनों गांवों के लोग इस सड़क मार्ग की मांग कर रहे हैं।

## खबरें एक नजर में

### किशोरी को बंधक बनाकर दुष्कर्म करने के मामले के आरोपी को सुनाई गई 25 वर्ष की सजा

> 27 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया, अर्थ दंड अदा न करने पर अभियुक्त को अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** विगत 6 वर्ष पूर्व जिले के एक इंटर कॉलेज में पढ़ने वाली 14 वर्षीय किशोरी को बंधक बनाकर दुष्कर्म करने के मामले के आरोपी को न्यायालय ने साक्ष्यों और गवाहों के बयान के आधार पर सिद्ध दोष होने पर 25 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 27 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर अभियुक्त को दो वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। जानकारी के मुताबिक सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 14 वर्षीय किशोरी शहर के एक इंटर कॉलेज की छात्रा थी। विगत 2 अगस्त वर्ष 2018 की सुबह किशोरी अपने कॉलेज जाने के लिए घर से निकली थी। जब वह मकरंदनगर तिराहे के पास टैक्सी से उतरी, तभी ठठिया थाना क्षेत्र के जनखत गांव का निवासी सरमन वहाँ पहुंच गया। उसने किशोरी को कॉलेज छोड़ने की बात कहकर अपनी बाइक पर बैठा लिया। थोड़ा आगे चलने पर उसने एक और युवक को बाइक पर बैठा लिया। जिसने किशोरी को कसकर पकड़ लिया और फिर उसे जनखत गांव स्थित एक कमरे में ले गया। रात भर किशोरी को बंधक बनाकर उसने दुष्कर्म किया और उसकी न्यूड फोटो मोबाइल में कैद कर ली। इसके बाद आरोपी युवक ने जलालपुर पनवारा स्थित बाइपास के निकट किशोरी को छोड़कर चला गया। साथ ही आरोपी युवक ने किशोरी को धमकी देते हुए कहा कि यदि किसी को कुछ बताया या फिर रिपोर्ट दर्ज कराई तो उसकी न्यूड फोटो इंटरनेट पर वायरल कर देगा और उसे मार डालेगा। इसके बाद किशोरी किसी तरह अपने घर पहुंची और अपनी मां को आपबीती बताई। घटना की जानकारी के बाद पीड़िता के परिजनों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवा दी। मामले को लेकर विशेष लोक अभियोजक किशोर कुमार दोहरे ने बताया कि किशोरी को बंधक बनाकर दुष्कर्म करने वाले सरमन को विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट अलका यादव ने साक्ष्यों और गवाहों के बयान के आधार पर दोषी करार देते हुए 25 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 27 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर अभियुक्त को दो वर्ष की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

### नशीली दवा इंजेक्शन के क्रय विक्रय पर मेडिकल स्टोर को अग्रिम आदेश तक के लिए बंद करने का दिया आदेश

**उतरौला (बलरामपुर)।** गुरूवार को पुलिस अधीक्षक बलरामपुर केशव कुमार के सी.यू.जी नंबर के जरिए दूरभाष पर सूचना मिली कि कस्बा श्रीदत्तगंज अंतर्गत कौशल फार्मा मेडिकल स्टोर पर बिना चिकित्सक के परामर्श के नशीले इंजेक्शन व दवाइयों का क्रय विक्रय किया जा रहा है। जिस पर पुलिस अधीक्षक बलरामपुर केशव कुमार द्वारा टीम गठित कर भेजा गया ,गठित टीम के साथ थानाध्यक्ष अनिल कुमार दीक्षित मय हमराह उप निरीक्षक सुनील कुमार यादव, उप निरीक्षक जगत राम मौर्य को साथ लेकर टीम के प्राप्त सूचना अनुसार बताए गए मेडिकल स्टोर पर पहुंचे तो मेडिकल स्टोर संचालक विकास कौशल पुत्र नंदलाल कौशल निवासी कस्बा थाना श्रीदत्तगंज जनपद बलरामपुर से नशीली इंजेक्शन दवाई बेचने के संबंध में पूछताछ किया गया तो आनाकानी करते हुए गोल-गोल जवाब दिया। जिस पर कड़ाई से पूछताछ किया गया तो मेडिकल स्टोर संचालक विकास कौशल द्वारा यह स्वीकार करते हुए बताया गया कि मेरे पास मेडिकल स्टोर का लाइसेंस है। कभी-कभी मैं चिकित्सक के बिना परामर्श के ही लोगों को नशे का इंजेक्शन व दवा विक्रय कर देता हूं। नशीली दवा इंजेक्शन के क्रय विक्रय के संबंध में जिला ड्रग्स इंस्पेक्टर आलोक त्रिवेदी को जरिये दूरभाष सूचित किया गया। इस सूचना पर ड्रग्स इंस्पेक्टर आलोक त्रिवेदी आए जिनके साथ मेडिकल स्टोर पर छापे मारी की कार्यवाही संयुक्त टीम द्वारा की गई। तो मेडिकल स्टोर का संचालक नशीली दवाओं इंजेक्शन के क्रय विक्रय से संबंधित वैध प्रमाण पत्र प्रस्तुत नही कर सका। मेडिकल स्टोर पर रखी दवाओं को ड्रग्स इंस्पेक्टर द्वारा निरीक्षण किया गया तो नशीले इंजेक्शन एवं दवाइयां मिली । जिस पर ड्रग्स इंस्पेक्टर द्वारा कई दवाओं/नशीले इंजेक्शन कब्जे में लिए गए। मेडिकल स्टोर के संचालक विकास कौशल पुत्र नंदलाल कौशल निवासी कस्बा थाना श्रीदत्तगंज जनपद बलरामपुर को स्पष्टीकरण देने एवं क्रय बिल दिखाने तक विक्रय करने पर धारा 22 (1)(डी) औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 के अंतर्गत प्रतिबंध लगाया गया। मेडिकल स्टोर को अग्रिम आदेश तक के लिए बंद करा दिया गया है। ड्रग्स इंस्पेक्टर जनपद बलरामपुर द्वारा इस संबंध में एक लिखित रिपोर्ट भी थाना पर दिया गया ।

### आठ जून तक कर सकते हैं रिक्त पद पर आवेदन

**अयोध्या।** अपर जिला जज व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव अनिल कुमार वर्मा ने बताया है कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के अनुपालन में जनपद फैजाबाद में गठित स्थायी लोक अदालत में पेशकार के रिक्त पद पर पेशकार की नियुक्ति संविदा के आधार पर नियत पारिश्रमिक पर की जानी है।आवेदन पत्र पर अभ्यर्थी अपना नाम,पता,जन्मतिथि, विभाग का नाम जहां पर सेवानिवृत्त हुये है,सेवानिवृत्त की तिथि,फिटनेस प्रमाण पत्र, पहचान पत्र (आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र आदि) तथा मोबाइल नम्बर अंकित करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में आठ जून सायं पांच बजे तक जमा कर सकते है। आवेदन करने हेतु फार्म जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अयोध्या के कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में दस बजे से सायं पांच बजे तक आठ जून तक प्राप्त एवं जमा किये जा सकते है।

### तहसील परिसर में लगे वाटर कूलर में वादकारियों को पानी लेने में करनी पड़ रही मशक्कत

**उतरौला(बलरामपुर)।** प्रचंड गर्मी में प्यास बुझाने के लिए लोगों को वाटर कूलर के पास लाइन लगाकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा। तहसील परिसर में लगे वाटर कूलर में वादकारियों को पानी लेने में मशक्कत करनी पड़ी।चिलचिलाती धूप में बोतल में पानी भरने के लिए लोगों को लाइन में लगकर इंतजार करना पड़ा।बताते चलें कि तहसील में प्रतिदिन सैकड़ों वादकारियों का आवागमन रहता है।वहीं इस तपिश भरी गर्मी के चलते लोगों को प्यास की शिद्दत सताती है।एक ही वाटर कूलर लगे होने से पानी के लिए लोगों को लाइन में खड़े होकर पानी के लिए इंतजार करना पड़ता है।

# फल विक्रेताओं द्वारा लगाया गया ठंडा पानी का प्याऊ

**उतरौला(बलरामपुर)। समृद्धि न्यूज**

**भीषण गर्मी** में राहगीरों , यात्रियों व लोगों को प्यास की सिद्दत से राहत देने के लिए उतरौला के समस्त फल विक्रेताओं द्वारा ठंडा पानी का प्याऊ लगाया गया है। स्टॉल पर दर्जनों डब्बा बंद पानी व सैकड़ों बंडल डिस्पोजल गिलास की व्यवस्था की गई है।

हॉटन रोड तिराहा के निकट लगाए गए इस प्याऊ पर सुबह, दोपहर व शाम को दर्जनों डिब्बा बंद शुद्ध शीतल जल का जार रखा जा रहा है। इस प्याऊ पर पानी पिलाने के लिए सेवादार की भी व्यवस्था है। फल विक्रेता अलाउद्दीन, सागर गुप्ता, सिराजुद्दीन राजा अंसारी, अफजल, पप्पू प्यासों को पानी पिला रहे हैं। तो वहीं तमाम लोग इस प्याऊ पर स्वयं पानी पीकर अपनी प्यास बुझा ले रहे हैं। बता दें कि नगर क्षेत्र के श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहा व कर्बला के बीच लगभग दो किलोमीटर की दूरी के मुख्य बाजार में नगर पालिका द्वारा कहीं भी वाटर कूलर की व्यवस्था नहीं की गई है। जिस कारण पानी के लिए लोगों को भटकना पड़ता है। पीने के पानी की समस्या को देखते हुए सभी फल विक्रेताओं ने आपसी सहयोग से प्याऊ लगाया है। फल विक्रेता अलाउद्दीन एवं अफजल ने बताया कि प्याऊ लगाने का यह सिलसिला पूरे गर्मी व आगे भी चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में प्याऊ की संख्या और बढ़ाने की उम्मीद भी है।

इस दौरान उन्होने रागहीरों, यात्रियों, वाहन चालकों को शुद्ध ठंडा पानी पिलाकर उनके गले को तर किया।

फल विक्रेताओं द्वारा मानव सेवा परमोधर्मा की भावना को चरितार्थ करते हुए सार्वजनिक स्थल पर निशुल्क प्याऊ शुरू कराते हुए समाज के सामने मानवता की एक नई मिशाल पेश की है। प्याऊ में राहगीर पानी पीकर फल विक्रेताओं की समाजसेवा की खूब सराहना कर रहे हैं।

# बहुजन समाज पार्टी सर्व समाज की पार्टी है: प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल

> इंडिया एनडीए पार्टी के लोग कर रहे आप लोगों को गुमराह बच्चे

**सोनभद्र। समृद्धि न्यूज**

**रावर्टसगंज** नगर के हाइडल मैदान परिसर में गुरुवार को बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल द्वारा राजनीतिक सभा को संबोधित करते हुए बताया क्या की मैं आप सभी लोगों का अपनी तरफ से बहुत-बहुत हार्दिक स्वागत अभिनंदन वंदन करता हूं सम्मानित साथियों देख बड़ी देर से आप विचार को सुन रहे हैं और आप लोग जो मुझे मालूम है कि यहां 11~00 बजे से आना शुरू कर दिए थे तो जो लोग 11~00 बजे से आ गए हैं की तपती गर्मी में धूप में बड़ी संख्या में है जो लोग हैं मैं आपका कर्ज समझ रहा हूं लेकिन मैं आपसे निवेदन करूंगा कि अगर इतना कष्ट करके अभी तक आप बैठे हो तो थोड़ी देर और समय दे दीजिए कि आप इतनी दूर से आए हो मैं भी लखनऊ के बगल अयोध्या से चलकर के आज के बीच में आया हूं तो मैं भी




आपसे अपना जो अनुरोध है निवेदन है जो गांधी का संदेश है वह बता दो मेरे सम्मानित साथियों इस देश में जो चुनाव हो रहा है सीधे-सीधे इसको लोग खेमे में चुनाव को खड़ा करना चाहते हैं जब किसका कोई मतलब नहीं है एक एनडीए गठबंधन है जो 38 दलों का है और यह डबल इंजन की सरकार भी कहते हैं लेकिन देने के नेता लोग एक चीज बोला करते हैं कि हिंदू खतरे में है मेरे सम्मानित साथियों है वह अक्सर हिंदू खतरे में है बताते रहते हैं कि भारत का संविधान खतरे में है लेकिन मेरे साथियोंयह सब अपनी अपनी सीट के चक्कर में ऐसी भाषा बोलते हैं जब किस देश का संविधान डॉक्टर बी आर अंबेडकर साहब ने बनाया है अडॉप्टेड बी आर अंबेडकर साहब ने इस देश में रहने वाले सभी जाति धर्म समाज के लोगों को इस बात के संविधान में बराबर का जगह देने का काम करके गए थे जब इस देश की आजादी के लिए लड़ाई लड़ी जा रही थी हिंदू मुस्लिम सिख इसाई बहुत फारसी भाई भाइयों जब विदेश की आजादी के लिए सभी जाति धर्म समाज के लोगों ने प्रेम की होली खेल करके इस देश को आजाद कराया है तो आज यह देश जो कुछ लोग कहते हैं अकेले मेरे बाप का है यह भारतीय संविधान इसकी इजाजत नहीं देता है संविधान से चलता है बदल देंगे। मुख्य अतिथि ने बताया कि बाबा साहब ने तुझे संविधान बना के 100 पाए थे उसी वक्त बाबा साहब के मन में एक शंका आई थी बाबा साहब ने कहा था कि देश का संविधान मैं बहुत अच्छा बनाया लेकिन अगर इस देश के हुकूमत करने वाले लोग अपनी नियत साफ करके अगर इस संविधान को लागू नहीं करते हैं यह मेरा बना हुआ अच्छा से अच्छा संविधान भी अच्छा काम नहीं कर पाएगा यह बात बाबा साहब ने कहा था और मैं दावे के साथ कर सकता हूं 7576 साल बीत गया है आज तक इस देश के हुकूमत करने वाले लोगों ने बाबा साहब का संविधान पूरी ईमानदारी से लागू करने का काम नहीं किया एक बड़े प्रदेश का अध्यक्ष इस बात को बोल रहा है तो कुछ लोगों के मन में आती है ऐसी कौन सी बात रही जो इस देश का संविधान ईमानदारी से लागू नहीं हुआ देश की आजादी के वक्त भी यह देश दोहरी गुलामी का शिकार था एक को अंग्रेजों का गुलाम था एक इस देश में रहने वाले का गुलाम था और उसे बात को किसी और में नहीं सोचा डॉक्टर बी आर अंबेडकर साहब ने सोचा बाबा साहब ने अंग्रेजों से सिफारिश करके सामान कमीशन लेकर के आने का काम किए थे किताब किस देश में रहने वाले जो दोहरी गुलामी के शिकार हैं।

**राजनीति** — अंतिम चरण में सोनभद्र वासी इतिहास बनाने जा रहे हैं

# जुमलेबाजों की सरकार है एनडीए गठबंधन: सपा प्रदेशाध्यक्ष श्याम लाल पाल

**सोनभद्र। समृद्धि न्यूज**

> साप इंडिया की सरकार बनी तो आता के साथ डाटा भी मिलेगा फ्री

**गुरुवार** को समाजवादी पार्टी कार्यालय पर प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल द्वारा बताया गया कि इस बार सोनभद्र के लोग इतिहास बनाने जा रहे हैं मैं यहां कई बार चुनावी जनसभा में इसी मैदान में आ चुका हूं मुझेयाद है हमारे आपके संकट के दिन खत्म होने जा रहे हैं संकट के दिनों के लिए केवल एक हफ्ता बचा है 4 जून को प्रणाम दूसरा आने वाला है प्रधान मंत्री को 4 जून को परिवर्तन का परिणाम आने वाला है हमारा आखरी जिला उत्तर प्रदेश का है भाई हमें बहुत उम्मीद है इसलिए पर इस बार न केवल जिले पर विधानसभा तो हम लोग जीती रहे हैं लेकिन इस बार हम लोकसभा के लिए भी आपसे बहुत निवेदन अपील करने हैं क्या यह देश का चुनाव हमारे आपके भविष्य का चुनाव तो है लेकिन इसके साथ-साथ यह चुनाव हमारे आपके आने वाली पीढ़ी के भविष्य का चुनावी है और जो लोग साथी जान रहे होंगे वह जानते होंगे कि आज भारतीय जनता पार्टी ने संविधान को भी खतरा पैदा कर दिया है इसलिए मैं आप सबसे निवेदनकरने आया यह संविधान वही है जो हमें अधिकार मिलना है यह संविधान वही है जो हमें न्याय दिलाता है यह संविधान समय-समय पर हमें आगे बढ़ने का मौका देता है और सच्चाई तो यह है कि यह संविधान हमारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर क्या दिया हुआ हमारे और आपके लिए संजीवनी है इसलिए इसको बढ़ाने का



भी चुनाव है जहां तक हम लोगों ने 10 साल का बीजेपी का कार्यकाल देखा है हमारे लोगों ने अब तो जान लिया होगा कि 10 साल में उनकी हर बार झूठी निकली है हर वादा इनका झूठा निकला और जब हम पीछे मुड़कर के देखते हैं तो पाते हैं कि 10 साल में हमारे किसानों को कोई लाभ सरकार ने नहीं पहुंचा जो लोग कहते थे कि किसानों की आयु दोगुनी हो जाएगी लेकिन हमारे किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई ना खेत को पानी दे पाए ना समय पर खाते पे और लकी का सच दवाइयां दी और जब कभी भी हमारा किसान अगर खाद और डीएवी के लिए क्या है तो डीएपी तभी मिली जब उसे नैनो उड़िया खरीद वाली की क्या आज हमारे किसान के सामने महंगाई की वजह से संकट पैदा हो गया है यह वही भारतीय जनता पार्टी के लोग हैं जिन्होंने एक समय पर ऐसे काले कानून लाने का काम किया था जिससे हमारे किसानों की जमीन छीन जाती आदिवासी भाइयों की जमीन छीन जातियों को किसानों को बधाई देंगे पूरे देश के किस एक हो गए दिल्ली को घेर लिया और तब तक किस नहीं हटे जब तक सरकार ने काले कानून वापस नहीं ले लिए सरकार में आ गए तो कोई ना कोई ऐसा कानून ले आएंगे जिससे किसानों की और आदिवासियों की जमीन कब्जा कर लेंगे इन लोगों से मुकाबला करना है भाई किसी ने नहीं सोचा होगा कि भारतीय जनता पार्टी लगातार महंगाई बढ़ा देगी और इतनी महंगाई बढ़ाई है कि आज हमारा गरीब गरीब होता चला जा रहा है क्या हम गरीबों को अमीर बना दे देश के प्रधानमंत्री अगर यह सोते के गरीब अमीर क्यों बन जाए हम आपसे कहना चाहते हैं किसान भाइयों समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन में तय किया है इधर 10 साल में तो बीजेपी के लोगों ने बड़े-बड़े उद्योगपति कारोबारी और बड़े-बड़े संपन्न लोगों का कर्ज माफ किया है और जब नियम बनाया इन्होंने तो नियम यह बनाया कि जिन लोगों के भी 5 करोड़ से ऊपर का कर्ज है बैंकों का उनका कर्ज माफ हो जाएगा किसी का कर्ज माफ नहीं हुआ इसलिए अपने गरीबों को किसान भाइयों को क्या-क्या जा रहे हैं कि आने वाले समय में काम होगा जिससे हमारा किसान खुशहाल हो जाए जहां इन्होंने महंगाई बढ़ाई है वही हमारे किसान भाई भी जानते होंगे कि इन्होंने बोरी से चोरी कर ली पहले 5 किलो चोरी की फिर 5 किलो चोरी कर ली यहां जो मौजूद होंगे किसान भाई बताओ आपकी बोरी से चोरी की कि नहीं कि उन्होंने कभी-कभी हम सोचते हैं कि यह बोरी की छोरी कहां से सीख करके आए हैं तब हमें पता लगता है।

# डीएम और एसपी ने जिला कारागार का किया निरीक्षण, देखी सुरक्षा व्यवस्था

- जेल में निरुद्ध महिला एवं पुरुष बंदियों से डीएम और एसपी ने वार्ता कर जानी उनकी समस्याएं
- बैरिकों की कराई तलाशी, जेल अधीक्षक को दिए आवश्यक निर्देश

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**जिलाधिकारी** शुभ्रान्त कुमार और पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने संयुक्त रूप से जिला कारागार का निरीक्षण किया। इस दौरान आलाधिकारियों ने जेल की सुरक्षा व्यवस्था, जेल अस्पताल, पाकशाला समेत बैरिकों का गहनता से निरीक्षण किया, साथी जेल में निरोध महिला एवं पुरुष बंदियों से वार्ता उनकी समस्याएं जानी।

गुरुवार को जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला और पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आलाधिकारियों ने बैरकों की तलाशी करायी, तलाशी के दौरान कोई निषिद्व वस्तु नहीं पायी गयी। जिलाधिकारी ने बंदियों से उनकी समस्याओं के सम्बन्ध में, भोजन, पानी, शौचालय, गर्मी के मौसम को देखते हुये पंखों की क्रियाशीलता व अक्रियाशीलता, मिट्टी के घड़े, वाटर कूलरों से ठण्डे पानी की आपूर्ति के सम्बन्ध में एवं किसी के द्वारा उत्पीड़न आदि किये जाने, वकील न मिलने, मुलाकात तथा उपचार आदि के सम्बन्ध में पूँछतॉछ की। हालांकि किसी भी बंदी द्वारा कारागार से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की कोई समस्या नही बतायी गयी। निरीक्षण के दौरान जेल की सुरक्षा




व्यवस्था से जुड़े उपकरणों जैसे डोरफ्रेम मेटल डिटेक्टर, हैण्डहेल्ड मेटल डिटेक्टर, सीसीटीवी कैमरें आदि की क्रियाशीलता को देखा। अक्रियाशील कैमरों को तत्काल ठीक कराये जाने तथा कैमरों को प्रत्येक समय क्रियाशील रखे जाने व उनकी प्रत्येक समय मानीटरिंग करने के निर्देश दिये। अस्पताल में निरीक्षण के दौरान चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया गया कि वह बीमार बंदियों के उपचार में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही न बरती जाये। कारागार में निरूद्ध वृद्ध व अशक्त बंदियों पर विशेष निगरानी रखे तथा उनका नियमित रूप से परीक्षण कर समुचित उपचार करना सुर्निनिश्चत करे। निरीक्षण के समय किसी भी प्रकार की कोई अनियमितता नहीं पायी गयी। कारागार का कार्यालय भी व्यवस्थित पाया गया। इसके अतिरिक्त निरीक्षण के समय कारागार में स्वच्छता व सौन्दर्यीकरण अच्छा पाया गया परन्तु फिर भी जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि वह भविष्य में इसी प्रकार विशेष रूचि के साथ कारागार में स्वच्छता व सौन्दर्यीकरण बनाये रखने हेतु विशेष ध्यान देना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक प्रमोद कुमार त्रिपाठी, उपकारापाल रामबहाल दुवे, उपकारापाल उर्मिला सिंह, चिकित्साधिकारी डा. दर्पण मधुपिया, प्रभारी मुख्य कार्यालय पंकज कुमार, जेल वार्डर कुलदीप कुमार पाण्डेय के साथ सभी प्रशासनिक कर्मचारी मौजूद रहे।

# मामूली विवाद में ग्रामीण पर कर दिया फायर

- कोतवाली क्षेत्र के भूड़पुर्वा गांव का मामला
- दो नामजद सहित चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**तिर्वा। समृद्धि न्यूज**

कोतवाली क्षेत्र के भूड़पुर्वा गांव में मामूली विवाद को लेकर दबंगो ने जान से मारने की नियत से एक ग्रामीण पर पर देशी तंमचे से फायर कर दिया। ईट-पत्थरों से हमला कर मौके से भाग गए। ग्रामीण की तहरीर पर कोतवाली पुलिस दो नामजद सहित चार दबंगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

भूड़पुर्वा गांव निवासी गोपाल कृष्ण दुबे पुत्र मूलचन्द्र दुबे ने तिर्वा कोतवाली में कस्बे के अम्बेडकर नगर निवासी राम जी दुबे पुत्र वासुदेव दुबे, मोनू पाल निवासी अज्ञात व दो अज्ञात युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि गत बुधवार को उक्त लोगों ने उसके साथ गाली-गलौज की। गाली देने से मना करने पर उक्त दबंगो ने उसके ऊपर देशी तंमचे से फायर कर दिया। जिसमें वह बाल-बाल बच गया। उसके शोर मचाने पर उक्त लोग ईट-पत्थरों से हमला कर मौके से भाग गए। मामले में कोतवाली प्रभारी जयंती प्रसाद गंगवार ने बताया कि जल्द सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# खबरें चलते-चलते

## काशी नगरी के लिए रवाना हुई रोडवेज बस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** काशी विश्वनाथ के लिए रोडवेज बस का संचालन शुरु हो गया है। बस में दो चालकों को भेजा गया। एआरएम ने बताया कि बस का संचालन शुरू होने से बाबा विश्वनाथ के दर्शन करने वाले भक्तों को खासा फायदा होगा। कोशिश होगी कि बस में किसी भी यात्री को दिक्कत का सामना न करना पड़े। वापसी के बाद यही बस दूसरे दिन रवाना की जाएगी। देशभर में प्रसिद्ध बाबा भोलेनाथ की नगरी काशी के लिए रोडवेज डिपो की गुरुवार से बस सेवा शुरू हो गई। सुबह 10 बजे बस रवाना हुई है, जो दूसरे दिन शाम 6:30 बजे वापस लौटेगी। इस बस पर दो चालक भेजे गए हैं। जिले से बड़ी संख्या में लोग बाबा विश्वनाथ के दर्शन करने बनारस जाते हैं, मगर सीधी बस सेवा न होने से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। अब रोडवेज प्रशासन ने 30 मई से सीधी बस सेवा शुरू की है। एआरएम अरविंद कुमार मिश्र ने बताया कि यह बस सुबह 10 बजे बस रोडवेज बस स्टैण्ड से रवाना हुई है।

## कुल यात्रा 950 किलोमीटर की होगी

**फर्रुखाबाद।** कन्नौज, कानपुर, फतेहपुर, प्रयागराज, गोपीगंज, औराई होते हुए रात 10:20 बजे बनारस पहुंचेगी। रात में रुकने के बाद यही बस सुबह छह बजे फर्रुखाबाद के लिए रवाना होगी। निर्धारित बस अड्डों पर होती हुई बस जनपद शाम 6:20 बजे पहुंचेगी। इस बस की कुल यात्रा 950 किलोमीटर की होगी। एआरएम ने बताया कि बस का संचालन शुरू होने से बाबा विश्वनाथ के दर्शन करने में यात्रियों को अब सुविधा होगी। उन्होंने बताया कि जिले के लोगों को कुछ ही दिनों में भगवान राम के दर्शन करने के लिए आसान बस सेवा शुरू की जाएगी। उच्चाधिकारियों की स्वीकृति का इंतजार है।

## पांच के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** अतिरिक्त दहेज न मिलनें पर ससुरालीजनों द्वारा विवाहिता के मारपीट करनें सहित धमकी दिये जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीडिता नें कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम रुपपुर निवासी गीता पुत्री रामशरण द्वारा कोतवाली में दर्ज कराये गये मुकदमें में कहा गया है कि बीते विर्ष उसकी शादी पडोसी जनपद फर्रुखाबाद के थाना कमालगंज के ग्राम बहादुरपुर निवासी राहुल पुत्र सूरजपाल के साथ हुई थी। शादी के बाद से ससुराली जन पति राहुल, ससुर सूरजपाल, सास विनीता, जेठानी राखी, नंनद शिवानी द्वारा अतिरिक्त दहेज में चार पहिया गाड़ी एवं पॉच लाख रुपयों की मांग की गई। उसके द्वारा असमर्थता जताने पर उक्तगणों 20 मई को उसके साथ गाली गलौज करते हुये मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारनें की धमकी दी। घटना के संबन्ध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जॉच शुरू कर दी गई है।

## दबंगों ने टेंपों चालक को पीटा, दो का शांतिभंग में चालान

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपने-अपने क्षेत्र का रुतबा दिखाकर दबंग टेंपों चालकों ने टेंपों को रोंक लिया और जबरन सवारियां उतरवा दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दो लोंगों को हिरासत में लेकर शांतिभंग में चालान कर दिया। जानकारी के अनुसार कायमगंज फर्रुखाबाद मार्ग पर टेंपो चालकों की दबंगई बरकरार है। हजियापुर चौराहे पर बाहरी टेम्पों चालकों से स्थानीय दबंग टेंपो चालकों का रुतबा बरकरार है। आए दिन गाली-गलौज तथा मारपीट की घटना होती रहती है। जिससे बाहरी टेंपों चालक इस क्षेत्र में आना छोड़ दे। टेंपो चालक सवारियां लेकर मंझना जा रहा था। हजियापुर चौराहे से गुजरते समय दबंग टेंपो चालकों ने टेम्पों रोक लिया और गाली-गलौज उसमें बैठी सवारियों को जबरन उतरवा दिया। विरोध करने पर दबंग टेंपों चालक ने अपने साथियों को बुलाकर मारपीट कर घायल कर दिया। मौके पर लोगों की भीड़ लग गयी। लोगों ने मारपीट कर रहे दो लोगों को पकड़ लिया, अन्य मौके से भाग गये। सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर शांतिभंग में चालान कर दिया।

# किशोरी से युवक ने किया जबरन दुष्कर्म, मुकदमा दर्ज

- तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का मामला
- किशोरी के पिता ने युवक व परिजनों के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

**तिर्वा। समृद्धि न्यूज**

**कोतवाली क्षेत्र** के एक गांव में घर में अकेली मौजूद एक किशोरी के साथ युवक ने जबरन दुष्कर्म किया। शोर मचाने व शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए युवक मौके से भाग गया। मामले में किशोरी के पिता ने युवक व उसके परिजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। किशोरी के पिता ने तिर्वा कोतवाली में रतापुर्वा गांव निवासी गोलू उर्फ अशोक पुत्र विनोद कुमार व उसके परिजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसकी 16 बर्षीय किशोरी घर में अकेली थी। उसी दौरान उक्त युवक घर में घुस आया और पुत्री क साथ जबरन दुष्कर्म किया। पुत्री के शोर मचाने पर वह जान से मारने की धमकी देता हुए मौके से भाग गया। शिकायत करने पर उक्त परिवारजनों ने एक राय होकर गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। मामले में कोतवाली प्रभारी जयंती प्रसाद गंगवार ने बताया कि मिली तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जल्द आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# मतगणना स्थल की समस्त गतिविधियों पर सीसीटीवी कैमरे की रहेगी नजर

- जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना स्थल का किया निरीक्षण, संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**जिला निर्वाचन** अधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने गुरुवार को नवीन मंडी समिति में बनाए गए मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मतगणना कार्मिक एवं एजेंट के प्रवेश हेतु निर्धारित किये गए द्वार पर बड़े-बड़े अक्षरों से लिखा हुआ प्रदर्शित होना चाहिए, ताकि मतगणना कार्मिक एवं एजेंट को अपने गंतव्य तक पहुंचने में किसी प्रकार की समस्या न हो। कहा कि प्रवेश द्वार पर यह भी लिखा होना चाहिए कि अंदर मोबाइल ले जाना वर्जित है। उन्होंने कहा कि विधानसभा कन्नौज एवं विधानसभा तिर्वा के मतगणना कार्मिक एवं एजेंट का प्रवेश द्वार नवीन मंडी के गेट नंबर एक तथा विधानसभा छिबरामऊ के मतगणना कार्मिक एवं एजेंट का प्रवेश द्वार नवीन मंडी के गेट नंबर दो के पास से होगा। श्री शुक्ल ने निर्देश दिए कि मीडिया गैलरी में पर्याप्त कुर्सी, टीवी आदि की व्यवस्था पहले से सुनिश्चित कर ली जाये। मीडिया गैलरी वाले स्थान पर बड़े-बड़े अक्षरों से मीडिया गैलरी लिखा हुआ बोर्ड लगा दिया जाये ताकि पत्रकार बन्धुओ को अपने गंतव्य तक पहुंचने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। कहा कि मतगणना स्थल पर पुरुष/महिला टॉयलेट, पेयजल प्रकाश, आदि की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। कहा कि अभियान चलाकर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कहा कि मतगणना स्थल की समस्त गतिविधियों पर सीसीटीवी कैमरे की नजर रहेगी। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था एवं पारदर्शिता के साथ मतगणना कराई जाएगी। निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत कटियार मौजूद रहे।

# अधिवक्ताओं ने पुलिस के खिलाफ खोला मोर्चा नारेबाजी कर सौंपा ज्ञापन

- अधिवक्ताओं के खिलाफ दर्ज किए गए मुकदमों को लेकर नाराजगी

**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**पुलिस द्वारा** फर्जी मुकदमे दर्ज किए जाने से नाराज अधिवक्ताओं ने बार एसोसिएशन छिबरामऊ के महासचिव के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी कर पुलिस अधीक्षक को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी उमाकांत तिवारी को सौंपा। अधिवक्ताओं ने कहा यदि दर्ज मुकदमे तत्काल वापस न हुए तो शनिवार से पुलिस के खिलाफ आंदोलन चलाया जाएगा। गुरूवार को बार एसोसिएशन छिबरामऊ के महासचिव ललित प्रताप सिंह के नेत्रत्व में अधिवक्ताओं ने पुलिस अधीक्षक को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपते हुए कहा छिबरामऊ, सकरावा, गुरसहायगंज व



कन्नौज पुलिस द्वारा पिछले तीन चार माह में बिना वास्तविक तथ्यों की जांच किए झूठे मुकदमे अधिवक्ताओं के विरूद्ध दर्ज कर सम्बंधित थाना पुलिस द्वारा अधिवक्ताओं का उत्पीड़न किया जा रहा है और संगठन द्वारा वार्ता करने पर कोई संतोषजनक जवाब न देकर अधिवक्ताओं के परिवार के अन्य सदस्यों के नाम शामिल करने की धमकी देकर उत्पीड़ित किया जा रहा है। पुलिस के रवैए को लेकर अधिवक्ताओं में नाराजगी बढ़ती जा रही है और किसी भी समय टकराव की स्थिति पैदा हो सकती है। पुलिस की कार्यप्रणाली से लगता है कि पुलिस प्रशासन अधिवक्ता समाज से जातीय रंजिश रखता है। यदि पुलिस प्रशासन ने अधिवक्ताओं के विरूद्ध दर्ज फर्जी मुकदमें दो दिन के अंदर समाप्त नहीं किए और भविष्य में अपनी कार्य शैली में सुधार न किया तो एक जून शनिवार से बार एसोसिएशन छिबरामऊ उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी। इस दौरान जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, लालबहादुर यादव, विशम्भर नाथ मिश्रा, कृष्ण कुमार मिश्रा, राजीव हजेला, संजीव त्रिपाठी, नेम सिंह यादव, कन्हई सिंह राठौर, रावेन्द्र सिंह चौहान, अमित अग्निहोत्री, चन्द्रजीत यादव, विनीत कुमार चतुर्वेदी, संदीप सिंह चौहान, रामप्रकाश यादव, रजनीश यादव, मुफीद खां, घनश्याम यादव, सुधाकर अग्निहोत्री, राहुल यादव, रजनीश शाक्य, अमित दुबे, अभिरूप सिंह दीक्षित, शिवदत्त तिवारी, अमित राजपूत, रूपेश दुबे, सुमनलता शाक्य, स्नेहलता गुप्ता, राजेश यादव, रोहित यादव, कपिल तिवारी, कुलदीप यादव, यादवेंद्र प्रताप सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, नवींद्रनाथ, पुष्पेन्द्र यादव, विमलेश राजपूत, मोहित पाण्डेय सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

# कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत हुई, दो घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** बुधवार की देर शाम नगर के मोहल्ला रामगंज निवासी उत्तम चंद वर्मा उर्फ पप्पू अपने पुत्र सौरभ वर्मा के साथ कार पर सवार होकर घर की ओर आ रहे थे। जैसे ही समधन स्थित लखनऊ सहयोग हॉस्पिटल के निकट पहुंचे तभी कमालगंज अपनी ससुराल जा रहा बाइक सवार राहुल पुत्र रामगिरी निवासी इंदिरा नगर थाना तिर्वा की बाइक अनियंत्रित होकर कार से टकरा गई। जिससे तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंचे समधन चौकी प्रभारी राजेश प्रताप सिंह ने सभी घायलों को इलाज के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां तीनों लोगों की हालत चिंताजनक होने के कारण तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। जहां इलाज दौरान राहुल की मृत्यु हो गई। समाचार लिखे जाने तक कोतवाली में दुर्घटना का मुकदमा दर्ज नहीं हो सका था।

# पूर्व चेयरमैन ने विद्युत समस्या को लेकर एसडीओ को सौंपा ज्ञापन



- एसडीओं व जेई ने समस्या के निस्तारण का आश्वासन दिया

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**भीषण गर्मी** के कारण विद्युत विभाग द्वारा की जा रही अघोषित विद्युत कटौती की समस्या के समाधान को लेकर पूर्व चेयरमैन ने समर्थकों के साथ विद्युत उपकेंद्र पहुंचकर एसडीओ को ज्ञापन सौंप कर समस्या के निस्तारण की मांग की। जिस पर एसडीओ द्वारा जल्द ही समस्या के निस्तारण का आश्वासन दिया गया।

गुरुवार को समधन नगर पंचायत में विद्युत विभाग द्वारा की जा रही अघोषित विद्युत कटौती के कारण नागरिकों सहित किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नागरिकों की समस्या को संज्ञान में लेकर पूर्व चेयरमैन मो. नकीम खान ने समर्थकों के साथ विद्युत उपकेंद्र पहुंचकर विद्युत उपखंड अधिकारी बृजेश कुमार को ज्ञापन सौंप कर समस्या के निस्तारण की मांग की। जिस पर विद्युत उपखंड अधिकारी बृजेश कुमार एवं अवर अभियंता विकास कुमार ने समधन नगर कि विद्युत व्यवस्था को जल्द ही सही कराए जाने का आश्वासन देते हुए। गुरुवार को दिन के 12 बजे से लेकर 03 बजे तक और रात में 12 बजे से लेकर सुबह 04 बजे तक विद्युत आपूर्ति कराये जाने का भरोसा दिलाया। इस दौरान मो. अब्दुल्ला, पूर्व सभासद हाफिज फुरकान, हाफिज अहमद रजा, सगीर खां, ऋषि दिक्षित, इखलाक उर्फमजनू, मुईन आदि मौजूद रहे।

**कार्रवाई** — डीएम द्वारा गठित टीम ने तीनों तहसीलों में 42 बीज की दुकानों पर की छापामार कार्रवाई

# जिले की बीज की दुकानों पर चला छापामार अभियान

- अनियमितता पाए जाने पर दो दुकानों का किया गया लाइसेंस निलंबित, तीन दुकानों को जारी किया गया कारण बताओ नोटिस

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**शासन द्वारा** जारी निर्देशानुसार जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला ने खरीफ सीजन में बीज की दुकानों पर छापेमारी हेतु तीनों तहसीलों में टीमों का गठन करआवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। गठित की गई टीम में सदर तहसील क्षेत्र में अप कृषि निदेशक प्रमोद सिरोही, तहसील छिबरामऊ क्षेत्र में जिला कृषि अधिकारी एवं तहसील तिर्वा क्षेत्र में उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी के नेतृत्व में छापामार अभियान चलाया जा रहा है। गुरुवार




को टीम द्वारा जनपद में 42 दुकानों का निरीक्षण किया गया। छापामारी के दौरान 14 नमूने लिए गए। लिए गए नमूनों को जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा जाएगा। छापेमारी के दौरान विभिन्न प्रकार की अनियमितताएं मिलने पर अंकुर बीज एजेंसी कन्नौज, अंकुर बीज भंडार कन्नौज के लाइसेंस को निलंबित किया गया तथा द्विवेदी बीज भंडार छिबरामऊ, न्यू बालाजी बीज एजेंसी छिबरामऊ एवं तूबा बीज भंडार सौरिख को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। टीम के अधिकारियों ने बताया कि खरीफ सीजन प्रारंभ हो चुका है किसानों द्वारा धान की नर्सरी डालने का कार्य कुछ दिनों में प्रारंभ किया जाना है, ऐसे में किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराने के लिए छापामार अभियान चलाया जा रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा, टीम के अधिकारियों ने जिले के किसानों को सुझाव देते हुए कहा है कि वह बीज खरीदते समय दुकानदार से बिल अनिवार्य रूप से लें, यदि किसी दुकानदार द्वारा कैश मेमो नहीं दिया जाता है अथवा अन्य कोई समस्या है तो इसकी शिकायत जिला कृषि अधिकारी के मोबाइल नंबर 8272 8930 15 पर कर सकते हैं। दुकानदारों द्वारा किसानों को बिल नहीं दिया जाता है अथवा मिलावटी नकली बीज बिक्री मिलने की शिकायत प्राप्त होती है तो ऐसी दशा में संबंधित दुकानदारों के विरुद्ध बीज नियंत्रण आदेश 1983 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

मेजर एस.डी.सिंह पी.जी.आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल-फतेहगढ़






# ऐतिहासिक चिंतामणि तालाब का अस्तित्व खतरे में

- मान्यता के अनुसार स्नान करने से दूर होते हैं चर्म रोग
- काफी संख्या में स्नान करने के लिए पहुंच रहे श्रद्धालु

फर्रुखाबाद/शमशाबाद, समृद्धि न्यूज



चिंतामणि तालाब में स्नान कर रहे श्रद्धालु — समृद्धि न्यूज

**जनपद को** अपरा काशी के नाम से भी जाना जाता है, क्योंकि यहां बनारस के बाद सबसे ज्यादा मंदिर हैं। सभी मंदिरों की अपनी मान्यता और विश्वास हैं, तो कई चमत्कारों से भरे हैं जो आज भी शोध का विषय हैं। जनपद के शमशाबाद ब्लाक में एक ऐसा तालाब भी है जिसमें स्नान करने मात्र से असाध्य से असाध्य चर्म रोग दूर हो जाते हैं। इस समय इस तालाब में स्नान करने के लिए श्रद्धालुओं की काफी भीड़ पहुंच रही है। चिंतामणि तालाब शमशाबाद ब्लॉक की ग्राम पंचायत असगरपुर के मजरा नगला नान में स्थित है। ग्रामीणों का कहना है कि इस तालाब का पानी कभी नहीं सूखता है। तालाब के अंदर सात कुएं बने हुए हैं। अंदर ही अंदर व किनारे पक्की सीढ़ियां बनी हैं। इस तालाब की गहराई करीब 30 फिट है। इतिहास उठाकर देखें, तो पांडवों ने एक साल का अज्ञातवास इस तालाब के किनारे काटा था। उसी दौर में इसका निर्माण कराया गया था। यहां के लोग बताते हैं कि राजा चिंतामणि को कुष्ठ रोग हो गया था। वह गंगा स्नान के लिए हरिद्वार जा रहे थे। नगला नान के पास राजा चिंतामणि ने शौच के बाद तालाब में स्नान किया तो उन्हें कोढ़ में कुछ लाभ मिला। इस पर उन्होंने रोजाना तालाब में स्नान करना शुरू कर दिया और उन्हें कोढ़ रोग से मुक्ति मिल गई। इसके बाद राजा ने इसका जीर्णोद्धार कराया तो इसका नाम राजा चिंतामणि तालाब पड़ गया। इस समय तालाब में स्नान करने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। कई लोग तो चर्म रोगों से निजात पाने के लिए इस तालाब में स्नान करने के लिए आते हैं। वहीं कुछ लोग अपने बच्चों के मुंडन आदि कार्यक्रम भी इस तालाब के पास आकर करवाते हैं। किन्तु काफी समय से इसका रंगरोगन न होने से यह तालाब कई स्थानों से क्षतिग्रस्त हो गया है। वहीं इस ऐतिहासिक धरोहर को संजोने के लिए प्रशासन भी कोई कदम नहीं उठा रहा है। यहां के ग्रामीणों ने इस ऐतिहासिक तालाब का जीर्णोद्धार कराये जाने की मांग की है।

# हत्या के मामले में तीन सगे भाइयों को आजीवन कारावास

- बीस हजार रुपये के अर्थदण्ड से किया गया दण्डित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**अवैध शस्त्र** से गोली मारकर हत्या व जानलेवा हमले के मामले में अपर जिला जज न्यायाधीश 7 अंकित कुमार मित्तल ने विनोद, अशोक कुमार, कुमार कुमार पुत्रगण बाबूराम निवासीगण चीरन नगला शमशाबाद को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास व बीस-बीस हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

बीते 18 वर्ष पूर्व मुंशी लाल ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि बाबूराम निवासी चीरन नगला की बिल्डिंग में किराए पर उसका पुत्र राजू पुत्र मुंशी लाल निवासी ग्राम इकडरिया जहानगंज व नगला सेठ के बचान सिंह पुत्र पुत्तूलाल साझे में करीब एक साल से रानी अवंतीबाई जूनियर हाईस्कूल चला रहे थे। छात्रों की संख्या में बढ़ोत्तरी होने पर बिल्डिंग में जगह कम पड़ने पर मेरे पुत्र राजू ने छः कमरों पर टीन शेड डलवाया था व कमरे बनवाये थे। स्कूल 5 वर्ष के लिए मौखिक रूप से किराए पर था, परन्तु बाबूराम राजू से बिल्डिंग बीच में ही खाली कराना चाहते थे। राजू का कहना था कि मेरे पैसों का हिसाब कर दो मैं आपकी बिलिडंग खाली कर दूंगा। उस दिन स्कूल में उनका पुत्र राजू, अहिबरन पुत्र महाराम निवासी जहानगंज, बचान सिंह पुत्र पुत्तूलाल निवासी नगला सेठ मौजूद थे। करीब 10 बजे स्कूल में बाबूराम व उनके लड़के विनोद, अशोक, कुदीप निवासीगण चीरन नगला अपने-अपने हाथों में तमंचे लेकर आये तथा कहा कि साले राजू मेरा स्कूल खाली नहीं करेगा, आज तेरा हिसाब कर दूँ। इतने में चारों ने अवैध तमंचे से ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। जिससे मेरे लड़के राजू की स्कूल के गेट पर गोली लगने से मौत हो गयी तथा एक छात्र गोली लगने से घायल हो गया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायलाय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता संजीव कुमार मिश्रा की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश अंकित कुमार मित्तल ने अशोक, विनोद, कुलदीप को दोषी करार देते हुए आजीवन कारवास व बीस-बीस हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। मुकदमा विचारण के दौरान बाबूराम की मृत्यु हो गयी थी।

# कमीशन लेकर आशा बहुएं प्राइवेट क्लीनिकों पर करवा रहीं प्रसव

फर्रुखाबाद/शमशाबाद, समृद्धि न्यूज



प्रसव के बाद महिला को ले जाते परिजन — समृद्धि न्यूज

**शासन जहां** एक ओर सरकारी अस्पतालों में प्रसव कराने पर जोर दे रहा है। साथ ही प्रसूता व आशाओं को प्रोत्साहन राशि भी दी जा रही है, इसके बाद भी मोटे कमीशन के चक्कर में आशायें प्राइवेट क्लीनिकों पर प्रसव करवा रही हैं। शमशाबाद में एक क्लीनिक पर ऐसा ही नजारा देखने को मिला।

जानकारी के अनुसार गुरुवार को ग्राम पंचायत शरीफपुर छिछनी के मजरा जैतपुर निवासी संतोष अपनी पत्नी पूनम को प्रसव के लिए आशा सदावती के साथ सीएचसी शमशाबाद में दिनाक 29 मई को रात के करीब 9 बजे लाया था। रात गुजरने के बाद 30 मई को सुबह करीब 6 बजे आशा की सहमति से थाना शमसाबाद के निकट एक प्राइवेट क्लीनिक पर ले जाया गया। जहां दिन के 11 बजकर 53 मिनट पर पूनम ने पुत्री को जन्म दिया। महिला डाक्टर ने 10,000/- हजार रूपए लिए और प्राइवेट क्लीनिक संचालिका महिला डाक्टर ने प्रसव के 4 घंटे के बाद समय 3 बजकर 26 मिनट पर छुट्टी कर दी। पूनम प्रसव के बाद ठीक से चल भी नहीं पा रही थी। दवा तक नही दी गयी। महिला की छुट्टी के बाद आशा सदावती तुरंत प्राइवेट क्लीनिक संचालिक महिला डाक्टर के पास पहुंची। इसके बाद परिवार के सदस्यों से मिली। इससे पहले पूनम प्राइवेट वाहन में बैठकर परिवार के सदस्यों के साथ घर जा चुकी थी। वहीं सीएचसी अधीक्षक सरवर इकबाल से जब हमारे संवाददाता ने बात करनी चाही, तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।

## महिला के साथ पति ने की मारपीट, पहुंची थाने

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम उम्मरपुर निवासी सुधा पत्नी अवधेश कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह दिल्ली में रहकर प्राइवेट नौकरी करती है। अक्सर उसका पति अवधेश कुमार उसके साथ मारपीट करता रहता है। बीते तीन माह पूर्व अवधेश दिल्ली से 25000 और उसका एक बच्चा अपने साथ उसकी बगैर मर्जी के गांव बुला लाया। आज सुबह जब वह गांव उम्मरपुर पहुंची और अपने पुत्र रोमी से बात करनी चाही, इसी बात से नाराज उसके पति ने उसके साथ मारपीट की और उसे घर से बाहर भगा दिया। महिला ने थाने पहुंचकर पति के विरुद्ध प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई की बात कही है।

# डीएम ने मतगणना स्थल पर पहुंचकर तैयारियों का लिया जायजा



मतगणना स्थल का निरीक्षण करते जिलाधिकारी

**फर्रुखाबाद,समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह द्वारा सामान्य लोकसभा निर्वाचन 2024 की मतगणना के दृष्टिगत सातनपुर मंडी समिति में मतगणना के लिए की जा रही तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जानकारी के अनुसार गुरुवार को जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह ने मतगणना स्थल सातनपुर मंडी पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए बताया कि मतगणना 4 जून को होनी है। इसलिए कोई कोर कसर नहीं छूटनी चाहिए। जिलाधिकारी ने मंडी सचिव को निर्देश दिये कि जो भी कमियां हों उन्हें समय रहते दूर कर लें। मतगणना वाले दिन किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। अन्यथा संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# खबरें चलते-चलते

## जिले में थम नहीं रहा है कच्ची शराब का कारोबार

**फर्रुखाबाद,समृद्धि न्यूज।** जिला प्रशासन के तमाम प्रयास के बाद भी जनपद में कच्ची शराब का कारोबार थम नहीं रहा है। पुलिस जब भी छापेमारी करती है, तो भारी मात्रा मे लहन व शराब बरामद होती है। जिसे नष्ट कर दिया जाता है। इसके बाद कारोबारिए पुनः अपने धंधे में लिप्त हो जाते हैं। शहर मे लकूला गिहार बस्ती, रामलीला गड्ढा, नेकपुर चौरासी, महरुपुर रावी में कच्ची शराब का कारोबार बड़े पैमाने पर हो रहा है। जिला प्रशासन ने कच्ची शराब पर अंकुश लगाने के पुलिस को सख्त निर्देश दिये, लेकिन इसके बावजूद पुलिस इस धंधे पर लगाम लगाने में नाकाम साबित हो रही है। रामलीला गड्ढा में कच्ची शराब से जुड़े कारोबारियों ने शराब बेचकर बिल्डिंग खड़ी कर ली हैं। साथ ही एशोआराम के साधन भी जुटा लिये हैं। पुलिस जब भी छापेमारी करती है, तो उसे जमीन के अंदर छिपी हुई शराब मिल जाती है। जिसे वह नष्ट कर चली आती है, लेकिन उसके बाद यह कारोबारिए पुनः अपने धंधे में लिप्त हो जाते हैं। कई लोग इस शराब को पीकर मौत के आगोश में समा चुके हैं। लकूला में शाम होते ही शराब पीने वालों का जमघट लगना शुरु हो जाता है। जो शराब पीने के बाद इधर, उधर पड़े दिखायी पड़ते हैं।

## चोरी मोटर साइकिल सहित दो गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने चोरी की मोटर साइकिल सहित दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना कादरीगेट पुलिस ने थाना हाजा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 139/2024 धारा-379, 411 भा0द0वि0 से संबंधित राजेश वर्मा पुत्र सुरेशचंद्र निवासी बिर्रबाग वार्ड नंबर 8 थाना कादरीगेट जनपद फतेहगढ़, अमन शाक्य पुत्र खुन्नूलाल निवासी भट्टा वाली गली बालाजीपुरम थाना कादरीगेट जनपद फतेहगढ़ मय चोरी की गयी 01 मोटर साइकिल पैशन प्रो यू.पी.76एन5753 के साथ गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्तगणों ने पूछताछ में बताया कि हम लोग मौका पाकर मोटर साइकिल चोरी करके बेच देते हैं। इस मोटर साइकिल को दिनांक 25.05.2024 को वेदान्ता अस्पताल के पास कादरीगेट तिराहा से चोरी किया था। जिसे हम लोग राजेपुर बेचने जा रहे। इस मौके पर वरिष्ठ उप निरीक्षक जगदीश वर्मा, उप निरीक्षक राजूलाल माथुर, आरक्षी ध्रुव प्रताप सिंह, आरक्षी नेतराम, आरक्षी अनुज कुमार मौजूद रहे।

## जमीन पर कब्जे का विरोध करने पर महिला व उसके पुत्र पर कुल्हाड़ी से किया हमला

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कमालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बिजी दरोरा निवासी पूनम देवी पत्नी राजेंद्र ने थाना कमालगंज में शिकायत कर बताया दिनांक 29 मई को सुबह 7.00 बजे मेरी जमीन पर जबरन कश्मीर सिंह पुत्र भूरे एवं कौशल पुत्र भूरे एवं अभय सिंह पुत्र सोनी लाल निवासी ग्राम उपरोक्त जबरन कब्जा कर रहे थे। जब मैंने उन्हें रोका, तो उन्होंने मेरे साथ गाली-गलौज एवं मारपीट की। जब मेरा पुत्र गगन मुझे बचाने आया, तो उपरोक्त लोगों ने उसके पैर में कुल्हाड़ी मार दी। उपरोक्त लोग जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। मारपीट में मेरे एवं मेरे पुत्र गगन के गंभीर चोटें आई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

## महिला के साथ पड़ोसी ने की मारपीट

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम गेरुआ नगला निवासी रुकमा देवी पत्नी जितेंद्र नाथ ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह आज अपने दरवाजे पर साफ-सफाई का काम कर रही थी। उसी समय उसका पड़ोसी उसके साथ गाली-गलौज करने लगा। जिसका उसने विरोध किया। इसी बात से नाराज पड़ोसी व उसके परिजनों ने रुकमा देवी के साथ जमकर मारपीट की। जिससे उसके गंभीर चोटें आई। महिला ने थाने पहुंचकर तीन लोगों के खिलाफनामजद तहरीर दी है। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने का भरोसा दिया।

# डीएम ने रोका कमालगंज बीडीओ का वेतन

फर्रुखाबाद,समृद्धि न्यूज



बैठक लेते जिलाधिकारी व मौजूद अधिकारीगण

**जिलाधिकारी** डॉ0 वी0के0 सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डेशबोर्ड पोर्टल आधारित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की 80 योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में विभागों द्वारा अवगत कराया गया कि अभी तक शासन से कोई लक्ष्य आवंटित नहीं हुआ है। जिलाधिकारी द्वारा उद्यान विभाग के द्वारा विगत वर्ष लगाये गये ड्रिप इरिगेशन व स्प्रिंकलर का भौतिक सत्यापन कराये जाने के निर्देश दिये गये। विद्युत विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि शहर में 20 प्रतिशत व ग्रामीण क्षेत्र में 28 प्रतिशत लाइनलॉस हो रहा है। जिलाधिकारी द्वारा लाइनलॉस को कम करने के लिये ठोस कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिये गये। कृषि विभाग की पीएम कुसुम योजना में सोलर पंप लगाने की स्थिति खराब पाई गई। एनआरएलएम में मोहम्मदाबाद व नवाबगंज ब्लॉक की प्रगति खराब पाई गई। जिलाधिकारी द्वारा सभी अमृत सरोवर की जाँच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गए। खण्ड विकास अधिकारी कमालगंज का कार्य संतोषजनक न पाये जाने व तैनाती स्थल पर निवास न करने के कारण वेतन रोकने व एक परनिंदा प्रविष्टि देने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिये गए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# प्रचंड गर्मी से लोगों का हुआ हाल बेहाल

- लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे नगरवासी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज



गर्मी से बेहाल लोग — समृद्धि न्यूज

**पारा 44** डिग्री सेल्सियस पार कर रहा है। लोग प्रचंड गर्मी से व्याकुल हो रहे हैं। दोपहर के बाद इक्का दुक्का लोग सड़कों पर दिखायी दे रहे हैं। बावजूद इसके नगरवासी लो वोल्टेज की समस्या से खासे परेशान हैं।

लोगों का कहना है कि ऐसा लगता है कि इस बार गर्मी पिछले कई सालों का रिकार्ड तोड़ेगी, क्योंकि अपर जिलाधिकारी सुभाषचंद्र प्रजापति द्वारा जून के मध्य तक पारा 48 पहुंचने का एलर्ट जारी कर दिया गया है। उनका कहना है कि ऐसे में लोगों को जरा सी लापरवाही भारी पड़ सकती है। इसलिए वह अपने-अपने घरों से कम से कम निकलें। चिलचिलाती धूप और गर्मी से जनजीवन अस्त व्यस्त नजर आ रहा है। कड़ी धूप के बीच दोपहर होते ही सड़कों पर सन्नाटा पसर जा रहा है। गर्म हवा के थपेड़े और कड़ी धूप काया को झुलसा रहे हैं। भीषण गर्मी में इस समय यात्री भी बेहाल हैं। बस अड्डा व रेलवे स्टेशन पर दोपहर के समय सूनसान नजर आ रहे हैं। यात्रियों का कहना है कि इस बार भीषण गर्मी के कारण सफर करने में भी दिक्कतें आ रही हैं। बस में सफर करते वक्त खिड़की खोलते हैं तो गर्म हवा सताती है। अगर बंद करते हैं तो पसीना और उमस दिक्कत बढ़ा दे देती है। दोपहर के समय तो कई बार आलम यह होता है कि गर्मी के कारण ऑटो तक नहीं मिलते। उन्हें काफी देर तक वाहन का इंतजार करना पड़ता है।

# ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध दी तहरीर

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज

**थाना क्षेत्र** के ग्राम सिकंदरपुर नगला विनायक निवासी कृष्णा पुत्र सत्य स्वरूप अपने दोस्त नितिन पाल पुत्र कुंवर सिंह के साथ 28 मई को नवाबगंज बाजार से शाम 7 बजे गांव वापस जा रहा था। उधर से बाबू सिंह डिग्री कॉलेज के सामने बगैर लाइट के ट्रैक्टर ने कृष्णा की बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह तथा उसका दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गये। मौके पर राहगीरों ने फोन कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायलों को नवाबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। जहां हालत गंभीर होने पर उन्हें लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल कृष्णा के पिता सत्य स्वरूप ने नामजद ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध तहरीर दी है। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई की बात कही है।

# 45 बीज दुकानों पर छापा, चार को कारण बताओ नोटिस जारी

- 26 नमूने ग्रहित किये गये, दुकानदारों में मचा हड़कंप

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



दुकान का निरीक्षण करके जिला कृषि अधिकारी व अन्य

**जिलाधिकारी के** निर्देश पर कृषि अधिकारियों ने जनपद की 45 बीज दुकानों पर छापेमारी की। इस दौरान चार का कारण बताओ नोटिस जारी किये गये तथा 26 नमूने ग्रहित किये गये।

जानकारी के अनुसार जिला कृषि अधिकारी बी0के0 सिंह ने अवगत कराया कि सदर तहसील में जिला कृषि अधिकारी एवं जिला आलू एवं शाकभाजी विकास अधिकारी, कायमगंज तहसील में भूमि संरक्षण अधिकारी एवं जिला गन्ना अधिकारी तथा अमृतपुर में उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी सदर एवं अपर जिला कृषि अधिकारी द्वारा छापामार कार्यवाही की गयी। छापे के दौरान बीज के 26 नमूने ग्रहित किये गये एवं 45 प्रतिष्ठानों पर छापा/निरीक्षण की कार्यवाही की गयी। नमूनों को जॉच हेतु प्रदेश की प्रयोगशालाओं में भेजा जायेगा। परीक्षण परिणाम अमानक पाये जाने पर लाइसेंस निरस्तीकरण के साथ ही विधिक कार्यवाही भी सुनिश्चित की जायेगी। जॉच के समय समुचित अभिलेख न दिखाने एवं बिना किसी कारण प्रतिष्ठान बंद कर गायब होने के कारण जिला कृषि अधिकारी द्वारा तत्काल प्रभाव से 4 विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस निर्गत किये गये। इसमें मैं0 स्वतंत्र बीज भंडार ठंडी सड़क, मैं0 श्रीकृष्ण बीज सेवा केंद्र अलेपुर रोड शमशाबाद, मैं0 कन्हा बीज भडार शमशाबाद , मैं0 शालू कृषि सेवा केंद्र अमृतपुर शामिल हैं।

**शिकंजा**

## दो ट्रैक्टर ट्रालियों को पकड़कर पुलिस को सौंपा, एक ट्रैक्टर की ट्राली पलटी

# डीएम की फटकार के बाद नायब तहसीलदार ने खनन माफियाओं पर कसा शिकंजा

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज



छापे के दौरान पकड़े गये वाहन — समृद्धि न्यूज

**जिला अधिकारी** के कड़े निर्देश के बाद अधिकारियों ने खनन कारोबारियों पर हंटर चलना शुरू कर दिया है। गुरुवार को खनन विभाग व जिला प्रशासन के अधिकारियों नें अवैध खनन में ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़कर पुलिस को सौंप दी। जिससे खनन माफियाओं में दहशत का माहौल देखा जा रहा है।

गुरुवार को थाना अमृतपुर क्षेत्र के ग्राम हुसैनपुर में अवैध मिट्टी खनन कर लिए जा रहे ट्रैक्टर ट्राली को पकड़कर नायब तहसीलदार ने थाना पुलिस को सौंप दिया। मुखबिर की सूचना पर नायब तहसीलदार अतुल कुमार ने गूजरपुर पमारान निवासी अनवेश पुत्र रामपाल के द्वारा निजी कार्य के लिए परमिशन बनबाई गई, लेकिन अपने निजी कार्य को छोड़ माफिया के द्वारा धंधा करना शुरू कर दिया। जनता से 750 से अधिक रुपए प्रति ट्राली की वसूली व कृषि उपजाऊ जमीन खोदकर तालाब बना दी तथा 100 घन मीटर की परमिशन की जगह 200 घन मीटर से अधिक की खुदाई कर डाली तथा हुसैनपुर राजपुर निवासी रामनिवास कुशवाहा जो कि खेत बराबर करने के लिए मिट्टी उठाने की परमिशन बनवाई, लेकिन नायब तहसीलदार को देखकर चालक ने टैक्टर भगाकर आगे रोकने का प्रयास किया, लेकिन ट्राली पलट गई। मौके पर पहुंची पुलिस के द्वारा टैक्टर ट्राली नायब तहसीलदार व पुलिस ने थाने में खड़ी करवा दी एवं खनन अधिकारी को कार्यवाही करने के लिए सूचना दी गई। नायब तहसीलदार का कहना है कि जिलाधिकारी के निर्देश पर खनन करन वालों पर शिकंजा कसा जा रहा है। क्षेत्र में जो खनन करेगा उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। किसी को बख्शा नहीं जाएगा। नायब तहसीलदार के आने से क्षेत्र में माफियाओं में खौफ फैल गया। नायब तहसीदार का कहना है कि खनन माफिया एक ट्रैक्टर की परमिशन बनवाकर चार-चार ट्रैक्टर चलवा रहे हैं। किसी को बख्शा नहीं जायेगा।

# देश का पहला अखबार उदन्त मार्तण्ड ने समाचार प्रकाशित कर ब्रिटिश सरकार की हिला दी थी नीव

▸ हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर शिक्षकों ने रखे विचार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**लगभग दो** शताब्दी पूर्व ब्रिटिश कालीन भारत में जब तत्कालीन हिन्दुस्तान में दूर-दूर तक मात्र अंग्रेजी, फ़ारसी, उर्दू एवं बांग्ला भाषा में अखबार छपते थे, तब देश की राजधानी कलकत्ता में कानपुर के रहने वाले वकील पण्डित जुगल किशोर शुक्ल ने अंग्रेजों की नाक के नीचे हिन्दी पत्रकारिता के इतिहास की आधारशिला रखी। जिस पर आज सभी ने भव्य भवन खड़े किए है।


डा0 शालिनी | राजकिशोर शुक्ला | शशिवाला अग्निहोत्री

मान्यवर कांशीराम राजकीय महाविद्यालय की प्राचार्या डा0 शालिनी ने पत्रकारिता दिवस पर बताया कि ब्रिटिश कालीन शासन के दौरान उस आधारशिला का नाम उदन्त मार्तण्ड था। जिसने अंग्रेजों की नाक में दम कर दी। उसका प्रकाशन डेढ़ वर्ष से अधिक न हो सका। इस साप्ताहिक के प्रकाशक एवं सम्पादक शुक्ल ने 30 मई 1826 को उदन्त मार्तण्ड का पहला अंक प्रकाशित किया था। जिसके परिप्रेक्ष्य में 30 मई का दिन हिन्दी पत्रकारिता का उद्भव कहलाया और हम हिन्दी पत्रकारिता दिवस रुप में मनाते है। कायमगंज विकास खण्ड के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर के प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ला ने बताया कि उस दौरान प्रत्येक मंगलवार को प्रकाशित होने वाले साप्ताहिक अखबार में उदन्त मार्तण्ड में हिन्दी भाषा के बृज और अवधी भाषा का मिश्रण होता था। पत्र वितरण में अंग्रेजों द्वारा लगातार डाक शुल्क में छूट न दिये जाने के कारण इसका 79वां और आखिरी अंक दिसम्बर 1827 में प्रकाशित हुआ। इस समाचार पत्र के पहले अंक की 500 प्रतियां प्रकाशित हुयी थी। कोलकाता के बड़ा बाजार इलाके के अमर तल्ला लेन, कोलूटोला से साप्ताहिक अखबार के तौर पर शुरुआत हुई थी। शिक्षिका शशिवाला अग्निहोत्री ने बताया कि ब्रिटिश शासन के दौरान अखबार शुरु होने से लोगों में उत्साह था। तब लोग पहली बार समाचार का मतलब समझ पाये। हिन्दी समाचार सूर्य अपने नाम की तरह दुनिया के सूर्य जैसा ही था। तब से लेकर अब तक 30 मई को पत्रकारिता दिवस मनाया जाता है। अपनी खबरों को लोगों तक पहुंचाने के लिए पत्रकार ही अपने आप में एक महत्वपूर्ण समाज का अंग है। हम सब लोग इस मिशन को आगे बढ़ाने के लिए पत्रकारों का सम्मान करें और उनके द्वारा छापी गयी खबरों का अध्ययन कर जागृत पैदा करें। इस दिवस को पूरे विश्व भर में उत्साहपूर्वक मनाया जाता है।

# अनन्त पब्लिक स्कूल में आयोजित समर कैम्प का समापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**गर्मी की** छुट्टियों में लगाये गये समर कैम्प का गुरुवार को समापन हो गया। हाता करम खां स्थिति अनन्त पब्लिक स्कूल में आठ दिवसीय कैम्प में विभिन्न विधाओं को सिखाया गया। जिसमें डांस, कम्प्यूटर, क्राफ्ट, इंग्लिश स्पीकिंग, टायपिंग आदि विधाओं में बच्चों को पारांगत किया गया। चेयरमैन अंचल मनी राजपूत ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें सम्मानित किया। समापन अवसर पर उन्होंने कहा कि समर कैम्प के माध्यम से बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा निखरकर सामने आती है और गर्मियों की छुट्टी का सद्पयोग समर कैम्प के माध्यम से किया गया है। शिक्षिका अलका, रोशनी, कीर्ति, अमर, आदित्य आदि ने बच्चों को विधायें सिखाकर हुनर के पंख लगाये। एक सप्ताह तक चले समर कैम्प में शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा विभिन्न विधाओं में बच्चे पारांगत होकर प्रशन्न हुए।


समर कैम्प में डांस सीखते बच्चे — समृद्धि न्यूज

## खबरें एक नजर में

### बीबीगंज में खुला वाटर पार्क, बच्चों के लिए बना मनोरंजन केंद्र


वॉटर पार्क में नहाने का लुफ्त उठाते बच्चे — समृद्धि न्यूज

▸ गर्मी में बच्चों को खूब भा रहा है वाटर पार्क, कम शुल्क में उठा रहे है लुफ्त

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गर्मी की छुट्टियां हो और बच्चें एंजॉय न करें ऐसा हो ही नहीं सकता। आज ब्लू है पानी-पानी-पानी गाने पर बच्चों ने जमकर थिरक कर धमाल मचाया। बीबीगंज स्थित वाटर पार्क में रोजाना बच्चे पहुंच रहे है। बड़े शहर जैसी सुविधा मात्र कम शुल्क में उपलब्ध करायी जा रही है। छोटे बच्चों के लिए अलग से नहाने की व्यवस्था है। जबकि बड़े बच्चों के लिए व्यवस्था अलग की गई है। केवल बच्चों एवं पुरुषों के लिए ही वॉटर पार्क में सुविधा है। वाटर पार्क के संचालक अंशू शाक्य ने बताया कि बड़े शहर जैसी सुविधायें शीघ्र उपलब्ध हो जायेगी। सड़क बन जाये तो वॉटर पार्क में भीड़ आने लगेगी। अभी सामान्य रुप से लोग आ रहे है। जिसके लिए शुल्क 50 रुपये रखा गया है। समय डेढ़ से दो घंटे नहाने का तय किया गया है। रविवार को अतिरिक्त शुल्क 70 से 80 रुपये रहता है। छुट्टी होने के कारण लोग बड़ी संख्या में वहां पहुंचते है। शहर के बीचों-बीच वॉटर पार्क खुलने से बच्चों का मनोरंजन आसानी से हो रहा है। सुरक्षा की दृष्टि से वॉटर पार्क में ट्रेनर मौजूद रहता है। फब्बारे की अलग से व्यवस्था है।

### गोपियों जैसा आत्मसमर्पण होने पर कृष्ण की प्राप्ति होती है: बजरंगी महाराज


प्रवचन करते बजरंगी महाराज मौजूद भक्तगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सेवा परमो धर्म फाउंडेशन के तत्वाधान में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में नैमिषारण्य से आये बजरंगी महाराज ने प्रवचन में कहा कि गोपियों जैसा समर्पण होने पर ही कृष्ण प्राप्ति सुगम है। गोपियों ने अपनी आत्मा के साथ-साथ देह को भी श्रीकृष्ण के स्वरुप में विलय कर दिया। महारास के समय गोपियों की कृष्ण के साथ एकरुपता को देखकर तारागण आदि भी विस्थित हो गये। बजरंगी महाराज ने गोपी गीत महारास, कंस वध, रुक्मणी विवाह प्रसंग के माध्यम से पाण्डेश्वर नाथ मंदिर में व्याख्यान किया। गोपी गीत की कथा में श्रोता प्रसन्न होते रहे। कथा के छठवीं परिक्रमा के दिन यजमान सुनीता व उमेश मिश्रा को आचार्य रवि व नितिन ने पूजन कराया। नारदानंद संस्कृत महाविद्यालय के प्राचार्य श्याम शुक्ला ने स्वरपाठ किया। इस मौके पर जेएन वर्मा, डा0 मनोज चतुर्वेदी ने कथा का रसपान किया। व्यवस्था समिति के अध्यक्ष केदार शाह व विमल दीक्षित, सुनील कुमार, देश दीपक, उदित अग्रवाल ने देखी। सोमनाथ दीक्षित, कृष्ण कुमार आदि ने आरती उतारी। प्रसाद वितरण के साथ समापन हुआ।

### धीरपुर क्रिकेट टीम ने किशनी को 23 रन से हराया



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** ब्लाक मोहम्मदाबाद क्षेत्र के गांव नगला दड़े में राजपूत क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन विनय शर्मा के द्वारा किया गया। फाइनल मैच किशनी और धीरपुर में खेला गया। किशनी की टीम ने पहले टॉस जीता। धीरपुर ने पहले बल्लेबाजी करके 6 विकेट के नुकसान पर 127 रन बनाए और किशनी को 27 रन से हरा दिया। मैन ऑफ द मैच रेड रहे। कन्हैया ने भी अच्छी बल्लेबाजी की। धीरपुर टीम के कप्तान एवं करणी सेना छात्रसभा जिलाध्यक्ष कीर्तिबर्धन सिंह उर्फलालू और उप कप्तान रवि राठौर और रिंकू व करणी सेना जिला महासचिव प्रदीप राठौर ने फाइनल क्रिकेट मैच का फीता काटकर उद्घाटन किया। क्रिकेट का समापन मुकेश सिंह राठौर व राजीव राठौर के द्वारा किया गया। बड़ी संख्या में क्रिकेट देखने के लिए दर्शक मौजूद रहे।

# हिंदी पत्रकारिता दिवस पर साहित्यकार एवं पत्रकार समागम का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**श्री राधा गोपाल** मंदिर घुमाना बाजार में 30 मई हिंदी पत्रकारिता दिवस पर नगर की साहित्यिक व सामाजिक संस्था वाणी विनायक द्वारा साहित्यकारों एवं पत्रकारों का समागम का आयोजन किया गया। नगर साहित्यकारों एवं पत्रकारों ने भाग लिया। हिंदी पत्रकारिता का इतिहास एवं साहित्यिक हिंदी का विकास एवं जिन साहित्यकार एवं पत्रकारों ने मिशन के रूप में पथ प्रदर्शक किया उनको याद करते हुए संवाद किए।


पत्रकारिता दिवस पर संगोष्ठी में मौजूद साहित्यकार — समृद्धि न्यूज

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं विघ्न विनाशक गणेश जी का दीप पुष्प पूजन अर्चन वंदन के साथ किया गया। मुख्य वक्ता ने कहा साहित्य समाज का दर्पण होता है। साहित्यकार एवं पत्रकार दोनों एक अच्छे समाज और राष्ट्र के निर्माण में अच्छे नागरिकों के निर्माण में अपना योगदान दें, तभी हमारा भारत विश्व में स्वर्णिम भारत बनेगा। हिंदी पत्रकारिता का इतिहास अंग्रेजी शासन काल में पंडित जुगल किशोर शुक्ल द्वारा हिंदी साहित्य पत्र उदन्त मार्तण्ड का प्रकाशन कोलकाता से 30 मई 1826 को किया गया। इसका उपदेश हिंदी भाषा का प्रचार एवं प्रसार था। हिंदी पत्रकारिता दिवस पर वरिष्ठ साहित्यकार एवं पत्रकार स्वर्गीय पंडित कन्हैया लाल पांडे द्वारा हिंदी पत्रकारिता एवं साहित्यक करिता के क्षेत्र में साप्ताहिक विराट संकल्प एवं महाशक्ति भारत के द्वारा साहित्य एवं पत्रकारिता मिशन के रूप में सेवाये दी। आज का दिन उनकी स्मृति में साहित्यकारों एवं पत्रकारों का समागम का आयोजन उनके पुत्र ने किया। जिसमें नगर की वरिष्ठ एवं युवा साहित्यकारों एवं पत्रकारों ने इस समागम कार्यक्रम में अपने-अपने विचार व्यक्त किए। युवा साहित्यकार राज गौरव पांडेय और बाणी विनायक संस्था के सदस्यों ने वरिष्ठ एवं युवा साहित्यकारों को अंग वस्त्र स्मृति चिन्ह सामान पत्र से सम्मानित किया। जिन्होंने हिंदी साहित्य एवं पत्रिका के क्षेत्र में कार्य किया। साहित्य एवं पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कर्ष सेवाओं के लिए संतोष तिवारी एवं शरद कटियार का आयोजक राज गौरव पाण्डेय एवं वाणी विनायक संस्था के सदस्यों ने सम्मानित किया। साहित्य क्षेत्र में साहित्यकार राष्ट्रीय कवि डॉ0 शिव ओम अंबर रामऔतार शर्मा इन्दू, बृज किशोर सिंह किशोर, नलिन श्रीवास्तव, उपकार मणी, रामकृष्ण, राम शंकर, कृष्णकांत, राम प्रकाश, प्रीति तिवारी, निमिष टंडन, वैभव सोमवंशी शुभव आदि साहित्यकारों ने अपनी लेखनी के द्वारा समाज और राष्ट्र की चेतन को जागृत किया। आयोजन समिति संध्या पांडे, राकेशानंद शुक्ला, संयोजक रविंद्र भदौरिया, राम जी राजपूत, देव वर्मा, गौरव राठौर, प्रशांत तिवारी, राजदीप पांडेय, अनूप शर्मा, यश पांडेय, अमित सक्सेना ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया। इस अवसर समाजसेवी संजय गर्ग, डा0 रामकृष्ण राजपूत, अरविंद दीक्षित, कुलभूषण श्रीवास्तव सहित आदि लोग उपस्थित रहे। संचालन युवा साहित्यकार वैभव सोमवंशी ने किया। कार्यक्रम का विराम राधा गोपाल ठाकुर द्वारा मंदिर में आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

## सपा अनुसूचित प्रकोष्ठ टीम ने की ईवीएम की निगरानी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव के निर्देशानुसार समाजवादी एससी/एसटी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अमित कठेरिया एवं समाजवादी पार्टी के जिला कोषाध्यक्ष रामू गुप्ता ने अपने साथियों के साथ ईवीएम की निगरानी की। गुरुवार को सातनपुर मण्डी पहुंचकर समाजवादी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अमित कठेरिया ने अपनी टीम के साथ कैमरे की नजर से सीसीटीवी पर ईवीएम की निगरानी की। 13 मई को मतदान होने के बाद 14 मई से लगातार सपा नेताओं द्वारा ईवीएम की निगरानी की जा रही है। पैरामिलेट्री फोर्स के अलावा यूपी पुलिस के जवान तैनात है। सुरक्षा की दृष्टि से ईवीएम की निगरानी स्वयं सपा नेता कर रहे है। तय रोस्टर के अनुसार अमित कठेरिया ने गुरुवार को निगरानी की। इस मौके पर लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष अनुराग यादव, राजीव यादव प्रधान, रामपाल प्रधान बुटाटी दक्षिण, विशाल यादव, आजाद अनिश, धर्मेंद्र यादव, संदीप यादव, प्रेम अहिरवार, अजय कठेरिया, राहुल, रामपाल सिंह यादव, केशव पाल, शीलू, कुलदीप पाल, अखिल कठेरिया आदि लोग मौजूद रहे।


ईवीएम की रखवाली करते सपा नेता

## सीएनआई सिटी चर्च में वीबीएस स्कूल वेकेशन का समापन

▸ बच्चों ने सीखी अनेकों गतिविधियां, हुए सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

सीएनआई सिटी चर्च में डायसिस ऑफ आगरा की तरफ से वीबीएस वेकेशन बाइवल स्कूल का आयोजन किया गया। वीबीएस के तीसरे व आखरी दिन में बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पादरी स्टीफन मसीह ने प्रार्थना के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ किया और बच्चों का उत्साहवर्धन कर पुरुस्कृत किया।

28 मई से 30 मई तक चलने वाले समर वेकेशन में सीएनआई बढ़पुर चर्च, ऑल सोल्स चर्च, रखा चर्च एवं सिटी चर्च के सभी सण्डे स्कूल के बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। मुख्य रुप से मुम्बई से आये रिर्सोस पर्सन रोशिना एवं नैना तथा मेरठ से आई पादरी रिन्वी नोयल ने बच्चों को अनेक गतिविधियों द्वारा भविष्य की योजनाओं को लेकर शिक्षा दी तथा बच्चों के अंदर चर्च, समाज व देश सेवा की भावना को जागृत करके एवं अच्छा नागरिक बनने का मार्ग प्रसस्त किया तथा आपस में प्रेम से रहने की भावना को जागृत किया।


वीबीएस वेकेशन के समापन में भाग लेते बच्चे — समृद्धि न्यूज

गुरुवार को सभी बच्चों को पुरस्कार वितरित किये गये। बच्चों ने कई प्रतियोगिताओं में भाग लेकर पुरस्कार प्राप्त किया। पादरी जयपाल मैसी ने प्रार्थना के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

इस मौके पर रंजीत मैसी, शिवानी प्लूमर, एकता मसीह, अंकिता मसीह, सविता आइजैक, शुषमा लाल, अमित राज, अनगील मसीह, राजेश मसीह, मुकेश डेविड, वंदना, रजत सहाय आदि लोग मौजूद रहे।

## भारतीय कृषक एसो. ने पंचायत कर की समस्याओं के समाधान की मांग

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**

**भारतीय कृषक** एसोसिएशन की पंचायत मोहल्ला जवाहरगंज स्थित प्रदेश कार्यालय पर प्रताप सिंह गंगवार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। संचालन प्रांतीय महासचिव मुन्नालाल सक्सेना ने किया। किसानों की मांगे है कि डॉक्टरों को भगवान का दूसरा रुप समझा जाता है, लेकिन चिकित्सक चेंबर से बाहर नहीं निकलते और मरीजों की जांच नहीं करते। प्राईवेट चिकित्सकों की डिस्पेंसरी की जांच कर कार्यवाही की मांग की। वहीं फर्जी अस्पतालों को चिन्हित करने की मांग की। कस्बा में तंबाकू उद्योगपति आम जनमानस की मौत के सौदागर बने हैं। गोदामों में तम्बाकू की छनाई से कायमगंज की हवा जहरीली हो गई है। जांच कर तत्काल ऐसे गोदाम मालिकों पर कार्यवाही की मांग की। तहसील कायमगंज के अंतर्गत गंगा नदी के किनारे वन विभाग द्वारा किसानों की जमीन पर अवैध कब्जा तहसील के लेखपालों की मिली भगत से कराया जा रहा है। किसानों की जमीन पर वन विभाग को वृक्षारोपण करने से रोका जाये। बढ़ती हुई दालों की महंगाई रोकी जाए। थोक व्यापारीयों द्वारा दालों की जमाखोरी, कालाबाजारी की जा रही है। उन पर कार्यवाही की मांग की। शमसाबाद फीडर से सुबह से शाम छह बजे तक किसानों को सिंचाई के लिए बिजली दी जाए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सरकारी आवासों से अवैध कब्जा हटवाया जाये। नवीन तैनाती वाले डाक्टरों को आवास सुलभ कराया जाये। बिजली का 13 किलोवाट का कनेक्शन है उसको बढ़ाकर 20 किलोवाट की क्षमता की जाये। किसानों ने निर्णय लिया कि इन मांगों पर कार्यवाही होती है तो 4 जून के बाद किसी भी समय धरना प्रदर्शन करेगी। इस मौके पर सचिव प्रताप सिंह गंगवार, अमरीश शुक्ला, मुन्नालाल सक्सेना, रागिब हुसैन खां, विनीत कुमार, रामवीर सिंह, महिपाल सिंह राजपूत, जसवंत सिंह, विजय शाक्य, श्योराज शाक्य, अनुज, कुलवंत, रक्षपाल आदि उपस्थित रहे।


पंचायत में मौजूद किसान नेता — समृद्धि न्यूज

## ईवीएम की रखवाली के नाम पर सपा कर रही है नौटंकी: सांसद


वार्ता करते सांसद मुकेश राजपूत मौजूद भाजपा नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**सांसद मुकेश** राजपूत ने अपने निवास पर पत्रकार वार्ता कर विपक्ष को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र मोदी के नेतृत्व में सुरक्षित है। कांग्रेस व विरोधी लोग इसका गलत प्रचार-प्रसार कर रहे है। संविधान नहीं बदला जायेगा। कांग्रेस के जमाने पर मजार पर चादर चढ़ाते थे और राम मंदिर बनने पर वही लोग एक फूल तक चढ़ाने तक नहीं गये। सपा सरकार में अल्पसंख्यकों को केवल फायदा दिया जाता था। कब्रिस्तान की बाउंड्री करायी जाती थी। मंदिर की कभी बाउंड्री नहीं करायी गई। सपा ने हमेशा तुष्टीकरण की राजनीति की है। लोकतंत्र को बचाने वाले पहले अपने गिरेवान में झांककर देखे। उत्तर प्रदेश में 75 सीटे बीजेपी जीतने जा रही है। ईवीएम की रखवाली करने वाले सपा नेता केवल नौटंकी कर रहे है। हमें चुनाव आयोग व जिला प्रशासन पर भरोसा है। सभी काम प्रशासन निष्पक्ष कर रहा है। 4 तारीख को प्रचंड जीत के साथ भाजपा 400 सीटे जीतने वाली है।

# अचूक निशानेबाजों ने निशाना साध जीते पदक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**अभिमन्यु स्पोर्ट्स** शूटिंग अकेडमी फतेहगढ़ द्वारा 25 मई से 30 मई तक आयोजित 4वीं डिस्ट्रिक्ट शूटिंग चैंपियनशिप में मंडल और प्रदेश के कई हिस्सों से निशानेबाजों ने प्रतिभाग किया। अकादमी के प्रबंधक अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज अनिल कुमार पाल ने पांच दिवसीय शूटिंग चैंपियनशिप में सभी खिलाड़ियों का हौसला अफजाई के साथ सम्मान किया। चैम्पियनशिप में कई इवेंट्स का आयोजन हुआ। जिसमें 10मी एयर राइफल पीप साइट आईएसएसएफ युवा महिला-अक्षरा सिंह ने 400 के स्कोर में 348 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। वहीं रितु ने 400 में 345 के स्कोर में रजत पदक जीता। 10 मी एयर राइफल पीप साइट एनआर पुरुष में जितेंद्र कुमार ने स्वर्ण पदक, रवि रतन ने रजत, मोहित राणा ने कांस्य पदक जीता। 10 मी एयर राइफल पीप साइट जे0आर0 पुरुष में नितिन कुमार 341/400 के स्कोर पर स्वर्ण पदक, धर्मेंद्र ने रजत पदक, उपेंद्र सिंह ने रजत पदक और कन्नौज के अभिषेक पाल ने कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। 10 मी एयर राइफल पीप साइट एनआर युवा पुरुष ईवेंट में रितिक और आयुष माथुर ने स्वर्ण, वंश कटियार ने रजत, कुशाग्र चौहान ने कांस्य पदक जीता। 10 मी एयर राइफल पीप साइट एनआर सब यूथ में निखिल कुमार ने स्वर्ण पदक, गौरव पटेल ने रजत, राहुल कुमार ने कांस्य पदक, विकाश यादव ने स्वर्ण पदक, दीपेंद्र राठौड़ ने रजत, प्रांजुल ने कांस्य पदक जीता। 10 मीटर एयर राइफल पीप साइट सेवा पुरुष राजन पाल उत्तर प्रदेश पुलिस ने 355/400 का स्कोर कर स्वर्ण पदक, राहुल यूपी पुलिस ने रजत पदक पर संतोष जताया। 10 मीटर एयर राइफल आईएसएसएसएफ यूथ महिला में नंदिता सक्सेना ने स्वर्ण पदक जीता, एनआर जूनियर महिला इवेंट की पल्लवी कुमारी ने स्वर्ण पदक पर दमदारी दिखाई। नैंशी यादव, गौरी श्रीवास्तव ने स्वर्ण पदक और रजत पदक जीता। एनआर इंडिविजुएल पुरुष में शक्ति नंदन ने स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। 10 मीटर पिस्टल अनुभवी पुरुष में सुख पाल सिंह ने स्वर्ण पदक, राम महेंद्र सिंह ने रजत पदक जीत एक अनोखा संदेश दिया। मुख्य अतिथि राम महेंद्र रिटायर्ड प्रशासनिक अधिकारी ने 65 की उम्र में अचूक निशाना साध रजत पदक जीता। राहुल तोमर अंतरराष्ट्रीय शूटर के साथ, सुखपाल सिंह आरआई कन्नौज पुलिस ने भी अचूक निशाने के साथ स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इस मौके पर डॉ0 आरपी चतुर्वेदी के साथ सभी खिलाड़ी मौजूद रहे।


प्रतियोगिता में मौजूद विजेता खिलाड़ी — समृद्धि न्यूज

### समस्याओं से संबंधित सभासदों ने ईओ को सौंपा ज्ञापन

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** बिजली, पानी आदि समस्याओं को लेकर सभासदों ने ईओ को ज्ञापन पत्र सौंपकर समाधान कराने की मांग की। वार्ड नंबर 19 की सभासद खुश नवाज तथा वार्ड नंबर 18 सभासद खुशनुमा ने अधिशाषी अधिकारी शमशाबाद को शिकायत पत्र देकर कहा कि सीमा विस्तार के अंतर्गत शामिल किए गए दोनों वार्डो में समस्याओं के अंबार हैं। मुहल्ले में अगर बिजली खराब हो जाए तो ठीक कराए जाने की मांग की जाती है। बिजली जैसी समस्या के निराकरण में 15 दोनों का समय लगता है। इसके अलावा पानी की समस्या बनी रहती है। हैंडपंप खराब होने पर शिकायत करने के बाद एक सप्ताह का समय लग जाता है। सभासदों ने समस्याओं के समाधान की मांग की है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रुखाबाद**

पत्रांकः-198/ न0पा0 परि0का0/2023-24 — दिनांक 25/05/2024

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री जोगेश चन्द्र गुप्ता, नीरज कुमार गुप्ता, मनोज कुमार गुप्ता पुत्र स्व0 जगदीश शरन गुप्ता निवासी मोहल्ला पाठक ने पंजीकृत विरासतन के आधार पर भवन संख्या 432/131 मोहल्ला हलवाईयान कायमगंज पर श्री स्व0 जगदीश शरन पुत्र लक्ष्मी नरायन के स्थान पर/जुज भाग पर अपने नामांकन हेतु आवेदन पत्र दिया है। जिस पर कार्यवाही प्रस्तावित है। उपरोक्त नामान्तरण पर यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 30 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति लिखित रूप से प्रमाणित साक्ष्यों सहित नगर पालिका परिषद कायमगंज के कार्याकल में प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि 1916 की धारा 147 के अर्न्तगत अध्यासी (मात्र करो की वसूली हेतु स्वामित्व से सम्बन्ध नहीं) के रूप में दर्ज किये जाने की कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रु0**

# किसान तकनीकी रूप से आगे बढ़ें : उपराष्ट्रपति

- गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि की हरित क्रांति में अहम भूमिका
- भारत को 2047 में विकसित राष्ट्र बनाने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका किसान की होगी



**एजेंसी, देहरादून।**

उत्तराखंड दौरे पर आए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय पंतनगर का दौरा किया और विश्वविद्यालय के शिक्षकों के साथ संवाद किया। राष्ट्र की अर्थव्यवस्था में कृषि और किसानों के महत्व को रेखांकित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत को 2047 में विकसित राष्ट्र बनाने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका किसान की होगी।

उपराष्ट्रपति ने किसानों को कृषि उत्पादों के व्यवसाय और उनसे जुड़े उद्योगों में भागीदार बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि किसानों को कृषि उत्पादों की मार्केटिंग और उनके मूल्य संवर्धन में शामिल होना चाहिए। उपराष्ट्रपति ने विश्वविद्यालय के शिक्षकों को किसानों में उच्च मूल्यवाली उपज और नई तकनीकों के उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया।

उपराष्ट्रपति ने विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों की ओर से निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। विश्वविद्यालय की प्रारंभ से वर्तमान तक की यात्रा को दर्शाते 'पंतनगर संग्रहालय' का भी निरीक्षण किया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ संग विश्वविद्यालय परिसर में सफेद चंदन का पौधा लगाया।

गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय देश का प्रथम कृषि विश्वविद्यालय है जिसकी स्थापना वर्ष 1960 में हुई थी। हरित क्रांति में इस विश्वविद्यालय ने अहम भूमिका निभाई है। इस दौरान उत्तराखंड के राज्यपाल ले. जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह, विश्वविद्यालय के शिक्षक, विभिन्न विभागों के डीन, निदेशक एवं अन्य संकाय सदस्य थे।

### कैंची धाम पहुंचे उपराष्ट्रपति, बाबा नीब करौरी महाराज के किए दर्शन



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ पत्नि डॉ. सुदेश धनखड़ के साथ गुरुवार को उत्तराखंड के नैनीताल जिले में स्थित कैंची धाम पहुंचे। उपराष्ट्रपति ने यहां पत्नि संग नीब करौरी महाराज के दर्शन किए और आश्रमवासियों के साथ समय व्यतीत किया। दर्शन के उपरांत उपराष्ट्रपति ने कहा कि इस पवित्र जगह पर आकर मन में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना में बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि इस जगह आकर उन्हें धार्मिकता, उदात्तता और आध्यात्मिकता के संगम का आभास हुआ है। ये वो जगह है जहां ऐसे महापुरुष हुए हैं जिनके द्वारा निर्धारित उच्चतम सिद्धांत सभी के लिए अनुकरणीय हैं। उपराष्ट्रपति ने भारत की उत्कृष्ट सांस्कृतिक विरासत की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि भारत की 5000 वर्ष की सांस्कृतिक विरासत दुनिया में बेमिसाल है और वैश्विक समस्याओं के समाधान में भारतीय संस्कृति एक महत्वपूर्ण स्थान रखती है। इससे पूर्व हल्द्वानी आगमन पर उत्तराखंड के राज्यपाल ले. जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह एवं कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने उप राष्ट्रपति का स्वागत किया।

# पश्चिमोत्तर राज्यों और दिल्ली में 2-3 दिनों में गर्मी से राहत की उम्मीद



- मौसम विभाग ने कुछ राहत की उम्मीद जताते हुए जल्द ही बूंदाबांदी के साथ आंधी आने की संभावना व्यक्त की

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

दिल्ली सहित कई स्थानों पर तापमान 50 डिग्री सेल्सियस के पार होने के बीच मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ के कारण पश्चिमोत्तर भारत और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में कुछ राहत की उम्मीद जताते हुए जल्द ही बूंदाबांदी के साथ आंधी आने की संभावना व्यक्त की है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने एक बयान में कहा कि आने वाले पश्चिमी विक्षोभ, बारिश या तूफान और अरब सागर से उत्तर-पश्चिम भारत की ओर बहने वाली दक्षिण-पश्चिमी हवा के कारण तापमान में मध्यम गिरावट के कारण अगले 2-3 दिनों के दौरान भीषण गर्मी की स्थिति कम हो जाएगी। पिछले कुछ दिनों में पूरे उत्तर-पश्चिम भारत को लू ने अपनी चपेट में ले लिया है, जहां अधिकतम तापमान राजस्थान के चुरू में 50 डिग्री सेल्सियस से अधिक तक पहुंच गया है। मौसम एजेंसी ने हालांकि कहा कि शुष्क मौसम के साथ भीषण गर्मी की स्थिति एक जून तक देश के कई हिस्सों में जारी रहेगी तथा अगले दो-तीन दिनों में उत्तर पश्चिम और मध्य भारत में मौजूदा स्थितियां धीरे-धीरे कम हो जाएंगी। आईएमडी ने कहा कि गुरुवार के लिए लू चेतावनी को 'रेड अलर्ट' से 'ऑरेंज अलर्ट' में बदल दिया। अनुमान है कि तापमान में 2 डिग्री से से 3 डिग्री सेल्सियस की कमी आएगी।

क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र, नई दिल्ली ने गुरुवार के लिए अपने पूर्वानुमान में कहा कि आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। कुछ स्थानों पर लू की स्थिति बनी रहेगी। बहुत हल्की बारिश/बूंदाबांदी के साथ तेज हवाओं (गति 25-35 किमी प्रति घंटे) के साथ आंधी/धूल भरी आंधी की संभावना है।

मुंगेशपुर मौसम केंद्र में बुधवार को पारा 52.9 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ गया। इस पर मौसम विभाग ने कहा कि यह दोषपूर्ण सेंसर का परिणाम हो सकता है।

मौसम विभाग ने एक बयान में कहा कि दिल्ली एनसीआर में अधिकतम तापमान शहर के विभिन्न हिस्सों में 45.2 डिग्री से 49.1 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। मुंगेशपुर में अन्य स्टेशनों की तुलना में 52.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह सेंसर में त्रुटि या स्थानीय कारक के कारण हो सकता है। इस मामले में आईएमडी डेटा और सेंसर की जांच कर रहा है।

भू विज्ञान मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि दिल्ली में 52 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान बहुत ही असंभव है। दिल्ली के प्राथमिक मौसम केंद्र, सफदरजंग वेधशाला ने बुधवार को अधिकतम तापमान 46.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया, जो 79 वर्षों में सबसे अधिक है। दूसरी ओर मौसम विभाग ने कहा कि गुरुवार को बिहार, झारखंड और ओडिशा के अलग-अलग हिस्सों में लू से लेकर गंभीर लू की स्थिति होने की संभावना है। यह भी कहा गया है कि 30 और 31 मई को कोंकण और गोवा के अलग-अलग हिस्सों में गर्म और आर्द्र मौसम रहने की संभावना है।

# रेटिंग एजेंसी द्वारा भारतीय अर्थव्यवस्था को स्थिर अर्थव्यवस्था घोषित करना उपलब्धि : भाजपा

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



भाजपा ने अंतर्राष्ट्रीय रेटिंग एजेंसी एस एंड पी द्वारा भारतीय अर्थव्यवस्था को स्थिर अर्थव्यवस्था से सकारात्मक अर्थव्यवस्था घोषित करने को देश की एक बड़ी उपलब्धि करार देते हुए आज कहा कि 10 साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुविचारित सुधारों की वजह से यह मुकाम हासिल हुआ है।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद जफर इस्लाम ने यहाँ पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में अंतर्राष्ट्रीय रेटिंग एजेंसी एस एंड पी द्वारा भारतीय अर्थव्यवस्था को स्थिर अर्थव्यवस्था से सकारात्मक अर्थव्यवस्था घोषित करने का उल्लेख करते हुए कहा कि विपक्षी दलों की आंखों पर पट्टी बंधी हुई है लेकिन वैश्विक एजेंसियों को भारत की तेजी से उभरती हुई अर्थव्यवस्था स्पष्ट दिखाई दे रही है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए नीतियों में किए गए सुधारों की वजह से देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है। भाजपा 2014-2019 एवं 2019-2024 चुनाव में अपना रिपोर्ट कार्ड लेकर जनता के बीच गई है। 10 वर्षों के कार्यकाल में भाजपा ने देश को आत्मनिर्भर बनाने और देशवासियों के उत्थान हेतु जो कार्य किये हैं, उसका लेख-जोखा जनता के बीच प्रस्तुत किया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने 10 वर्षों में देश को जिस मजबूती से चलाया है उसे जनता के समक्ष रखा है। देश की जनता भी जानती है कि श्री मोदी ने 10 वर्षों में देश के 140 करोड़ लोगों को अपना परिवार के देश के उन्नति के लिए काम किया है।

# चुनाव प्रचार के दौरान मोदी ने घटाई पीएम पद की गरिमा : खड़गे

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे चुनाव प्रचार के दौरान खुद को महिमा मंडित किया, बेरोजगारी एवं महंगाई जैसे जनता के मुद्दों को दरकिनार किया, आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन किया और प्रधानमंत्री पद की गरिमा को हटाया।

श्री खड़गे ने आज यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि श्री मोदी ने चुनाव प्रचार के दौरान जनता के मुद्दों को पीछे धकेला और सिर्फ विपक्ष पर निशाना साधकर खुद को महिमा मंडित करने का काम किया है। इस चुनाव में श्री मोदी ने पूरी तरह से जनता को गुमराह करने का काम किया है और बेरोजगारी, महंगाई तथा दूसरे जनहित के मुद्दों को नजरअंदाज किया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का यह कहना आश्चर्य की बात है कि उन्हें



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बारे में ज्यादा जनकारी रिचर्ड एटनबरो की फ़िल्म से मिली है। श्री खड़गे ने कहा कि श्री मोहनदास करमचंद गांधी को पूरी दुनिया अहिंसा के पुजारी के रूप में जानती हैं और कई देशों में उनकी प्रतिमाएं है लेकिन श्री मोदी कहते हैं कि उन्हें राष्ट्रपिता के बारे में जानकारी इस फ़िल्म से मिली है तो यह बहुत आश्चर्यजनक है और इससे यह भी साफ होता है कि उन्हें संविधान की कोई जानकारी नहीं है।

महात्मा गांधी ने कभी नफरत की राजनीति नहीं की और किसी वर्ग के प्रति उन्हें कभी कोई नफरत नहीं रही लेकिन श्री मोदी जो राजनीति करते हैं उसमें नफरत रहती ही है। विवेकानंद स्मारक जाने या इस तरह के काम से जानकारी नहीं मिलती है, इसके लिए पढ़ना लिखना भी पड़ता है इसलिए श्री मोदी को राष्ट्रपिता की जीवनी जरूर पढ़नी चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि आज शाम चुनाव प्रचार समाप्त हो जाएगा। कांग्रेस हमेशा जनता के मुद्दों पर सोचती है और उनके समाधान के लिए काम भी करती है। श्री मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली सरकार में कांग्रेस गरीबों के लिए कई योजनाएं लाई और उन्हें क्रियान्वित भी किया। किसानों की समस्या, महंगाई और जनता से जुड़े दूसरे मुद्दों को जनता के बीच में चुनाव के दौरान उठाया और जनता ने उनका खुलकर समर्थन भी किया है। इसके लिए कांग्रेस के नेताओं, कार्यकर्ताओं और इंडिया समूह के नेताओं ने जिस तरह से मुद्दों को उठाया है इसलिए उन्हें बधाई।

### चुनाव के दौरान पीएम मोदी ने महंगाई तथा बेरोजगारी और जनता से जुड़े मुद्दे नहीं उठाए

श्री खड़गे कहा कि श्री मोदी ने पिछली 15 दिन के दौरान कांग्रेस तथा अन्य विपक्षी दलों को बेहिसाब गालियां दी है। इस 25 दिनों के भाषण में उन्होंने 232 बार कांग्रेस का नाम लिया और खुद 700 से ज्यादा बार मोदी शब्द का इस्तेमाल किया, 421 बार मंदिर मस्जिद के बारे में बात की, 224 बार मुस्लिम और पाकिस्तान के बारे में बात की, 573 बार इंडिया समूह और विपक्षी दलों के बारे में बातें की लेकिन महंगाई तथा बेरोजगारी और जनता से जुड़े मुद्दे नहीं उठाए। चुनाव से पहले कांग्रेस के खाते बंद कर दिए। जो पैसा पार्टी को चंदा से मिला था उस अकाउंट को बंद कर दिया ताकि कांग्रेस लोकसभा चुनाव में इस पैसे का इस्तेमाल न कर सके। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि मोदी सरकार ने संसद में भी मनमानी की है और विपक्षी दलों को बोलने नहीं दिया है। कांग्रेस के सांसदों को निलंबित किया है, बिना बहस के विधेयक पारित करवाए और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को पूरी तरह से ध्वस्त करके तानाशाही का परिचय दिया है।

# ट्रूकॉलर के एक्टिव यूजर्स की संख्या 400 मिलियन के पार पहुंची

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**




पूरी दुनिया में अनजान नंबरों से आने वाले कॉल को वेरीफाई करने और अनचाहे संचार को रोकने के लिए सबसे बड़े प्लेटफॉर्म, ट्रूकॉलर ने आज बड़े गर्व के साथ अपने मासिक उपयोगकर्ताओं की संख्या के 400 मिलियन तक पहुँचने की घोषणा की है, जो एक बड़ी उपलब्धि है। दुनिया के अलग-अलग भौगोलिक क्षेत्रों में ट्रूकॉलर का दायरा बड़ी तेज़ी से बढ़ रहा है और इस साल 31 मार्च से अब तक इसके यूजर्स की संख्या में 10.1 मिलियन की बढ़ोतरी हुई है।

इसके बारे में बात करते हुए ट्रूकॉलर के सह-संस्थापक एवं सीईओ, एलन ममेदी, कहते हैं, ÷हमारे मासिक एक्टिव यूजर्स की संख्या 400 मिलियन तक पहुँच गई है और यकीनन यह हमारे लिए बड़े गौरव की बात है। लेकिन हम इस बात को भी अच्छी तरह समझते हैं कि, ट्रूकॉलर जैसे समाधान अब पहले से कहीं ज़्यादा आवश्यक हो गए हैं। बदकिस्मती से आम लोगों के साथ-साथ व्यवसायों के लिए भी अनचाहे संचार, स्पैम और धोखाधड़ी की समस्या बढ़ रही है। नई-नई टेक्नोलॉजी के साथ-साथ धोखेबाज़ों के लिए लोगों को झांसा देकर पैसे कमाने के बढ़ते अवसर की वजह से यह समस्या और गंभीर होती जा रही है। इसलिए हमने अपने ऐप को लगातार विकसित करना और नए फंक्शंस को शामिल करना जारी रखा है, ताकि हम अपने यूजर्स को फ़ोन कॉल या स्स्स् से पहले, उसके दौरान और उसके बाद सुरक्षा प्रदान कर सकें।

साल 2024 की पहली तिमाही के आंकड़ों के अनुसार, ट्रूकॉलर उनके मासिक एक्टिव यूजर्स की संख्या औसतन 383.4 मिलियन दर्ज की गई थी, जबकि तिमाही के अंत में मासिक एक्टिव यूजर्स की संख्या 389.9 मिलियन हो गई थी।

ट्रूकॉलर अपनी अंतरिम रिपोर्टों के अनुसार, तिमाही आधार पर मासिक और दैनिक उपयोगकर्ताओं की औसत संख्या के बारे में जानकारी देना जारी रखेगा।

# ओडिशा : आतिशबाजी हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर तीन हुई

**भुवनेश्वर, एजेंसी।**

ओडिशा के पुरी शहर में 21 दिवसीय चंदन यात्रा के समापन दिवस पर बुधवार को आतिशबाजी हादसे में घायल एक व्यक्ति की कटक के अस्पताल में मौत के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर तीन हो गयी है।



तीर्थ नगरी पुरी में नरेंद्र टैंक के पास कल रात एक पटाखा विस्फोट में लगभग 30 लोग गंभीर रूप से झुलस गए। घायलों में ज्यादातर बच्चे शामिल थे। सभी घायलों को पहले पुरी जिला मुख्यालय अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन बाद में उन्हें भुवनेश्वर और कटक में स्थानांतरित कर दिया गया क्योंकि पुरी अस्पताल में इलाज की सुविधा नहीं थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, 21 दिवसीय चंदन यात्रा के समापन दिवस के अवसर पर आतिशबाजी का प्रदर्शन किया जा रहा था, तभी एक पटाखा दिशा चूक गया और पटाखों के ढेर पर जा गिरा, जिससे क्षेत्र में भीषण विस्फोट हुआ। यात्रा के सामापन दिवस के मौके पर सैकड़ों भक्त उत्सव और अग्नि प्रदर्शन को देखने के लिए एकत्र हुए थे। सूत्रों ने कहा कि अधिकांश घायल व्यक्तियों को भुवनेश्वर के एक निजी अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया जहां दो ने दम तोड़ दिया। अन्य को एससीबी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया जहां एक और घायल की इलाज के दौरान मौत हो गयी। इस बीच मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने घटना पर गहरी चिंता व्यक्त की है तथा मुख्य सचिव और पुरी जिला कलेक्टर को घायल व्यक्तियों को उचित इलाज प्रदान करने का निर्देश दिया है। श्री पटनायक ने घोषणा की कि घायल व्यक्तियों के इलाज का खर्च मुख्यमंत्री राहत कोष (सीएमआरएफ) द्वारा वहन किया जाएगा। उन्होंने घायल व्यक्तियों के शीघ्र स्वास्थ्य होने की भी कामना की। पुरी जिला प्रशासन ने गुरुवार सुबह नरेंद्र टैंक में तलाशी अभियान शुरू किया है, क्योंकि प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि पटाखा विस्फोट में घायल होने के बाद कई लोग टैंक में कूद गए थे।

## दुष्कर्म के मामले पर झारखंड पुलिस को नोटिस

National Commission for Women, India — राष्ट्रीय महिला आयोग | सेवा ही लक्ष्य — झारखंड पुलिस

**एजेंसी, नई दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग ने झारखंड में एक महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले में राज्य पुलिस को नोटिस जारी किया है और तीन दिन के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट सौंपने को कहा है। महिला आयोग ने बृहस्पतिवार को यहां बताया कि आयोग इस घटना की कड़ी निंदा करता है। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने झारखंड में एक महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले में संज्ञान लिया है और राज्य के पुलिस महानिदेशक को इस पर तेजी से कार्रवाई और निष्पक्ष जांच करने को कहा है।

आयोग ने पीड़िता को निशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं और कहा कि पीड़िता को आपराधिक दंड संहिता की धारा 357 ए के अनुरुप अनुग्रह राशि भी दी जानी चाहिए। श्रीमती शर्मा ने राज्य पुलिस को तीन दिन के भीतर इस मामले में विस्तृत और कार्रवाई रिपोर्ट सौंपने का कहा है।

# हरियाणा सरकार के पानी नहीं छोड़ने के कारण दिल्ली में बढ़ा जल संकट : आतिशी

- यमुना का जल स्तर सामान्य से 3.5 फीट से अधिक नीचे आया
- कई इलाकों में पानी को लेकर त्राही-त्राही मची हुई है

**एजेंसी, एजेंसी।**

दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने कहा कि हरियाणा दिल्ली के हिस्से का पूरा पानी नहीं दे रहा है जिसके चलते यमुना का जल स्तर सामान्य से 3.5 फीट से अधिक नीचे आया गया है और इसकी वजह से यहाँ के कई इलाक़ों जल संकट उत्पन्न हो गया है।

जल मंत्री आतिशी ने वजीराबाद का निरीक्षण करने के बाद आज बताया कि हरियाणा दिल्ली के हिस्से का पूरा पानी नहीं दे रहा है। इसके चलते यमुना का जल स्तर सामान्य से 3.5 फीट से अधिक नीचे आया गया है। यमुना का सामान्य जल स्तर 674 फीट से घटकर 670.3 फीट पर आ गया है। इससे कई इलाकों में पानी को लेकर त्राही-त्राही मची हुई है। हरियाणा से यमुना में छोड़े जाने वाला पानी वजीराबाद, चंद्रावल व ओखला



वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट को मिलता है और यहां ट्रीट कर घरों में भेजा जाता है। उन्होंने दिल्ली वालों से अपील है कि अगर आप सावधानी से पानी का इस्तेमाल करते हैं तो हम बाकी हिस्सों को भी सप्लाई कर पाएंगे।

उन्होंने कहा कि हमने हरियाणा सरकार को भी चिट्ठी लिखी है। आज हम केंद्र सरकार से भी संपर्क करेंगे कि दिल्ली को उसके हिस्से का पानी मिलना चाहिए। हरियाणा की इस मनमानी की वजह से देश की राजधानी को पानी के संकट में नहीं डाला जा सकता है।

उन्होंने कहा कि वजीराबाद तालाब का जल स्तर अपने सामान्य स्तर से 3.5 फीट से ज्यादा नीचे आ गया है। आज वजीराबाद में 670.3 फीट पर यमुना का जल स्तर है। पिछले साल 30 मई को वजीराबाद पर जल स्तर 674.5 फीट पर पानी था।

# उत्तर प्रदेश में डिजिटल डॉक्टर क्लीनिक की शुरुआत

- लखनऊ के ग्राम पिपरसंड में शुरू हुयी प्रदेश की पहली डिजिटल डॉक्टर क्लीनिक

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश सरकार के साथ निवेश को लेकर हुये एमओयू के बाद राज्य के ग्रामीणों को बेहतर चिकित्सा परामर्श और जरूरी टेस्ट की सुविधा उपलब्ध कराने के लिये डिजिटल डॉक्टर क्लीनिक परियोजना की शुरूआत आज यहां ग्राम पिपरसंड, सरोजनीनगर में हो गयी। योगी सरकार की पहल पर इस परियोजना के अन्तर्गत शुरू हुयी इस पहली डिजिटल डॉक्टर क्लीनिक का उद्घाटन परियोजना को तैयार कर धरातल पर लाने वाली ओब्डू ग्रुप के सीईओ संजय कुमार ने किया। इस मौके पर ग्रुप के वरिष्ठ सदस्य व श्री कन्छिद सिंह सहित कई प्रमुख लोग मौजूद थे। सीईओ संजय कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश की प्रत्येक ग्रामीणों तक बेहतर चिकित्सा व जरूरी टेस्ट की सुविधा उपलब्ध कराने के लिये राज्य के सभी ग्राम पंचायतों में डिजिटल डॉक्टर क्लीनिक स्थापित की जा रही है। जिसके क्रम में डिजिटल डॉक्टर क्लीनिक की शुरूआत 30 मई से उत्तर प्रदेश की राजधानी के पिपरसंड से की जा रही है। इसके उपरान्त लखनऊ के मॉल के नरायनपुर ग्राम पंचायत में दूसरी क्लीनिक भी खुलने के लिये पूरी तरह तैयार है। इस क्लीनिक के शुरू होने से पिपरसण्ड ग्राम पंचायत क्षेत्र के ग्रामीणों को चिकित्सकों के द्वारा ऑनलाईन परामर्श के साथ सभी प्रकार के फीवर प्रोफाइल जैसे डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, लिवर फंक्शन, शुगर पीलिया आदि जरूरी टेस्ट के साथ अल्ट्रासाउंड की सुविधा उपलब्ध होगी। मौके पर ही तीन से पांच मिनट में टेस्ट रिपोर्ट उपलब्ध होने के आधार पर दवाईयां भी उपलब्ध करायी जायेगी। अवगत करा दे कि उत्तर प्रदेश सरकार ने स्वास्थ्य विभाग का सबसे बड़ा समझौता ज्ञापन ओब्डू ग्रुप के साथ किया था जो कि डिजिटल डॉक्टर क्लीनिक परियोजना के लिए है इस परियोजना में होने वाला निवेश 3350 करोड़ है। पुरा प्रोजेक्ट 10,000 करोड़ का है जिस को प्रथम चरण में 3350 करोड़ के एमओयू के साथ किया जा रहा है। यह परियोजना ग्रामीण तथा सुदूर क्षेत्र के स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त करेगी, जिससे झोला छाप डॉक्टरों की लापरवाही से होने वाली मृत्यु दर को काम किया जा सकेगा। इसके साथ ही डॉक्टरों की लापरवाही से होने वाले मृत्यु दर को अब काम किया जा सकेगा और उन्होंने बताया कि डिजिटल डॉक्टर क्लीनिक न केवल ग्राम पंचायत तक सीमित रहेगी बल्कि ब्लॉक स्तर पर भी 20 से 50 बेड के अस्पताल बनाकर ग्रामीणों को सरकारी योजनाएं जैसे आयुष्मान भारत योजना का लाभ दिया जाएगा डिजिटल डॉक्टर क्लीनिक परियोजना न केवल उत्तर प्रदेश की बल्कि ऐसिया की पहली योजना है जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ब्लॉकचेन जैसी तकनीकी का इस्तेमाल करके ग्रामीण तथा सुदूर क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त किया जा रहा है। क्लीनिक पर मरीजों की केयर करने के लिए अटेंडेंट भी मौजूद रहेंगे।

# युवाओं को तंबाकू व धूम्रपान से बचाने की जरूरत : डॉ. सिंघल

**एजेंसी, जयपुर।**

राजस्थान में तंबाकू एवं धूम्रपान का 13 से 15 साल के किशोर किशोरियों में बढ़ता प्रचलन सभी के लिए चिंता का विषय है। प्रदेश में जितने किशोर स्मोकिंग करते है उनमें से 93.8 प्रतिशत इसका प्रयोग स्कूलों में करते है, यह जानकारी ग्लोबल यूथ टोबैको सर्वे (जीवाईटीएस 2019) में सामने आई है।

विश्व तंबाकू निषेध दिवस 31 मई 2024 के दिन हम सभी को इस पर गंभीर चिंतन करने की आवश्यकता है। सवाई मानसिंह चिकित्सालय के ईएनटी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.पवन सिंघल बताते हैं कि इस बार विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर तंबाकू उद्योग की दखल से बच्चों की रक्षा करना है। हमारी आने वाली भावी पीढ़ियों की रक्षा को सुनिश्चित करना और तंबाकू के उपभोग को कम करना ही हमारी प्राथमिकता हो। तंबाकू उधोगों की ओर से मार्केटिंग के हर दिन नए तरीकों से जोकि युवाओं को अपनी और आकर्षित करते है,को करना भी इसमें शामिल है। डॉ. सिंघल ने बताया कि ग्लोबल यूथ टोबैको सर्वे (जीवाईटीएस 2019) के अनुसार तंबाकू उधोग अपने उत्पादों के प्रचार के नायाब तरीकों से युवा किशोर-किशोरियों को अपनी और आकर्षित करते है। जिसका सीधा असर युवा वर्ग पर देखने को मिल रहा है।

## तकनीशियन और फ्रंट लाइन इंजीनियरों के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** डाइकिन जापानी करने के लिए डिज़ाइन किया गया विनिर्माण उत्कृष्टता संस्थान है। जिन छात्रों ने 10वीं / 12वीं (डीजेआईएमई) ने महत्वाकांक्षी कक्षा या आईटीआई पूरी की है फील्ड तकनीशियनों और अग्रिम या उसमें दाखिला लिया है, वे पंक्ति के इंजीनियरों के अनुरूप अपने फील्ड तकनीशियन पाठ्यक्रम में कार्यक्रमों की शुरुआत की घोषणा प्रवेश के लिए पात्र है। फ्रंट लाइन की है। राजस्थान के नीमराना के इंजीनियर पाठ्यक्रम के लिए, औदयोगिक केंद्र में स्थित, मैकेनिकल / इलेक्ट्रिकल / डीजेआईएमई व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करता है जो व्यक्तियों को सेवा के गतिशील क्षेत्र इलेक्ट्रॉनिक्स / मेट्रोलॉजी और सभी संबंधित उप-शाखाओं में डिप्लोमा आवश्यक है। आवेदन करने की अंतिम तिथि क्रमश: 5 जून और में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान से लैस 31 जुलाई है।